✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 42 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 8 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में नवनियुक्त एएनएम को मिला नियुक्ति पत्र

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार को दी ट्रेनों और विकास परियोजनाओं की सौगात

## नई अमृत भारत ट्रेनों से सुगम होगा बिहारवासियों का सफर, नई परियोजनाओं को भी जल्द मिलेगी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहारवासियों को बेहतर रेल सुविधाएं देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राज्य को एक साथ कई नई ट्रेनों और बड़ी रेल परियोजनाओं की सौगात दी जा रही है, जिससे न केवल यात्रियों को सुविधा होगी बल्कि प्रदेश के विकास को भी नई रफ्तार मिलेगी। रेल मंत्री ने बताया कि बिहार को चार अमृत भारत ट्रेनें मिलने जा रही हैं। इनमें पटना और नई दिल्ली के बीच प्रतिदिन चलने वाली अमृत भारत ट्रेन, दरभंगा-लखनऊ तथा मालदा टाउन-लखनऊ के बीच साप्ताहिक अमृत भारत ट्रेनें, और



सहरसा-अमृतसर अमृत भारत ट्रेन शामिल हैं। इसके साथ ही सीमांचल से दक्षिण भारत को सीधे जोड़ते हुए एक नई ट्रेन जोगबनी से इरोड के बीच शुरू की जाएगी, जो बिहार और दक्षिण भारत के बीच संपर्क को और सुदृढ़ बनाएगी। रेल मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि बिहार में कुछ नई परियोजनाओं को जल्द ही मंजूरी दी जाएगी जिनमें 1156 करोड़ की लागत से भागलपुर-जमालपुर (53 किमी) तीसरी लाइन परियोजना, 2017 करोड़ की (शेष पृष्ठ 10 पर)

# रेल मंत्री ने कई स्टेशनों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सोमवार को पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। वहां मौजूद मीडियाकर्मियों ने जब रेल मंत्री से पूछा कि बिहार में विकास हो रहा है तो उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट देख कर ही पता लग रहा है। अपने दौरे के क्रम में अश्विनी वैष्णव ने बिहार के कई रेलवे स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया। यह दौरा पटना से शुरू होकर हाजीपुर,



मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों तक हुआ। इस दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। पूर्व मध्य रेल के जनरल मैनेजर, सोनपुर मंडल के डीआरएम और दरभंगा सांसद गोपाल जी ठाकुर भी निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री के साथ मौजूद थे। रेल मंत्री ने लगभग 10 बजे हाजीपुर जंक्शन का दौरा किया और उसके बाद दीघा घाट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए कर्पूरीग्राम स्टेशन की ओर रवाना हुए। दीघा घाट स्टेशन पर अधिकारियों ने लकड़ी की सीढ़ी से ट्रेन में चढ़ने की व्यवस्था की थी, लेकिन रेल मंत्री ने इसे अस्वीकार कर दिया और आम यात्रियों की (शेष पृष्ठ 10 पर)

## मुख्यमंत्री ने 7468 एएनएम को दिया नियुक्ति पत्र

# अब और बेहतर होगी बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 7468 नवनियुक्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (एएनएम) में से कुछ को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद कक्ष में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी के अलावा कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने मोना कुमारी, नीलू कुमारी, अमृता कुमारी, प्रिया सिन्हा एवं रीमा कुमारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य में एएनएम की कमी महसूस की जा रही थी। अब बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था और बेहतर होगी। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त एएनएम को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि मेरा विश्वास है कि सभी नवनियुक्त कर्मी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने



कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य 12 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी देने का है और इसी कड़ी में स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक बहाली की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्त एएनएम से राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्रियों और स्वास्थ्य मंत्री ने भी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत (शेष पृष्ठ 10 पर)

# अंधविश्वास के कारण पांच लोगों की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया।** जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत राजीगंज पंचायत के टेटगामा वार्ड-10 में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। डायन का आरोप लगाकर गांव के एक ही परिवार के पांच लोगों की पीट-पीटकर और जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। मरने वालों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है और पुलिस महकमा अलर्ट पर है। जानकारी के अनुसार गांव के कुछ लोगों को सीता देवी (48 वर्ष) पर डायन होने का शक था। रविवार रात गांव के मुखिया (मर्रर) नकुल उरांव की अगुवाई में करीब 200 ग्रामीणों की



एक पंचायत बुलाई गई जिसमें डायन बताकर सीता देवी, उनके पति बाबूलाल उरांव (50), सास कातो देवी (65), बेटे मंजीत उरांव (25) और बहू रानी देवी (23) को बुलाकर तालिबानी फरमान सुनाया गया। इसके बाद सभी को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया, फिर पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया गया। घटना को अंजाम मृतक के पुत्र सोनू कुमार के सामने ही दिया गया। किसी तरह जान बचाकर सोनू वहां से भाग निकला और पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाना के साथ-साथ आसपास के तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसपी स्वीटी सहरावत, एएसपी आलोक रंजन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। मुफस्सिल थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि अब तक दो शव बरामद किए गए हैं, बाकी तीन की तलाश की जा रही है। घटना में शामिल गांव के मर्रर नकुल उरांव और ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस लगातार तलाशी अभियान चला रही है ताकि शेष शवों को भी बरामद कर आरोपितों को कड़ी सजा दिलाई जा सके।

## ग्रामीण बैंक से दस लाख की लूट

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जले के गायघाट थाना क्षेत्र के बेरुआ गांव ग्रामीण बैंक से 10 लाख की लूटपाट हुई है। बाइक सवार तीन अपराधियों ने हथियार के बल पर इस वारदात को अंजाम दिया है। ग्रामीण बैंक कर्मियों को बंधक बनाकर अपराधियों ने मारपीट भी की। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। घटना की सूचना के बाद एसएसपी सुशील कुमार और ग्रामीण एसपी राजेश कुमार प्रभाकर ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर अपराधियों की पहचान कर ली है। लुटेरों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की विशेष टीम लगातार छापेमारी में जुट गई है।

# नालंदा में लड़का-लड़की के सिर में मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के डुमरावां गांव में डबल मर्डर की वारदात को अंजाम दिया गया है। बच्चों के विवाद में एक लड़का और लड़की के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस मामले में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। मृतकों की पहचान ओमप्रकाश पासवान की बेटी अन्नू कुमारी (19) और संतोष पासवान के बेटे हिमांशु कुमार (16) के रूप में हुई है। बच्चों के बीच में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिसमें बड़े भी शामिल हो गए और कहासुनी के बाद गोलियां चलने लगीं। गोली लगने के बाद इलाज के लिए मॉडल अस्पताल बिहार शरीफ ले जाया गया था जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि दीपनगर पुलिस को रविवार शाम सूचना मिली थी। डुमरावां गांव में मारपीट और गोलीबारी हुई है। दो बच्चों की हत्या हुई है। इस घटना में शामिल कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गांव में फिलहाल विधि व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। पुलिस कैंप कर रही है।

## पंचायत रोजगार सेवक की गला रेतकर हत्या

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के राम राजी रोड में घर में घुसकर अपराधियों ने गला रेतकर पंचायत रोजगार सेवक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान मुमताज अहमद के तौर पर हुई है, जो मूल रूप से वैशाली के रहने वाले थे। मुमताज को 12 बार चाकू मारा गया है। मामले की सूचना मिलते ही सिटी एसपी कोटा किरण मौके पर पहुंचे। परिजनों के मुताबिक, लाखों रुपए की लूट की बात सामने आ रही है।

# हाई स्कूलों में 7550 लिपिकों व 6421 परिचारियों की होगी नियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में लिपिकों और परिचारियों के 13 हजार 971 पदों पर नियुक्ति होगी। इसमें लिपिकों के 7550 और परिचारियों के 6421 पद हैं। सबसे पहले इन पदों पर सेवाकाल में मृत शिक्षकों एवं कर्मियों के आश्रितों की अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति होगी। इसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए प्रत्येक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में 16 जुलाई तक आवेदन जमा होंगे। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक दिनेश कुमार के हस्ताक्षर से सोमवार को शेड्यूल जारी किया गया। इसके मुताबिक अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति में आरक्षण का प्रविधान लागू नहीं होगा। मृत्यु तिथि के अनुसार अवरोही क्रम में मेधा सूची की तैयारी 17 से 21 जुलाई तक होगी। औपबंधिक मेधा सूची 22 जुलाई को जारी होगी। औपबंधिक मेधा सूची पर 23 से 25 जुलाई तक आपत्ति ली जाएगी। आपत्तियों का निराकरण 26 से 28 जुलाई तक होगा। मेधा सूची का अंतिम प्रकाशन 29 जुलाई को होगा। मेधा सूची के अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों का मिलान-जांच की तिथि 30 एवं 31 जुलाई तक तय हुई है। एक अगस्त को अनुकंपा समिति की बैठक होगी। उसमें अनुकंपाधारियों के आवेदनों पर विचार होगा। चार अगस्त को अनुकंपा समिति द्वारा नियुक्ति की अनुशंसा की जाएगी। छह अगस्त को नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे। सीधी नियुक्ति में स्वीकृत पद के सापेक्ष आरक्षण समाशोधन कराने के उपरांत विस्तृत दिशा-निर्देश जारी होगा। निदेशक ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि शेड्यूल के तहत नियुक्ति की प्रक्रिया अविलंब पूरा करें। बता दें कि विद्यालय लिपिकों के 50 प्रतिशत पदों पर अनुकंपाधारियों की नियुक्ति होनी है और 15 प्रतिशत पद विद्यालय परिचारियों की प्रोन्नति से भरे जाने हैं। लिपिकों के अवशेष पदों पर कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से सीधी नियुक्ति होनी है। इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश अलग से जारी होगा।

## बिप्रसे के नौ अधिकारियों को दी नई जिम्मेवारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार प्रशासनिक सेवा के नौ अधिकारियों को नई जिम्मेवारी दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को इस आशय की अधिसूचना जारी की। सारण में बंदोबस्त पदाधिकारी के रूप में तैनात चित्रगुप्त कुमार को विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, पटना, मुजफ्फरपुर के निदेशक राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम संजय कुमार को अपर समाहर्ता विभागीय जांच, मुजफ्फरपुर, वरीय उप समाहर्ता, गोपालगंज, शिवम गुप्ता को भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है। बेतिया सदर, पदस्थापना की प्रतीक्षा में चल रहे ओम प्रकाश को जिला भू (शेष पृष्ठ 10 पर)



# अश्विनी वैष्णव ने कर्पूरीग्राम स्टेशन के उन्नयन एवं सब-वे के निर्माण का किया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज बिहार के दौरे पर पटना पहुंचे। इस दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सर्वप्रथम दीघा ब्रिज हाल्ट का निरीक्षण किया। तत्पश्चात रेल मंत्री ने दीघा ब्रिज हाल्ट से कर्पूरीग्राम के बीच विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। आज के रेल मंत्री के बिहार के दौरे के दौरान केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर, समस्तीपुर की सांसद श्रीमती शांभवी, बिहार विधान परिषद के विधायक डॉक्टर तरूण कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कर्पूरीग्राम स्टेशन पर



रेल मंत्री द्वारा कर्पूरीग्राम स्टेशन के उन्नयन एवं कर्पूरीग्राम स्टेशन के पश्चिमी छोर पर सब-वे के निर्माण का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास के उपरांत रेल मंत्री कर्पूरीग्राम स्टेशन पर प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि कर्पूरीग्राम स्टेशन का 3.30 करोड़ रुपये की लागत से उन्नयन कार्य किया जाएगा जिसके तहत स्टेशन का रिमॉडलिंग एवं स्टेशन पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही कर्पूरीग्राम स्टेशन पर 18 फीट चौड़ा एफओबी का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही स्टेशन के पश्चिमी छोर पर 14 करोड़ रुपये की लागत से एक सब-वे का निर्माण कराया जाएगा। यह सब-वे न केवल रेल परिचालन को अधिक सुगम और संरक्षित बनाएगा बल्कि रेलवे लाइन के दोनों ओर स्थित गांवों और बस्तियों को जोड़ते हुए सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी एक नई गति प्रदान करेगा । इसके उपरांत रेल मंत्री कर्पूरीग्राम से विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए समस्तीपुर स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा यात्रियों से बातचीत कर उनसे फीडबैक लिए। इसके बाद उन्होंने समस्तीपुर मंडल के उन्नयनीकृत कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर ट्रेनों के संरक्षित एवं सुचारू परिचालन के संबंध में उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए। इसके उपरांत रेल मंत्री की अध्यक्षता में समस्तीपुर मंडल के सभागार में एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चल रही रेल परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मंत्री द्वारा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए और परियोजनाओं को समय-सीमा के अंदर पूरा करने पर बल दिया । आज के इस दौरे के दौरान रेल मंत्री जी ने कहा कि माल यातायात में रेल की हिस्सेदारी 20 से 29 प्रतिशत हो गया जिसे बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले 11 सालों में भारतीय रेलवे पर 35000 किमी से ज्यादा का नया रेलवे ट्रैक का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि अब रेल ओवर ब्रिज का निर्माण केन्द्र सरकार द्वारा ही बनाया जाएगा । उन्होंने रेलवे में नियुक्ति हेतु वार्षिक कैलेण्डर जारी किया गया है जिसमें और सुधार किया जा रहा है ताकि तय समय पर परीक्षा का आयोजन किया जा सके। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता के लिए अतिरिक्त प्रयास करने निर्देश दिए ताकि जमीन पर लोगों को गुणवत्ता युक्त कार्य दिख सके। समस्तीपुर मंडल में वर्तमान में 1265 कोचों के रख-रखाव किया जा रहा है । इन प्रत्येक कोचों में 06 कैमरा तथा प्रत्येक इंजनों में 08 कैमरा निर्धारित समय में लागने का रेल मंत्री जी द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिया गया। उन्होंने सघन आबादी वाले क्षेत्रों में जहां आरओबी बनाया जाना संभव न हो वैसे जगहों पर लाइट आरओबी के निर्माण का निर्देश दिए।

## पिंक बस चलाने के लिए दो हजार महिला चालकों को मिलेगा प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) पिंक बस चलाने के लिए दो हजार महिला चालकों को प्रशिक्षित करेगा। इसके लिए सोमवार को बीएसआरटीसी प्रशासक अतुल कुमार वर्मा और परिवहन विभाग की विशेष कर्तव्य अधिकारी अरुणा कुमारी ने प्रदेश के मोटर वाहन चालक प्रशिक्षण केंद्र के संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में यह जानकारी दी गई कि जल्द ही लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) लाइसेंस धारी महिला चालकों को पिंक बस चलाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीन चरण में 500-500 महिला चालकों को 30 दिनों तक बस चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जल्द इससे संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। सभी आवासीय ट्रेनिंग स्कूल में साफ शौचालय, पेयजल की सुविधा, ऊंचे बाउंड्री वॉल होना अनिवार्य किया गया है। महिलाओं के लिए सुरक्षा और सुविधा के दृष्टिकोण से व्यवस्थाएं पुख्ता होनी चाहिए। बस चलाने में निपुण महिला चालकों को ही सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

**महिला चालकों को रोजगार के अवसर: प्रशासक**

बीएसआरटीसी प्रशासक अतुल कुमार वर्मा के अनुसार, 80 पिंक बसें अगस्त महीने के आखिरी तक बिहार पहुंच जाएंगी। इन बसों को चलाने के लिए महिला चालकों को ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे उन्हें रोजगार मिल सकेगा। महिला चालकों के आवासीय प्रशिक्षण पर संचालकों के साथ मिलकर विभाग रूपरेखा तैयार कर रहा है।

## धार्मिक न्यास बोर्ड संबद्ध मंदिरों में कांवरियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने को तत्पर : रणबीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। अगले 11 जुलाई से आरंभ हो रहे सावन मास में शिवभक्तों को सुविधा को लेकर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद चिंतित है। और उसकी तैयारी अभी से ही आरंभ कर दी गयी है। शिव भक्तों को किसी तरह की दिक्कत ने हो इसको लेकर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद प्रदेश के 61 शिवमंदिरों को अध्यक्ष व सचिवों के साथ संवाद स्थापित कर भक्तों को किसी भी तरह का दिक्कत न हो इसपर नजर रख रहा है। इस संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष, पूर्व विधान पार्षद, प्रो रणवीर नन्दन ने बताया कि श्रावणी पर्व को लेकर धार्मिक न्यास के अन्तर्गत आने वाले प्रमुख शिव मंदिर, जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं। उन श्रद्धालुओं के सुविधा एवं सुचारू व्यवस्था के लिए मंदिर के अध्यक्ष, सचिव, महंत को पत्र भेजा है। प्रो रणीवर नन्दन ने कहा है, कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा श्रावण मास में श्रद्धालुओं की सुविधा आदि के लिए मंदिरों के न्यास समितियों व महंतो से संवाद स्थापित करेगा। जिससे शिव भक्तों को कोई असुविधा न हो और श्रद्धालु उत्तम व्यवस्था का लाभ लेते हुये भगवान शंकर का पूजा-अर्चन कर सकें। प्रमुख मंदिर के बारे में उन्होंने बताया कि यहां श्री गौरी शंकर मंदिर, गाय घाट, श्री शिव मंदिर विहटेश्वर नाथ महादेव मंदिर, बिहटा,श्री गौरी शंकर एवं बैंकटनाथ मंदिर, बैकटपुर, खुसरूपुर, उमानाथ मंदिर, उमानाथ, बाढ़, नर्मदेश्वर नाथ महादेव मंदिर, बांक, रोहतास, श्री गुप्ता धाम, पिठिआंव, चेनारी, रोहतास, श्री देवकुण्ड मठ, औरंगाबाद, बाबा ब्रहमेश्वर नाथ महादेव मंदिर, बक्सर,श्री बाबा सिद्धनाथ मंदिर, लोहगढ़, जमनगंज, मखदुमपुर, धनेश्वर नाथ महादेव मंदिर, सिमरिया, बुढानाथ महादेव मंदिर, भागलपुर, रतनपुरा, छपरा, सारण, माँ गढ़देवी मंदिर, मढ़ौरा, छपरा,शिलानाथ, सिलौड़ी, मढ़ौड़ा, छपरा, शिव पार्वती मंदिर, बहादुरपुर, काला गमहरिया, दरपा, पूर्वी चम्पारण शामिल है।

## शिक्षक और छात्रों की समस्याओं का होगा तुरंत समाधान, टोल-फ्री नंबर जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शिक्षक, छात्रों और अन्य संबंधित पक्षों की समस्याओं के शीघ्र समाधान को लेकर शिक्षा विभाग ने बड़ी पहल की है। शिक्षा विभाग ने शिकायतों का वर्गीकरण करते हुए एक विस्तृत सूची जारी की है। इस सूची के माध्यम से अब शिकायतकर्ता अपनी समस्या की श्रेणी निर्धारित कर उचित समाधान के लिए संपर्क कर सकेंगे। इसके साथ ही शिक्षा विभाग ने दो टोल-फ्री नंबर भी जारी किए हैं, जो इस प्रकार है- 14417 और 18003454417, जिन पर कॉल कर शिकायतें दर्ज करायी जा सकती हैं। जारी की गई सूची को 6 श्रेणियों में बांटा गया है। इसमें आधारभूत संरचना (जैसे भवन की मरम्मत, शौचालय, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत कनेक्शन, पंखा, ट्यूबलाइट आदि) से जुड़े मामलों की शिकायत की जाएगी। वहीं विद्यालय संचालन से संबंधित शिकायतों में वर्ग कक्ष का संचालन, कम्प्यूटर लैब की उपलब्धता और उपयोगिता, अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी, खेल सामग्री की उपलब्धता से जुड़े मामलों की शिकायतें की जा सकेंगी। इसके साथ ही शिक्षकों का आचरण, एमडीएम (मिड-डे मील) से जुड़े मामलों को शामिल किया गया है।

## 10 से 15 जुलाई तक पटना में होगा 'मेगा जॉब फेयर' का आयोजन

### 70 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां लेंगी भाग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा राज्य के युवाओं के लिए 10 जुलाई से 15 जुलाई तक 'मेगा जॉब फेयर 2025' का आयोजन पटना के दशरथ मांझी, श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान (वेटनरी कॉलेज ग्राउंड के नजदीक) में किया जा रहा है। इसकी जानकारी आज श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह रोजगार मेला बिहार के युवा प्रतिभाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है जहां उन्हें देश की 70 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने



कहा कि यह सरकार की प्रतिबद्धता है कि राज्य के योग्य युवाओं को उनके कौशल के अनुरूप रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान किए जाएं। वहीं विभाग के सचिव दीपक आनन्द ने बताया कि 10 जुलाई से 15 जुलाई तक आयोजित होने वाले 'मेगा जॉब फेयर 2025' राष्ट्रीय स्तर की जो प्रतिष्ठित कंपनियां भाग ले रही हैं उनमें एमआरएफ टायर्स, सुवर्स लि., एलएंडटी, सुधीर पावर लि., बारवेक्यू नेशन, केपीआर मिल्स, जोमेटो, मुथुट फाइनेंस,मैक्सिक्स कोचर टेक, क्रीम स्टोन, एआइआइपीएल, लि., यूनिकॉनभेरेज टेक्नोलॉजी, धुत ट्रांसमिशन, एचसीएसी हेल्थ केयर, श्रम इन प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि 'मेगा जॉब फेयर 2025' में बिहार के 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा/पॉलीटेक्निक, बी.टेक, एमबीए और अन्य स्नातक डिग्रीधारकों के लिए रोजगार के विविध अवसर उपलब्ध होंगे। इसमें भाग लेने के लिए युवाओं को बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा जारी क्यू आर कोड के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा।

## राज्य के कर्मचारी नौ राष्ट्रीयकृत बैंकों से वेतन एवं सुविधा ले सकेंगे : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों के आर्थिक सशक्तिकरण और बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच को व्यापक और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 9 राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ 'राज्य सरकार वेतन पैकेज यानि एसजीएसपी' समझौता किया है। श्री चौधरी ने कहा- एसजीएसपी केवल वेतन वितरण का माध्यम नहीं, बल्कि कर्मचारियों की सुरक्षा सुविधा और भविष्य के लिए एक पूर्ण समाधान है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से कर्मचारियों को समय पर वेतन के साथ अनेक वित्तीय और सामाजिक लाभ भी मिलेंगे। श्री चौधरी ने कहा कि नई व्यवस्था के तहत कर्मचारियों को जीवन बीमा, व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, ऋण सुविधा, डिजिटल बैंकिंग, और अन्य आवश्यक बैंकिंग सेवाएं निःशुल्क या रियायती दर पर मिलेंगी। इसके साथ ही कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा 40 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये तक मिलेगा, यदि दुर्घटना यात्रा के दौरान होती है, तो बीमा एक करोड़ से एक करोड़ 60 लाख तक का होगा। उन्हेंने कहा कि कर्मचारियों के परिवार के चार सदस्यों को 5 लाख रुपये तक का बीमा लाभ प्रदान किया जाएगा। साथ ही सामूहिक बीमा के अंतर्गत 10 लाख रुपये तक का कवरेज मिलेगा। यदि किसी कर्मचारी को स्थायी शारीरिक विकलांगता होती है तो उसे 80 लाख से एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। श्री चौधरी ने कहा कि अब हेल्थ टॉप-अप बीमा रियायती दरों पर उपलब्ध होगा।

# तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना

### 9 को बिहार में चक्का जाम करेगा महागठबंधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर गर्मायी सियासत के बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को महागठबंधन के नेताओं के साथ संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस कर चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए उसके कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से पूछा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में आधार कार्ड मान्य क्यों नहीं? तेजस्वी यादव ने इसे 'वोटबंदी' करार देते हुए कहा कि भाजपा के इशारे पर बिहार के दलित-पिछड़ा-अतिपिछड़ा और अल्पसंख्यक के वोट काटने के साथ फर्जी वोट जोड़ने का खेल शुरू हो गया है। राजद और टीएमसी इसे रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच चुकी है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने 5 जुलाई को चुनाव आयोग से मुलाकात की थी और अपनी चिंताएं साझा की थीं, लेकिन अब तक हमें आयोग की ओर से कोई स्पष्टता नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव आयोग एक डाकघर की तरह काम करता है जिसके पास जवाब देने की शक्ति नहीं है। चुनाव आयोग भ्रम की स्थिति में है। तेजस्वी ने कहा कि आयोग ने तीन अलग-अलग आदेश जारी किए जो आपस में विरोधाभासी हैं। विज्ञापन कुछ और कहते हैं जबकि आधिकारिक आदेश कुछ और कहते हैं। उदाहरण के तौर पर उन्होंने बताया कि विज्ञापन में कहा गया कि बिना दस्तावेज भी गणना प्रपत्र जमा किया जा सकता है, लेकिन आदेश में इसके विपरीत बात है। तेजस्वी ने सवाल उठाया कि अगर नया मतदाता कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड मान्य है तो पुनरीक्षण प्रक्रिया में इसे क्यों नहीं स्वीकार किया जा रहा है? उन्होंने चुनाव आयोग से शंकाओं का बिंदुवार जवाब और पारदर्शिता की मांग की। उन्होंने यह भी पूछा कि इस पुनरीक्षण कार्य में लगे लोग कौन हैं? सरकारी कर्मचारी हैं या निजी एजेंसी से हैं? आयोग को उनकी सूची सार्वजनिक करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे लाखों मतदाताओं में भारी भ्रम की स्थिति बन गई है। तेजस्वी ने यह भी पूछा कि जब फॉर्म-6 में अभी भी आधार कार्ड शामिल है तो बिहार में उसे एक्सक्लूड क्यों किया गया? तेजस्वी ने चुनाव आयोग की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए स्वतंत्र जांच की मांग की और कहा कि अगर चुनाव आयोग का फैसला सही है तो वह केवल सोशल मीडिया पोस्ट क्यों कर रहा है, आधिकारिक आदेश क्यों नहीं जारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार से बाहर काम कर रहे प्रवासी मजदूरों को लेकर चुनाव आयोग के पास कोई योजना नहीं है। उन्होंने पूछा कि क्या उनका नाम मतदाता सूची से काटना ही एकमात्र रास्ता है? तेजस्वी ने मांग की कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को तुरंत रोक दे और इसे चुनाव के बाद शुरू किया जाए, ताकि लोकतंत्र की गरिमा और जनता का विश्वास बना रहे। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया गया है।

## एनिमो पेट केयर ने चलाया एंटी रेबीज टीकाकरण व पशु जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर एनिमो पेट केयर की अगुआई एवं लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था के सहयोग से निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण एवं पशु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह से प्रारंभ होकर रात्रि तक एनिमो पेट केयर क्लिनिक में चला जिसमें कुल 108 स्वानों एवं बिल्लियों को एंटी रेबीज का टीका लगाया गया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर बिहार के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित पशु चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद शर्मा के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब की सचिव मेघा सिंह, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, बोर्ड मेंबर आलोक कुमार सिंह, नीतू कुमारी, लायन्स शशांक शेखर, एनिमो पेट केयर



के निदेशक डॉ. विकास शर्मा, पशु चिकित्सक डॉ. अमित एवं डॉ. उदय, साथ ही एनिमो के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त फार्मा कंपनियों के प्रतिनिधि विपुल एवं अभिषेक की सक्रिय भागीदारी भी सराहनीय रही। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में जूनोसिस रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना और पालतू पशुओं के माध्यम से संक्रमण की रोकथाम करना था।

## बिहार सरकार से भूदान यज्ञ समिति को अविलम्ब गठित करने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जिला सर्वोदय मंडल मुंगेर, जिला भूदान किसान संघ का भूदान किसानों का सम्मलेन शम्भू प्रसाद वर्मा की अध्यक्षता में सर्वोदय कार्यालय हवेली खड़गपुर मुंगेर में सम्पन्न हुई। सम्मलेन में आये आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला सर्वोदय मंडल मुंगेर के मंत्री एतवारी टुडू ने बताया कि भूदान किसानों को प्रति वर्ष सरकार 15000 अनुदान दे, ताकि वे अपना भूदान से मिली जमीन पर कृषि पशुपालन आदि कर सके। प्रत्येक भूमिहीन परिवार को 10 डिसमिल जमीन दिया जाय। सम्मलेन के मुख्य अतिथि बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चन्द्र भूषण ने कहा कि अभी बिहार सरकार के द्वारा भूदान किसानों के जमीन का रसीद काटना बंद कर दिया है। जानकी भूदान में 90 प्रतिशत भूमिहीन और दलित है ऐसी परिस्थिति में सरकार का रवैया दलित विरोधी दिख रहा है। सरकार अविलम्ब बिहार भूदान यज्ञ समिति का गठन कर भूदान किसानों को सहूलियत प्रदान करे। सम्मलेन की अध्यक्षता कर रहे जिला सर्वोदय मंडल मुंगेर के अध्यक्ष शम्भू प्रसाद वर्मा ने बताया कि उस भूदान भूमि की देखरेख प्रबंधन एवं वितरण हेतु बिहार भूदान यज्ञ अधिनियम 1954 के तहत बिहार भूदान यज्ञ समिति की गठन की गयी और भूदान में मिली भूमि का वितरण सुचारु रूप से किया गया। अभी वर्तमान समय में बिहार सरकार के द्वारा जमींदारी उन्मूलन के पश्चात भूतपूर्व जमींदारों के द्वारा गैरमजरुआ खास जमीन दान में दी गयी थी, उसे वैधानिक मान्यता समाप्त कर दी गयी है जिसकी वजह से लगभग 4 लाख भूदान भूमिहीन किसानों के ऊपर संकट आ गया है। इन भूदान किसानों में अधिकतर दलित अति पिछड़ा समाज के निचले तबकों के लोग है। बिहार सरकार ने 2018 में विहार भूदान यज्ञ समिति को भंग कर राजस्व पार्षद को संचालन की जिम्मा दे दिया गया है जिससे भूदान किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, कई जिलों में भूदान किसानों का अपना अभिलेख भी नहीं मिल रहा है क्योंकि समय से वहां कोई नहीं रहते हैं और भूदान की जानकारी भी नहीं है।

## पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में नामांकन हेतु चतुर्थ मेधा सूची जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में नामांकन हेतु चतुर्थ मेधा सूची निर्धारित तिथि से एक दिन पहले ही जारी कर दिया गया है जिसमें कुल 7837 छात्रों को उनके द्वारा दिए गए विकल्प एवं मेधा के आधार पर विषयों एवं महाविद्यालय का आवंटन किया गया है। पूर्व में आवेदित छात्रों को तीन बार स्लाइडअप का मौका दिया गया था। तृतीय चरण में कुल 6380 छात्रों ने स्लाइडअप के विकल्प को चुना था। परंतु इस बार चतुर्थ चरण में छात्रों को स्लाइडअप की सुविधा नहीं मिली है। छात्रों से अनुरोध है कि वे इस बार निश्चित रूप से अपना नामांकन उनके द्वारा चयनित और आवंटित महाविद्यालय में करवा लें। चौथे चरण के नामांकन के तुरन्त बाद 15 जुलाई से नामांकित छात्रों का वर्ग संचालन प्रारम्भ कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अभी भी 2718 छात्र ऐसे हैं जिन्हें विकल्प और महाविद्यालय के सही चुनाव के कारण कोई भी महाविद्यालय आवंटित नहीं हुआ है। ऐसे छात्रों के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किसी विकल्प पर विचार किया जा रहा है।

## 9 जुलाई को बिहार बंद में पहुंचेंगे देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष और इंडिया गठबंधन के कॉर्डिनेशन कमिटी के चेयरमैन तेजस्वी यादव के सरकारी आवास 1, पोलो रोड, पटना में आयोजित इंडिया गठबंधन के संयुक्त विशेष प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने तेजस्वी यादव के चुनाव आयोग के खिलाफ उठाए सवालों का समर्थन किया और साथ ही उन्होंने चुनाव आयोग से और सवालों को रखें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि चुनाव आयोग बिहार में पूरी तरीके से दिग्भ्रमित है और ईआरओ को जो निर्णय लेने की एकल जिम्मेदारी दी गई है वो गलत है जबकि वो सरकारी व्यक्ति होंगे इसलिए



सरकार के दबाव में काम करेंगे और सरकार के अनुसार फैसले लेने को विवश होंगे। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर 25 जनवरी 2025 को जब मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया है तो फिर विशेष गहन पुनरीक्षण की क्या जरूरत थी? आखिर यह किसके इशारे पर किया जा रहा है?

9 जुलाई को बिहार में आहुत ट्रेड यूनियन के चक्का जाम का इंडिया गठबंधन समर्थन करती है। इस कार्यक्रम में कई स्वयंसेवी संगठन और अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा भी बिहार बंद का आयोजन किया जा रहा है जिसके समर्थन में हमारे पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में इनकम टैक्स गोलंबर से वीरचंद पटेल पथ होते हुए शहीद स्मारक पहुंचने के बाद चुनाव आयोग तक विरोध प्रदर्शन करेंगे। संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के अलावे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ भी उपस्थित रहे।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा निःशुल्क हड्डी रोग जांच का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, रोड नंबर 7, राजेन्द्रनगर, पटना द्वारा रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क हड्डी एवं पेट रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस शिविर में हड्डी रोग संबंधी जांच के साथ-साथ बीएमडी की जांच भी की गई। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने कहा कि हड्डी रोग जांच शिविर में प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार ने 100 से अधिक मरीजों की जांच की। जांच के दौरान 85 मरीजों का बोन डेंसिटी टेस्ट किया गया जिसमें से 40 से अधिक मरीजों में कैल्शियम की कमी और ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या पाई गई। सभी प्रभावित





महिला मरीज के पैर की हड्डी की जांच करते डॉ राजेश कुमार



जोंडिश ग्रस्त बच्चे की दवा लिखते डॉ अमित बंका

मरीजों को उचित परामर्श, दवा और आगे के उपचार की सलाह दी गई। शिविर के दौरान प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका द्वारा करीब 95 से अधिक मरीजों के पेट संबंधी रोगों की जांच की गई। कई मरीजों में जॉन्डिस की बीमारी पाई गई। डॉ बंका ने बताया कि पीलिया (जॉन्डिस) एक ऐसी बीमारी है जिसमें बाइल पिगमेंट के असामान्य इकट्ठा होने के कारण स्किन और म्यूकस मेम्ब्रेन पर पीलापन आ जाता है। आमतौर पर यह पीला रंग सबसे पहले म्यूकस मेम्ब्रेन और आंखों पर दिखाई देता है और फिर पूरे शरीर में फैल जाता है। बच्चों में इस बीमारी के होने पर खास ध्यान देने की आवश्यकता होती है। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गो तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा। मीडिया प्रभारी एम पी जैन ने बताया कि इस शिविर को सफल बनाने में राधेश्याम बंसल, हनुमान गोयल, सचिव दिनेश अग्रवाल, फाउंडर अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, संयुक्त सचिव विनोद अग्रवाल, महेश जालान, सुजीत सिंघानिया, लालन लाठ और अन्य सदस्य लगे हुए थे। मरीजों और उनके परिजनों ने इस पहल के लिए मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी का आभार प्रकट किया और भविष्य में इस तरह के आयोजनों की पुनरावृत्ति की अपेक्षा जताई। मौके पर फाउंडर अध्यक्ष महावीर अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी समाजसेवा के क्षेत्र में विगत कई वर्षो से सक्रिय है और स्वास्थ्य, जागरूकता व सामाजिक उत्थान से संबंधित अनेक परियोजनाओं पर कार्य कर रही है।

## शक्तिधाम में श्याम बाबा की हुई आषाढ़ एकादशी पूजा, भजनों से गूंजा दरबार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बैंक रोड स्थित शक्तिधाम मंदिर में आषाढ़ सुदी एकादशी के पावन अवसर पर श्याम बाबा की विशेष पूजा-अर्चना का भव्य आयोजन हुआ। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और भक्तिमय वातावरण में पूरा शक्तिधाम श्याम भक्ति में डूबा रहा। मौके पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि इस आषाढ़ शुक्ल एकादशी को श्याम बाबा का एकादशी पूजा किया गया। संध्या में कार्यक्रम की शुरुआत श्याम भक्ति से ओत-प्रोत मधुर भजनों की प्रस्तुति से हुई। भजन श्याम धणी को दरबार सज्यो है, सब कोई दर्शण करल्यो जी...'' पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भक्तों ने प्रेमपूर्वक तालियों के साथ सुर में सुर मिलाया। भक्ति का यह



माहौल तब और विशेष हो गया जब गायक माधव सुल्तानिया अंकित के भजन में श्याम बाबा के खाटूवाले रूप और माता अहिलवती के आंगन में उनके अवतार का वर्णन हुआ। धरती झूमै अम्बर झूमै, झूम उठ्यो संसार...भजन ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर एमपी जैन ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, रमेश मोदी, अक्षय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, रोहन झुनझुनवाला, दीपक, बिमल माधोगढिया, राजकुमार अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल मुन्नाजी, रोशन सर्राफ, मोहन सर्राफ, शकुन्तला अग्रवाल आदि प्रमुख रहे। आयोजन में भक्तों ने श्याम बाबा के दरबार में प्रेम और श्रद्धा से दर्शन किए और आषाढ़ सुदी एकादशी के पुण्य का लाभ प्राप्त किया।

C M Y K

# स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों का धरना होगा ऐतिहासिक : राही शाहाबादी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी कल्याण परिषद द्वारा आगामी 16 जुलाई को जिला समाहरणालय सासाराम के प्रांगण में एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया जाएगा। इस सिलसिले में परिषद के एक शिष्ट मंडल ने 3 जुलाई को जिला पदाधिकारी उदिता सिंह को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि रोहतास जिला के चेनारी स्थित डाक बंगला मैदान में 2023 का निर्माता स्वतंत्रता सेनानी चौक, स्वतंत्रता सेनानियों का शीला पट एवं राष्ट्रीय ध्वज




रोहन के स्थान, तिरंगा झंडा को स्थानीय प्रशासन द्वारा 25/04/2025 को बुलडोजर द्वारा बेरहमी से ध्वस्त कर दिया। जिला प्रशासन द्वारा बार-बार निर्माण करने का आश्वासन दिया गया, किंतु दो माह गुजर जाने के बावजूद भी अभी तक शिलापट नहीं लगाया गया। इसके विरोध में स्वतंत्रता सेनानी परिजनों द्वारा एक दिवसीय शांतिपूर्ण सांकेतिक धरना 16 जुलाई 2025 को सासाराम समाहरणालय प्रांगण में देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में महान स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र राही शाहाबादी ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि इस शांतिपूर्ण धरना में सैकड़ों स्वतंत्रता सेनानी की संतान शामिल होंगे। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कामेश्वर पांडे, रमाकांत पांडे, हरिशंकर प्रसाद, राही शाहाबादी एवं कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष नित्यानंद शर्मा आदि हैं।

## अधिवक्ताओं के शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करने हेतु तिथि निर्धारित करने का अनुरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिला विधिज्ञ संघ, सासाराम के द्वारा अपने पत्रांक-74 /25, 17.05.2025 से अधिवक्ताओं के शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करने हेतु तिथि निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है। अतः सम्यक विचारोपरांत अधिवक्ताओं के शस्त्रों के सत्यापन हेतु 20.07.2025 से 22.07.2025 की तिथि निर्धारित की जाती है। उक्त तिथि को व्यवहार न्यायालय, सासाराम के परिसर में अवस्थित संघ भवन में अधिवक्ताओं के शस्त्रों का सत्यापन अंचल अधिकारी, सासाराम एवं थानाध्यक्ष, सासाराम नगर के द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। अंचल अधिकारी, सासाराम एवं थानाध्यक्ष, सासाराम नगर को निदेश दिया गया है कि वे सभी अधिवक्ताओं के शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करेंगे। यदि अनुज्ञप्तिधारी सासाराम से इतर किसी अन्य थाना क्षेत्र से संबंधित होंगे तो शस्त्र सत्यापन के पश्चात एतद् संबंधी सूचना संबंधित थानाध्यक्ष को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

## दो पक्षों में मारपीट, चार पर प्राथमिकी, दो गिरफ्तार, दो फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** आयरकोठा थाना क्षेत्र के अहरांव गांव में शनिवार को दो पक्षों में मारपीट हो गई जहां पिता-पुत्र घायल हो गए। वहीं स्थानीय लोगों ने मारपीट होने की सूचना थाना को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। वहीं पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी ने बताया कि अहरांव गांव निवासी गोपाल शर्मा व पुत्र राहुल शर्मा के साथ गांव के ही विजय चंद्रवंशी, पत्नी कांति देवी, पुत्र दीपक कुमार व पिंटु कुमार ने पुरानी किसी बात को लेकर मारपीट कर जख्मी कर दिया। वहीं मौके पर पुलिस को भेजकर घायलों को इलाज कराया गया है। वहीं इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी की गई है जिसमें पति-पत्नी शामिल हैं। वहीं इस मामले में दो पुत्र फरार है जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# जमीनी विवाद को ले दो बटाईदारों में मारपीट, दो जख्मी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अकोढीगोला।** दयाल फार्म की विवादित जमीन पर करहा सफाई करने के दौरान दो बटाईदार आपस में भीड़ गये। दोनों पक्षों से लाठी-डंडा चलना शुरू हो गया। लाठी डंडे की चपेट में आने से दो बटाईदार जख्मी हो गए। जख्मी होने की सूचना पर परिजन व ग्रामीण घटनास्थल तरफ दौड़ पड़े। काफी संख्या में ग्रामीण व परिजन को आते देख असामाजिक तत्वों ने हवाई फायर करना शुरु कर दिया। फायरिंग की आवाज सुनकर इलाका दहल उठा। ग्रामीणों ने इसकी सुचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसआई राज कुमार, सुलोचना कुमारी व शिवप्रसाद काफी पुलिस बल के साथ दयाल फार्म के विवादित जमीन पर पहुंच कर बटाईदार के साथ-साथ ग्रामीणों को खदेड़ना शुरू किया। ग्रामीण व बटाईदार काफी संख्या में पुलिस बल को आते देख उक्त स्थल से खिसकते बने जबकि उक्त जमीन पर पूर्व में 1995 में एक व 2001 में तीन हत्या भी हो चुकी है। उसके बावजूद भी दयाल फार्म विवादित जमीन की समस्या हल पुलिस प्रशासन सुलझा नहीं सकी जिसके कारण एक पक्ष के बटाईदार खेत में फसल लगाते हैं तो दूसरे पक्ष के बटाईदार उसे काट ले जाने में सफल रहते हैं जिसे क्षेत्र में हमेशा भय का माहौल बना रहता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक पक्ष के बटाईदार विवादित जमीन की करहा की साफ-सफाई कर करहा की मरम्मत कर रहे थे कि दूसरे पक्ष के बटाईदार उक्त स्थल पर पहुंच कर कहा कि साफ-सफाई व मरम्मत करने पर मना किया। मना करने पर दोनों पक्ष के बटाईदार में कहासुनी करते-करते लाठी डंडा चलना शुरु कर दिया। लाठी डंडे की चपेट में आने से एक पक्ष के बटाईदार रामसकल महतो व राम आशीष महतो जख्मी हो गए। दोनों बटाईदार के जख्मी होने की सूचना आग की तरह क्षेत्र में फैल पड़ी और बन्दूक की गोली तड़तड़ाने लगी जहां क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है। इस संबंध में अंचलाधिकारी निधि ज्योत्सना ने बताई कि दयाल फार्म की भूमि खाता संख्या 86,151 प्लांट संख्या 216 -17 रकवा 46 व 28 एकड़ पर गोली चलने की सूचना मिली है। सूचना मिलते ही उक्त स्थल का निरीक्षण के लिए कर्मचारी को भेजा गया है। कर्मचारी की रिपोर्ट मिलते ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी और दोनों पक्षों के बंटाईदारों को अपनी-अपनी दास्तावेजों के साथ अंचल कार्यालय पर उपस्थित होकर अपनी बात को रखने का निर्देश दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि दयाल फार्म की विवादित भूमि पर गोली चलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पदाधिकारी के साथ काफी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। गोली बारी में किसी को हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। लाठी डंडे से दो लोग जख्मी हुए हैं, लेकिन जख्मी के द्वारा अभी तक कोई आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलते ही कार्रवाई किया जायेगा। फिलहाल उक्त स्थल पर

# हजरत इमाम की याद में मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला।** प्रखंड क्षेत्र में एक सप्ताह से चल रहे मुहर्रम पर्व रविवार को ताजिया जुलूस के साथ शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। पुलिस चप्पे चप्पे पर तैनात रही। जुलूस के दौरान या अली, या हुसैन का नारा लगाते हुए ताजिया जुलूस निकाली गई। जिसके बाद अंसार मुहल्ला, राइन मोहल्ला आदि जगहों से ताजिया जुलूस सब्जी मंडी मोड़ पर पहुंची । जहां पर सभी खालीफाओं ने ताजिया का मिलान किया। जिसके बाद जुलूस सिनेमा रोड राजपुर रोड होते हुए चांदी रोड पहुंची। जहां वर्षों पुरानी परंपरा के दौरान छपरा व खपड़ा से आएं ताजिया जुलूस के खलीफा को माला पहना कर स्वागत किया गया। जुलूस के दौरान तलवार बाजी, गदका, लाठी, बनैठा, आदि खेलों का जगह जगह पर प्रदर्शन किया गया। वहीं अकोढ़ी स्थित कर्बला पर छपरा, खपड़ा , अकोढ़ी सहित




सदर चौक अंसार मुहल्ला, शहंशाह कमेटी, राइन मोहल्ला का ताजिया कर्बला पर पहुंची। कमिटी सदस्य नजाम हुसैन ने आगत अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं लोगों ने कहा कि इमाम हुसैन की याद में मनाया जाने वाला पर्व हमें यह सिख देती है की हमे कभी भी झूठ के आगे झुकना नहीं है। उन्होंने लोगो से अपील किया की बड़ों का आदर करना हम सबका कर्तव्य है। वहीं थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा की कोई भी पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनानी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीडीओ रवि रंजन, सीओ निधि ज्योत्सना क्षेत्र में गश्त लगाते रहे। शरारती तत्वों पर ड्रोन से निगरानी प्रशासन द्वारा रखा जा रहा था। मौके पर जिप सदस्य सीमा सिंह, मृत्युंजय पाल, प्रमोद गुप्ता, राघवेंद्र गुप्ता, रेशमा कुमारी ने ताजिया जुलूस में आएं लोगो को बधाई दिया। कमिटी के सदस्य परवेज आलम, शराफत राइन, शमशुल राइन आदि ने आए अतिथियों का स्वागत किया। वहीं दुसरी ओर दरिहट, भुसहूला, अर्जुनबिगहा , मझिआंव, टंडवा आदि क्षेत्रों में भी बड़े ही शानदार तरीके इमाम हुसैन का शहादत दिवस मनाया गया और जुलूस निकाली गई। वहीं दरिहट आदर्श इस्लामिया मुहर्रम कमिटी ने बड़े ही आकर्षक ताजिया बना कर जुलूस निकाला। ताजिया आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं बच्चों ने जगह जगह पर एक से बढ़कर एक खेलों का शानदार प्रस्तुत किया। जहां लोगों ने कमीटी के इस कार्यों को काफी सराहा। यह जुलूस दरिहट चौंक से शुरू किया और गांधी स्मारक होते हुए मिडिल स्कूल तक पहुंचा इसके बाद पुनः चौंक पर समापन किया गया। वहीं अर्जुनबिगहा गांव से भी प्रत्येक साल कि तरह इस साल भी ताजिया जुलूस लाकर दरिहट मुहर्रम कमिटी सदस्यों से मिलन किया। इस मौके पर दरिहट खलिफा सत्तार अंसारी, मजहर हुसैन, जहुर अंसारी, मंसुर अंसारी, मो रफ़ी, मकसुद आलम, मुला, असगर हुसैन, सोनू, जावेद मियां,बहाब अंसारी, डोमन मियां, भानू मियां आदि मौजूद थे।

## 66 स्थानों पर 264 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाई जा रही है। विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर सासाराम नगर निगम क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों पर तेज-तर्रार ऑफिसर तैनात है। 66 स्थानों पर 264 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। शहर में 12 दंडाधिकारी एवं 8 पुलिस पदाधिकारी पालीवार वाहन से गश्ती कर रहे है। शांति भंग करने वाले या कानून को हाथ में लेने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस-प्रशासन की पैनी नजर है।

# खेमका परिवार को न्याय दिलाए सरकार, नहीं तो होगा आंदोलन : विजय अकेला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार में एक बार फिर वैश्य समाज के लोगों को निशाना बनाकर हो रही हत्या और लूटपाट की घटनाओं पर चिंता जताते हुए वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश सचिव सह रोहतास प्रभारी विजय कुमार अकेला ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। प्रेस बयान जारी कर श्री अकेला ने कहा कि हाल के दिनों में वैश्य समाज से जुड़े व्यापारियों की हत्या और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि अब तो राजधानी पटना भी सुरक्षित नहीं रह गई है। गोपाल खेमका की हालिया हत्या इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने बताया कि इसके पहले गोपाल खेमका के पुत्र की भी हाजीपुर में हत्या कर दी गई थी, लेकिन आज तक उसके हत्यारों को सजा नहीं मिल सकी। अब जब उनके पिता की भी हत्या कर दी गई है तो यह दर्शाता है कि राज्य में अपराधियों का मनोबल किस हद तक बढ़ गया है। विजय अकेला ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द कार्रवाई नहीं करती है तो वैश्य चेतना समिति पूरे राज्य में आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पिता-पुत्र दोनों की हत्या के आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी की जाए तथा मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में चलाकर अपराधियों को सख्त सजा दिलाई जाए।

## कांवरिया संघ तारबंगला का जत्था 19 जुलाई को जाएगा बाबा धाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** कांवरिया संघ तारबंगला की बैठक एनिकट में ललन सिंह गदर तथा अजय पासवान के नेतृत्व में हुई। बैठक में चल कांवरिया बाबा बाबा धाम के नारों के बीच 19 जुलाई को बाबा बैद्यनाथ धाम जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। संयोजक ललन सिंह ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी हम लोग शिव भक्त सैकड़ों की संख्या में बाबा धाम जाएंगे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

खुली ई–निविदा सूचना संख्या–एल.–ओपेन–25–26–07, दिनांक 04.07.2025

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सामान्य)/सोनपुर वास्ते भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा' आमंत्रित करते है। खुली ई–निविदा की अंतिम तिथि दिनांक 28.07.2025 को 12:30 बजे तक निर्धारित की गई है। खुली ई–निविदा संबंधी निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।

1. कार्य का नाम : सोनपुर मंडल के अंतर्गत ओ.आर.एच. भी.आई.पी. कमरों के उन्नयन और अन्य सेवा भवनों के मरम्मत के संबंध में विद्युतीय कार्य और सोनपुर मंडल में स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस आदि जैसे छोटे समारोह के प्रबंधन के लिए किफायती और परेशानी मुक्त समाधान। 2. अनुमानित लागत (रू. में): ₹84,14,118.78, 3. बयाने की राशि (रू. में) : ₹1,68,300.00, 4. निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में): ₹00.00

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार किसी भी समय निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नही होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/(विद्युत/सा.)/
पूमरे/सोनपुर

पीआर/0549/एसईई/विद्युत/टी/25–26/40

## दलाई लामा का जन्मोत्सव श्रद्धा और तिब्बती संघर्ष की भावना के साथ मना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भारत तिब्बत मैत्री संघ, रोहतास के तत्वावधान में रविवार को श्री श्री रामकृष्ण आश्रम, पाली रोड, डिहरी में तिब्बती आध्यात्मिक गुरु परमपावन दलाई लामा जी का 90वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास, श्रद्धा और तिब्बती संघर्ष की स्मृति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. निर्मल कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि दलाई लामा न केवल तिब्बत के आध्यात्मिक नेता हैं, बल्कि समूची मानवता के लिए शांति, करुणा और सह-अस्तित्व का संदेश हैं। मानव अधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने दलाई लामा के जीवन, निर्वासन, भारत में उनके शरणार्थी जीवन और वैश्विक शांति के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तिब्बती समाज ने दशकों से अपने मूल अधिकारों, संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष किया है जिसकी मिसाल पूरी दुनिया में दी जाती है। भारत में बसे तिब्बती समुदाय ने लहासा मार्केट, बौद्ध मठों और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से अपनी अस्मिता को जीवित रखा है जो भारतीय समाज की सहिष्णुता और साझी विरासत का प्रतीक है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि उपस्थित थे जिनमें भाजपा नेता अजय कुमार सिंह, मिथलेश दीपक, विजय कुमार सिंह, जितेंद्र प्रसाद, अरुण उपाध्याय, श्यामबिहारी पांडेय, चंद्रिका राम, विवेक राज, नागेंद्र प्रसाद सिंह और नबाब अख्तर अंसारी पानी वाले, अमित कुमार पटेल प्रमुख रूप से शामिल थे। सभी वक्ताओं ने भारत-तिब्बत संबंधों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से बेहद मजबूत बताते हुए तिब्बतियों के शांतिपूर्ण संघर्ष और भारत द्वारा उन्हें मिले आश्रय को विश्व में अनूठा उदाहरण कहा। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना, तिब्बती संस्कृति से जुड़ी गीतों और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

# पुलिस-पब्लिक हेल्पलाइन द्वारा जगजीवन राम की पुण्यतिथि मनायी गयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री तथा पूर्व रक्षा मंत्री बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन के द्वारा बाबू जगजीवन राम के स्मारक सासाराम में मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन के द्वारा भारत सरकार से यह मांग की गई कि बाबू जगजीवन राम को भारत रत्न देकर सम्मानित किया जाय जिन्होंने सासाराम लोकसभा संसदीय क्षेत्र का आजीवन प्रतिनिधित्व किया और भारत सरकार के विभिन्न मंत्री पदों पर रहकर देश की सेवा की। उन्होंने रक्षा मंत्री रहते हुए सन 1971 ई में पाकिस्तान का दो टुकड़ा करते हुए लगभग एक लाख पाकिस्तानी सैनिकों का आत्मसमर्पण कराकर विश्व पटल पर बांग्लादेश के नाम से एक नए राष्ट्र का उदय किया। पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन के सदस्यों ने बाबूजी के प्रति अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर हेल्पलाइन के



सदस्यों के अलावा शहर के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित होकर बाबूजी के प्रति अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया जिसमें जावेद, अख्तर लोकेश तिवारी, राम नारायण राम, आलोक मेहता, शिव जोगीराम, सुमंत कुमार, नवल किशोर गुप्ता, मानस रंजन, दीपक कुशवाहा, अरविंद यादव, जयप्रकाश पांडेय, शमीम अंसारी मुखिया, ममता कुमारी, एकता कुमारी, पूनम कुमारी, पूजा कुमारी, सपना कुमारी, प्रियंका पांडेय, नगमा बानो, शालू सिंह, काजल कुमारी, साक्षी कुमारी, समीक्षा कुमारी, मीरा देवी, पायल कुमारी, सृष्टि कुमारी, खुशी कुमारी गुप्ता, गुंजन पटेल, दीपा रानी, छोटी कुमारी आदि लोग सम्मिलित हुए। इसके अलावा प्रवीण कुमार वर्मा, नवल किशोर, योगा कोच आदित्य उपाध्याय, युगल किशोर, आदित्य कुमार, प्रिया कुमारी आदि लोगों ने भी बाबूजी के प्रति अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा सूचना सं.: 09–**एसडीएसटीई–एएसएन–2025–26, दिनांक 04.07.2025** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल–यूडीएल यार्ड में एफओआईएस कनेक्टिविटी का अपग्रेडेशन"। **निविदा मूल्य:** रु. 58,40,056.72, **बयाना राशि:** रु. 1,16,800/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 12 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 29.07.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/**

ASN-110/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/09 दिनांक- 07.07.2025

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2025**

**पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) [PM] / पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) [PMM]**

**Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/05 दिनांक- 23.06.2025 के क्रम में DCECE (PM / PMM)-2025 के आधार पर बिहार सरकार के विभिन्न सरकारी अस्पतालों एवं अन्य मान्यता प्राप्त सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के विभिन्न पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) [PM] तथा पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)[PMM] पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर Online Counselling हेतु DCECE (PM / PMM)-2025 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / अभिभावकों / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि **Online Choice Filling / Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(DCECE)-2025/08 दिनांक 07.07.2025 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।** Choice Filling की प्रक्रिया दिनांक 14.07.2025 से प्रारम्भ होगा।

**उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं पाठ्यक्रम का Choice of Preference of Colleges / Course भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी 1st Round में अपना Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे अभ्यर्थी को दोबारा Choice Filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर**

**अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–01/2025-26/RDD/NREP/PALAMAU

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत–पोखराहा कला में पी0डब्लूडी0 पथ से सरना स्थल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | सदर मेदिनीनगर | 24.921 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 01/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU |
| 2 | ग्राम–देवरी कला में पी0डब्लू0डी0 रोड से पुराना जपला फैक्ट्री रेलवे लाईन महुराम के पास तक पक्का सिंचाई नाला नर्माण–2500 फीट। | हुसैनाबाद | 24.976 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 02/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU |
| 3 | ग्राम–चियांकी के जोगीयाहा टोला में बड़का नाला पर पुलिया एवं प्लॉट संख्या–26 तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | सदर मेदिनीनगर | 24.887 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 03/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU |
| 4 | ग्राम–गबरलेटवा के उरावं टोला में शंकर उरांव के घर के सामने पुल निर्माण। | उंटारी रोड | 24.265 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 04/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–10.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–16.07.2025 up to 5.00 PM बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–18.07.2025 पूर्वाहण 11.00 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।
09. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर, पलामू।

PR 356653 NREP(25-26)#D

# शिथिलता बरतने वाले बीएलओ के विरुद्ध होगी कार्रवाई : डीएम

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु बीएलओ के साथ जिला पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में रजौली प्रखंड सभागार में बीएलओ के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी बीएलओ से एन्यूमरेशन फॉर्म से संबंधित फीडबैक प्राप्त किया और कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बीएलओ अपने क्षेत्र में प्रत्येक घर जाकर मतदाता सूची में दर्ज नामों का भौतिक सत्यापन करेंगे, ताकि एक त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा सके। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि एन्यूमरेशन फॉर्म को शीघ्रता से पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिक से अधिक फॉर्म की प्रविष्टि वेबसाइट पर कर कार्य को समयबद्ध तरीके से निष्पादित करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में शिथिलता बरतने वाले बीएलओ के विरुद्ध जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचना भेजते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी बीएलओ को फॉर्म अपलोड करने में तकनीकी समस्या आती है तो वे अविलंब अपने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करें। जिला पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक गतिविधियों को पूर्ण करें।

साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा आज सिरदला प्रखंड के राजकीयकृत आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरदला में अनुमंडल पदाधिकारी रजौली, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एवं संबंधित अधिकारी के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित समीक्षा बैठक किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# आपसी विवाद को लेकर गोलीबारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के गोरायपुर गांव में सोमवार के दिन आपसी विवाद को लेकर हुई गोलीबारी की घटना घटी। गोलीबारी की घटना में एक बच्ची को गोली लगी। गोली गांव निवासी लक्ष्मण प्रसाद के पुत्री अंजलि कुमारी को लगी। थानाध्यक्ष शशिरंजन मिश्रा ने बताया कि पुलिस द्वारा त्वरीत कार्रवाई करते हुए घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तों में से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। फरार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जख्मी पीड़िता को ईलाज के लिए पावापुरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाइज चल रही है। घटनास्थल पर सुक्ष्मतम जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है।

## जमीन के सीमांकन को ले मारपीट की आशंका पर तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सोमवार को परवलपुर थाना क्षेत्र के विजयपुरा गांव में जमीन सीमांकन के दौरान दो पक्षों में मारपीट की स्थिति बनने की हो संभावना रही थी। इसी दौरान पुलिस को कुछ ग्रामीणों द्वारा सूचना दिया गया। मौके से पहुंची पुलिस ने दोनों तरफ मिलाकर कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तीनों में से दो विजयपुरा एवं एक पश्चिम बंगाल निवासी है। विजयपुरा में गिरफ्तार किसान के घर खेती देखने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार की पहचान टुनटुन कुमार पिता उपेंद्र प्रसाद, साधुशरण प्रसाद पिता दीनानाथ प्रसाद एवं विजय कुमार पिता रबीन्द्र कुमार के रूप में की गई है।

## चोरी का हाईवा जब्त, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सारे थाना क्षेत्र के बेनार सक्सोहरा मुख्य मार्ग पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी का एक हाईवा जप्त किया। इस दौरान हाईवा चालक राजकिशोर राम और उप चालक अमलेश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष रितु रंजन ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की और हाईवा को जब्त कर लिया। आगे की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नारदीगंज में शांतिपूर्ण माहौल में निकला ताजिया जुलूस, करतबों ने मोहा मन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** मुहर्रम का पर्व नारदीगंज प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। नारदीगंज बाजार, अब्दलपुर और ननौरा गांव में पारंपरिक रूप से ताजिया का जुलूस निकाला गया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में ग़म और अकीदत के साथ मुहर्रम मनाया। ताजिया जुलूस में युवाओं ने लाठी भांजने और शारीरिक करतबों के माध्यम से अपनी श्रद्धा और कला का प्रदर्शन किया। लोगों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज़ करतब दिखाए, जिन्हें देख दर्शक आंखें फाड़कर देखते रह गए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे। बीडीओ सोनिया ढनढननिया, सीओ मोहम्मद रईस आलम, थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी, एसआई आदित्य कुमार, एसआई धीरेन्द्र पासवान सहित अन्य दंडाधिकारी और पुलिस बल मौके पर तैनात रहे। जुलूस को पूर्व निर्धारित रूट से शांतिपूर्वक निकाला गया। जुलूस में हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के लोगों की भागीदारी ने सामाजिक सौहार्द का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर हजीफ नौशाद आलम, मो. तनवीर आलम, मो. तुफैल आलम, शफकत खान, साकिब आलम, इमाम अशफाक खान, बल्लू, इकराम उद्दीन, मो. एजाज, बिलाल, अली खान, सहाब, सागर अली, जावेद अली, आसिफ उर्फ आसो मियां, मोनाजिर आलम, राजीव कुमार उर्फ राजू सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

# जदयू कार्यकर्ता आज साइकिल रैली से मतदाताओं को करेंगे जागरुक





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** चुनाव आयोग द्वारा जारी गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में शत प्रतिशन मतदाताओं का फॉर्म जमा करने के लक्ष्य को लेकर जदयू कार्यकर्ताओं ने पंचायतों में साईकिल रैली के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने का निर्णय लिया है। प्रदेश जदयू के निर्णय और जिला पार्टी के निर्देशानुसार रजौली प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में साईकिल रैली निकालने को लेकर प्रखंड जदयू की बैठक अर्चना होटल स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुआ। बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष सह एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना ने सभी कार्यकर्ताओं से बढ़-चढ़कर अपने पंचायतों में मतदाताओं को जागरूक करने का आह्वाहन किया।

बैठक की अध्यक्षता प्रखंड जदयू अध्यक्ष सह 20सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ़ कारु सिंह ने किया जबकि संचालन प्रखंड सचिव अनिल प्रसाद सिंह ने किया।

मौके पर प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य अजय यादव, संदीप सिंह, नगर अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा, धमनी पंचायत अध्यक्ष विक्रम मोदी, राजू यादव, अजय प्रसाद, अजय पांडेय, धर्मेन्द्र प्रसाद समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# यूजी परीक्षा केंद्र परिवर्तन पर छात्र जदयू ने जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा यूजी सत्र 2023-2027 के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा केंद्र को रवि कांत पूनम कॉलेज से बदलकर सीताराम साहू कॉलेज, नवादा किए जाने पर छात्र जदयू नवादा जिलाध्यक्ष बिपिन कुमार चौधरी ने विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताया है। उन्होंने इस निर्णय को छात्रहित में लिया गया एक संवेदनशील और सराहनीय कदम बताया है, जिससे जिले के हजारों छात्रों को सुरक्षा और सुविधा दोनों मिलेगी। बिपिन कुमार चौधरी ने कुलपति, रजिस्ट्रार और परीक्षा नियंत्रक सहित विश्वविद्यालय के समस्त प्रशासनिक पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस फैसले से छात्रों को लंबी दूरी की यात्रा और अन्य कठिनाइयों से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस बदलाव में मगध विश्वविद्यालय छात्र जदयू के विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा की सतत पहल और सक्रिय सहयोग अहम रहा, जिसके चलते यह सकारात्मक निर्णय संभव हो पाया। बिपिन चौधरी ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी छात्रहित को प्राथमिकता देते हुए ऐसे ही तत्काल और प्रभावी निर्णय लिए जाते रहेंगे।

# बिंद हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के बिंद गांव में चार दिन पहले हुए युवक राजू रविदास की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गांव के ही उपेंद्र रविदास के पुत्र सूरज कुमार और दिनेश रविदास के पुत्र रोहित कुमार के रूप में की गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने जांच में पाया कि 1 जुलाई को दिन में किसी बात को लेकर मृतक राजू रविदास और उमेश रविदास के बीच कहासुनी हुई थी। उसी दिन शाम को सूरज और रोहित राजू के घर पहुंचे और उसे अपने साथ चलने के लिए कहा। तीनों कुंभरी नदी किनारे पहुंचे, जहां पहले साथ बैठकर खाना खाया। इसके बाद, अचानक सूरज और रोहित ने राजू के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के क्रम में वे पास के एक पुराने, खंडहरनुमा संस्कृत विद्यालय से ईंट उठाकर लाए और बेरहमी से राजू को कुचलकर उसकी हत्या कर दी। सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि हत्या के बाद भी आरोपित रोहित मृतक के अंतिम संस्कार में शामिल हुआ था, जिससे किसी को शक न हो। थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपितों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने वैज्ञानिक और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया और न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जांच के दौरान आरोपियों के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है, जो इस केस में तकनीकी साक्ष्य के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की तह तक जाकर जांच जारी है और इसमें और भी खुलासे हो सकते हैं।

## डुमरामा हत्याकांड: एनसीपी ने की आरोपितों की अविलंब गिरफ्तारी और स्पीडी ट्रायल की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरामा गांव में दो दलित किशोरों की निर्मम हत्या के मामले को लेकर राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के जिलाध्यक्ष राजकुमार पासवान ने इस हत्याकांड की कड़ी निंदा करते हुए जिला प्रशासन से आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी और स्पीडी ट्रायल के माध्यम से फांसी की सजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मृतक ओमप्रकाश पासवान की 19 वर्षीय पुत्री और संटू पासवान के विकलांग 17 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार की हत्या कुशवाहा समाज के कुछ दबंगों ने केवल इस कारण कर दी क्योंकि उन्होंने गांव के मंदिर में पूजा करने का प्रयास किया। राजकुमार पासवान ने आरोप लगाया कि करीब 25 से 30 की संख्या में एकजुट होकर आरोपितों ने दोनों किशोरों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। एनसीपी जिलाध्यक्ष ने सरकार से मांग की कि मृतक परिजनों को 20-20 लाख रुपये का मुआवजा और परिवार के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जिला प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

# पहाड़पुर मोहल्ले में धूमधाम से निकली कलश शोभायात्रा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ स्थित पहाड़पुर मोहल्ले में सोमवार को धार्मिक उत्साह और आस्था के साथ कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मोहल्ले में 24 घंटे का अखंड कीर्तन भी प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। प्रातः काल देवी स्थान से 201 महिलाओं और कन्याओं ने सिर पर कलश रखकर भक्ति गीतों की मधुर धुन पर झूमते हुए मोहल्ले का परिभ्रमण किया। यह जुलूस कोसुक के समीप पंचाने नदी तक पहुंचा, जहां से पवित्र जल भरकर वापस देवी स्थान लौटा। जलभरी की इस पारंपरिक रस्म के उपरांत वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हुआ। हरे राम हरे कृष्णा के जयकारों से पूरा वातावरण गूंजायमान हो गया। पूजा समिति के सदस्य आलोक कुमार ने बताया कि यह आयोजन मोहल्ले की सुख-शांति और शहर के वातावरण को बेहतर बनाने की कामना से किया गया है। इस धार्मिक आयोजन में मुकेश कुमार, पंकज कुमार, आलोक कुमार, सूरज कुमार, रवि कुमार, निक्कू कुमार, मुन्ना कुमार, विनय कुमार, वीरेश प्रसाद, भूपेंद्र कुमार, मंजीत कुमार सहित पहाड़पुर मोहल्ले के समस्त निवासी उपस्थित रहे।

# टेलीस्कोपिक सर्जरी से ऑपरेशन हेतु प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा शहर के चर्चित डॉक्टर मधु सिन्हा के क्लीनिक में रविवार को दूरबीन सर्जरी के द्वारा ऑपरेशन करने को लेकर एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पटना से पहुंचे प्रशिक्षक डॉक्टर संजीव कुमार द्वारा डॉक्टर मधु सिन्हा की पहल यह प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि दूरबीन सर्जरी का प्रयोग अब अनेक प्रकार के ऑपरेशन में किया जाता है । निःसंतान दंपतियों के लिए यह ऑपरेशन बहुत ही लाभदायक व सुरक्षित है। ऑपरेशन की इस विधि को हिस्टोरोस्कॉपी, लेप्रोस्कोपी सर्जरी के नाम से भी जाना जाता है। इसके माध्यम से बांझपन के समस्या का पता लगाकर उसकी समस्याओं को दूर किया जाता है। इसमें ऑपरेशन करने वाली महिलाओं को अनेक फायदे हैं। इसमें महिलाओं को ना तो ज्यादा दर्द होता है, ना ज्यादा दिनों तक हॉस्पिटल रहने की आवश्यकता पड़ती है और ना तो ज्यादा ब्लड का नुकसान होता है और नहीं बड़े-बड़े टांके लगाने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि दूरबीन सर्जरी में लोगों को खर्च भी कम होती है। इस मौके पर गायनी से जुड़े अनेको डॉक्टरों की उपस्थिति में दूरबीन सर्जरी के 10 महिलाओं का सफल ऑपरेशन भी किया गया। मौके पर शहर के अनेक लोग मौजूद होकर इस प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

# हसनगंज के करबला में हुआ 18 ताजियों का शांतिपूर्ण पहलाम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)।** मोहर्रम के मौके पर सोमवार को पकरीबरावां प्रखंड में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हसनगंज स्थित करबला में कुल 18 ताजियों का पहलाम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जुलूसों में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद किया।

सबसे पहले दोस्तलीबीघा गांव से ताजिये के साथ जुलूस निकाला गया, जिसके बाद बरडीहा, चमन, छोटी तालाब, पकरी, मो.पुर, सुदनपुर, दत्तरौल, केशोचक समेत अन्य गांवों से भी जुलूस करबला की ओर रवाना हुआ। अधिकांश ताजियों का पहलाम हसनगंज स्थित करबला में ही किया गया। रविवार को सिमरिया, मड़वा समेत अन्य गांवों में बने 5 ताजियों का पहलाम पहले ही किया जा चुका था। इस तरह पूरे क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। जुलूस के दौरान एसडीपीओ महेश चौधरी, बीडीओ डॉ. मृत्युंजय कुमार, प्रभारी अंचलाधिकारी निशांत कुमार, पुलिस निरीक्षक प्रशांत कुमार, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, एसआई कन्हैया लाल, चंदन कुमार, अभिषेक कुमार, स्नेहा कुमारी समेत अन्य अधिकारी और पुलिसकर्मी चक्रमण करते रहे। हसनगंज स्थित करबला में प्रकाश, पेयजल, शर्बत और बैठने की व्यवस्था की गई थी। शाम को ताजियों का पहलाम हुआ, जिसके बाद दक्षिणी ग्राम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो. फारुख आजम ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को सम्मानित किया। पूरे आयोजन में धार्मिक श्रद्धा, सामाजिक एकता और प्रशासनिक चौकसी का अद्‌भुत समन्वय देखने को मिला।

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगी परीक्षा बोर्ड इंजीनियरिंग परीक्षा में कौआकोल की सिमरन बनीं बिहार टॉपर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगी परीक्षा बोर्ड इंजीनियरिंग परीक्षा (बीसीईसीई लेटरल एंट्री) द्वारा घोषित परिणाम में कौआकोल के रानीबाजार गांव की एक छात्रा ने बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसकी इस सफलता पर गांव सहित प्रखण्ड के लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है। छात्रा के पिता रंजीत कुमार ने बताया कि सिमरन ने बीसीईसीई लेटरल एंट्री परीक्षा में सामान्य कोटे में पूरे बिहार में प्रथम रैंक प्राप्त की है। बता दें कि बीसीईसीई एलई (लेटरल एंट्री) परीक्षा बिहार के संस्थानों में इंजीनियरिंग, फार्मेसी और कृषि जैसे विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में दूसरे वर्ष में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है जिन्होंने डिप्लोमा या उ.ट्ट्द. किया है और इंजीनियरिंग के दूसरे वर्ष में सीधे प्रवेश लेना चाहते हैं। सिमरन की इस उपलब्धि से उनके परिवार एवं शुभचिंतकों में काफी खुशी है। बता दें कि सिमरन के पिता रणजीत कुमार गांव में ही गोला की दुकान चलाते हैं,जबकि उनकी माता कुमारी मोना गृहिणी हैं। सिमरन की इच्छा एक बेहतर इंजीनियर बनकर देश की सेवा करने का है।

# 9 जुलाई को नवादा पहुंचेंगे तेजस्वी यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** 9 जुलाई को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव नवादा जिला आ रहे हैं। उनके आगमन की तैयारी को लेकर रजौली में राजद के कार्यकर्ताओं ने एक बैठक कर नवादा जाने का निर्णय लिया है। राजद के राज्य परिषद सदस्य सह रजौली विधानसभा पर्यवेक्षक नंदकिशोर यादव ने कहा कि 9 जुलाई को तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर रजौली विधानसभा क्षेत्र के रजौली, सिरदला एवं मसकौर से हजारों की हजार संख्या में राजद के कार्यकर्ता नवादा पहुंचेंगे। नवादा में कौशल यादव, पूर्णिमा यादव और सलमान रागिव मुन्ना 9 जुलाई को राजद का दामन थामने वाले हैं। इसी को लेकर 9 जुलाई को नवादा के आईटीआई मैदान में राजद का भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है। वहीं राजद नेत्री प्रेम चौधरी ने कही की इस बार के विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव को सहयोग कर बिहार के मुख्यमंत्री बनाने में पुरजोर समर्थन करेंगे। उन्होंने बताया कि राजद की पार्टी गरीबों, शोषितों वंचितों की पार्टी है। तेजस्वी यादव सभी लोगों के नेता हैं। सभी वर्गों के बारे में सोचते हैं। उन्होंने 17 महीने के कार्यकाल में सभी वर्ग के लोगों के लिए कई कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी की साजिश है जिसके कारण गरीबों, वंचितों का नाम वोटर लिस्ट से काटने का काम किया जा रहा है। यह हम लोग होने नहीं देंगे। हमारे नेता तेजस्वी यादव ऐसा होने हरगिज नहीं देंगे। मौके पर राजद के बालकृष्ण प्रसाद यादव, कृष्णा यादव, राजेंद्र प्रसाद, देवनंदन यादव के साथ राजद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मारपीट मामले में एक गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव से मारपीट एवं एस/ एसटी अधिनियम से जुड़े एक मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि भोदू मंडल को गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कांडों के आरोपितों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच नवादा में हुआ ताजियों का पहलाम





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** रंजो गम का त्योहार मोहर्रम के मौके पर सोमवार को नवादा में ताजिया का पहला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच की गई। नवादा शहर के विभिन्न इमामबाड़ों पर बैठने वाले ताजिया को बीती रात ताजियादारों द्वारा बुंदेला बाग स्थित कब्रिस्तान में लाया गया। सभी ताजिया का एक साथ मिलन के उपरांत सोमवार की शाम से ताजिया का पहलाम शुरू हुआ, जो देर रात तक चला। पहलाम को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। नवादा डीएम कोठी के समीप स्थित कब्रिस्तान में ताजिया का पहला किया गया। जिला प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ बुंदेलाबाग से लेकर मे बुन्देलखण्ड, रेलवे क्रोसिंग, बस स्टैंड, लाल चौक, प्रजातंत्र चौक, भगत सिंह चौक, रामनगर डीएम कोठी तक सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रही। इन मार्गो पर बड़े वाहनों के साथ-साथ दो पहिया वाहनों का भी आवागमन रोक दिया गया था। किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो इसको लेकर इन मार्गो पर बिजली आपूर्ति भी बाधित रखी गई। बीती रात से बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण कई घरों में पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई। बुंदेलखंड, रेलवे क्रॉसिंग, पारनवादा बस स्टैंड, लाल चौक प्रजातंत्र चौक, भगत सिंह चौक सहित विभिन्न स्थानों पर पुलिस पर दंडाधिकारी बल की प्रति नियुक्ति की गई थी। सदर एसडीओ और एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस बल दंडाधिकारी पारनवादा क्षेत्र में मौजूद रहे। ताजिया पहलाम के मौके पर प्रगति फाउंडेशन, सेवा शिविर के साथ-साथ कई स्वयंसेवी संगठनों द्वारा शिविर लगाकर ताजिया में शामिल लोगों को शुद्ध पेयजल व खिचड़ा का वितरण किया गया। गोविंदपुर विधायक मोहम्मद कामरान खुद ताजिया जुलूस में शामिल लोगों को पानी पिलाते देखे गए। ताजिया पहलाम के दौरान ही विभिन्न अखाड़े के लोगों द्वारा अखाड़ा भी खेला गया।

# दो दिवसीय मशाल कार्यक्रम में 11 संकुल के विद्यालयों के छात्र व छात्राओं ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण खेल विभाग बिहार द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय मशाल कार्यक्रम प्रखंड स्तरीय आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन इंटर विद्यालय नारदीगंज के खेल मैदान में सोमवार को हुआ। उद्धघाटन बीडीओ सोनिया ढनढननिया, बीइओ दीपक सक्सेना, उप प्रमुख अमित कुमार, प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, बीआरपी आनन्द कुमार समेत अन्य ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में नारदीगंज प्रखंड के 11 संकुल के विद्यालयों के छात्र व छात्राओं ने भाग लिए कार्यक्रम में खेल में 60 मीटर,100,200 मीटर की दौड़, साइकिल रेस में तीन व पांच किलोमीटर रेस, ऊंची कूद, लम्बी कूद समेत अन्य विद्याओं में छात्र व छात्राएं ने दमखम दिखाए। विभिन्न प्रकार के खेलों में सफल प्रतिभागियों में बालक व बालिकाओं वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय को मेडल, कप और प्रशस्ति पत्र देकर देकर सम्मानित किया गया।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में सहकारिता की भूमिका अहम : डॉ. प्रेम कुमार

## 'सहकार में समृद्धि' थीम पर गया में सहकारिता विभाग का स्थापना दिवस आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया जिला अतिथि गृह सभागार में सोमवार को सहकारिता विभाग द्वारा 'सहकार में समृद्धि' थीम पर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर सहकारिता विभाग का चौथा स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने किया। अपने संबोधन में प्रेम कुमार ने कहा कि 6 जुलाई सहकारिता आंदोलन के लिए ऐतिहासिक दिन है। इसी दिन कृषि विभाग से अलग कर सहकारिता विभाग की स्थापना हुई थी जिसका नेतृत्व देश के गृह मंत्री अमित शाह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को



मजबूती मिल रही है। यह एक मूल्य आधारित सामाजिक एवं आर्थिक व्यवस्था है जिसे व्यापक स्तर पर विकसित करना समय की मांग है। उन्होंने बताया कि संविधान के 97वें संशोधन के तहत देश के नागरिकों को सहकारी समितियों के गठन का अधिकार दिया गया है और राज्यों को इनके विकास की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहकारिता विभाग कृषि साख की उपलब्धता, खाद्यान्न भंडारण, न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने, फसल क्षति पर सहायता योजना तथा पैक्सों में कृषि संयंत्र बैंक की स्थापना जैसे कार्यों में सक्रिय है। वर्ष 2024-25 में भारत सरकार ने सहकारी क्षेत्र के विकास हेतु 61 प्रमुख पहलें की हैं। इसके तहत जन औषधि केंद्र, पेट्रोल-डीजल आउटलेट, कॉमन सर्विस सेंटर, पीएम किसान समृद्धि केंद्र जैसे संस्थान पैक्सों के माध्यम से स्थापित किए जा रहे हैं। इससे न केवल रोजगार बढ़ेगा, बल्कि पैक्सों की आय में भी वृद्धि होगी। देशभर की सहकारी समितियों का डाटा नेशनल कोऑपरेटिव डाटा बेस पोर्टल पर संधारित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 की थीम 'कोऑपरेटिव बिल्ड बेटर वर्ल्ड' के तहत बिहार सरकार ने 'सहकारिता से सहकार' अभियान को स्वीकृति दी है जिसका मकसद डोर स्टेप बैंकिंग के माध्यम से किसानों और आमजनों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मगध प्रमंडल विपणन सहकारी संघ के अध्यक्ष वसंत परमार ने की जबकि मंच संचालन पप्पू चंद्रवंशी ने किया। स्वागत भाषण विजय कुमार ने और धन्यवाद ज्ञापन जिला सहकारिता पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जितेंद्र यादव, अशोक सहनी, विनोद दांगी, मुन्ना लाल बारीक, वीरेंद्र राउत, राजू अधिवक्ता, मुन्ना पाठक, अमरनाथ गिरी, विनय जैन, मनोज पासवान, पवन कुमार, वेद प्रकाश, शिवा मांझी, बंटी वर्मा, सचिन कुमार समेत अनेक सहकारी समितियों से जुड़े प्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गया के बाराचट्टी जंगल से 56 किलोग्राम डोडा बरामद



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** विश्वसनीय सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कमांडेंट मधुकर अमिताभ के निर्देश पर 29वीं वाहिनी की 'ई' समवाय धनगई के निरीक्षक (सामान्य) प्रवीण कुमार के नेतृत्व में एसएसबी, सर्किल ऑफिस बाराचट्टी और स्थानीय थाना बाराचट्टी की टीम ने संयुक्त सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान बाराचट्टी थाना क्षेत्र के छोटकी चापी गांव स्थित घने जंगल से 56 किलोग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ डोडा बरामद किया गया। टीम को लंबे समय से इस इलाके में अवैध मादक पदार्थों की गतिविधियों की सूचना मिल रही थी। बरामद डोडा को विधिक प्रक्रिया के तहत थाना बाराचट्टी को सौंप दिया गया है। पूरे मामले में संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है। अधिकारी स्तर पर कहा गया है कि इस तरह के अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे।

# मगध विश्वविद्यालय के कुलपति एसपी शाही को सियोल अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में आमंत्रण

## 'बिहार में अनुसूचित जातियों का राजनीतिक सशक्तिकरण' पर प्रस्तुत करेंगे शोध-पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एसपी शाही को 12 से 16 जुलाई तक दक्षिण कोरिया के सियोल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक विज्ञान संघ की संगोष्ठी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस वैश्विक शैक्षणिक मंच पर प्रो. शाही 14 जुलाई को 'बिहार में अनुसूचित जातियों का राजनीतिक सशक्तिकरण' विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। इस शोध में बिहार के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य में अनुसूचित जातियों की भागीदारी, जागरूकता और



लोकतांत्रिक सशक्तिकरण की प्रक्रियाओं का विश्लेषण किया गया है। यह अध्ययन वैश्विक विमर्श में भारत, विशेषकर बिहार की सामाजिक चेतना और नीतिगत बदलावों की भूमिका को रेखांकित करता है। राज्यपाल द्वारा इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अवसर को शिक्षाविदों और समाजशास्त्रियों ने बिहार के लिए गौरवपूर्ण बताया है। उनका कहना है कि यह भागीदारी न केवल मगध विश्वविद्यालय की अकादमिक साख को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगी, बल्कि सामाजिक शोध के क्षेत्र में भी राज्य को एक नई पहचान प्रदान करेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति से स्थानीय मुद्दे वैश्विक बहस का हिस्सा बनते हैं और इससे नीति-निर्माण की दिशा को भी प्रेरणा मिलती है। बिहार जैसे राज्य की सामाजिक संरचना और उसके भीतर हो रहे परिवर्तन अब वैश्विक पटल पर चर्चा का विषय बनेंगे।

# अतरी में बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** अतरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को जब्त किया और चालक कुंदन कुमार को गिरफ्तार किया। कुंदन नालंदा जिले का निवासी है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि अतरी थाना क्षेत्र के अरई मोड़ और सेवतर बाजार के बीच पुलिस ने छापेमारी कर बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया और चालक कुंदन कुमार को गिरफ्तार किया।

कुंदन नालंदा जिले का निवासी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मोहड़ा के रिउला नदी घाट से अवैध रूप से बालू उठाव कर नालंदा ले जाया जा रहा है। इसी आधार पर कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि चालक को जेल भेजा गया है।

# मंत्री प्रेम कुमार ने किया गया में चार विकास कार्यों का लोकार्पण

## माड़नपुर, मंगला गौरी और डाकखाना गली में वर्षों से लंबित मांगें पूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने सोमवार को गया नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत पूर्ण हुए चार विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इन कार्यों के माध्यम से स्थानीय नागरिकों की वर्षों पुरानी मांगों को मूर्त रूप दिया गया है। वार्ड संख्या 44 के माड़नपुर स्थित विद्यालय परिसर में 1.55 लाख की लागत से बनी चाहरदीवारी का लोकार्पण किया गया। यह चहारदीवारी सुरक्षा के साथ-साथ परिसर की सौंदर्यात्मक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसी वार्ड के बुढ़वा महादेव मंदिर के




पास 87,300 की लागत से निर्मित पेभर पथ (पीवर ब्लॉक सड़क) का उद्घाटन हुआ। वार्ड संख्या 43 में मंगला गौरी मंदिर के निकट 6.18 लाख की लागत से पथ और नाली निर्माण कार्य तथा वार्ड संख्या 42 की डाकखाना गली में 4.53 लाख की लागत से निर्मित पथ और नाली का उद्घाटन किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत आमजन की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। हर वार्ड और हर गली तक विकास पहुंचाना सरकार का उद्देश्य है। अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के साथ नागरिकों की दैनिक सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि ये कार्य लंबे समय से लंबित थे और अब इनके पूरा होने से दैनिक जीवन में सुविधा और सुगमता आएगी। लोगों ने इस पहल को जनहित में सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रेम सागर, अमरनाथ गिरी, वीरेंद्र राउत, मुन्ना पाठक, वार्ड पार्षद राजीव सिन्हा, विनोद पासवान, शिवा मांझी, धीरेंद्र धीरू, वेद प्रकाश, अधिवक्ता राजेंद्र, जितेंद्र कुमार, छोटू समेत कई स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बिहार की राजनीति के गब्बर है लालू यादव : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के मानपुर प्रखंड में आयोजित प्रियदर्शी सम्राट अशोक सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शामिल हुए जहां कार्यकर्ताओं ने उन्हें सोने और चांदी का मुकुट व फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में मगध प्रमंडल के गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल और नवादा जिला से हजारों की संख्या में कुशवाहा समाज के लोग शामिल हुए। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री



सम्राट चौधरी ने कहा कि आप लोग एनडीए को अपना बहुमत दें, हमारा वादा है अब बिहार के बच्चों को शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और न ही लोग रोजगार के लिए पलायन करेंगे। वहीं उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर तंज करते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव बिहार के राजनीति के गब्बर हैं, उन्होंने सभी वर्ग के लोगों को डराने का कार्य किया है। समाज का सभी तबका चाहे वह दलित, महादलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा या स्वर्ण जाति का हो, सभी लोगों को लालू यादव ने डराया है। वर्ष 2005 में लगभग सवा करोड़ लोग उनके डर से पलायन किया करते थे, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। अब सभी क्षेत्र में व्यापक कार्य हो रहा है। बिहार का इंफ्रास्ट्रक्चर बदल रहा है और लोगों को रोजगार मिल रहा है।

# हुसैनी अखाड़ा के सौजन्य से भाम गांव में अखाड़ा कार्यक्रमों का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** तिनेरी पंचायत के भाम गांव में हुसैनी अखाड़ा के सौजन्य से एक भव्य अखाड़ा कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया जिसमें आंती थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता और कमेंट्री मुखिया प्रतिनिधि मो इंतेशाब ने किया। कार्यक्रम में अर्थुआ, सुल्तानपुर, दाऊद नगर और भैंसासुर के टीमों ने भाग लिया जिनमें भैंसासुर टीम ने अखाड़ा प्रतियोगिता में जीत हासिल की। आंती थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने कार्यक्रम में शिरकत की और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिभाओं ने अपनी कर्तव्य कौशल का प्रदर्शन किया



जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। हुसैनी अखाड़ा के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कौशल दिखाने का अवसर प्रदान किया, बल्कि समुदाय के बीच एकता और सौहार्द का संदेश भी दिया। आंती थानाध्यक्ष रणजीत कुमार की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। मौके पर जेडीयू जिला महासचिव मो. आकिब आलम, सरपंच प्रतिनिधि मो. शाहिद उर्फ साहु, मो. जसीम, मो.सगीर, मो. गामा जी, रब्बानी, मो. जिशान, हसनैन, मुजम्मिल, मो. नबी आलम, मो. मुर्शीद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# गया-कोडरमा रेलखंड पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** गया-कोडरमा ग्रैंडकॉर्ड रेलखंड पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना टनकुप्पा स्टेशन पर हुई थी। पहले इंटरसिटी एक्सप्रेस से गिरकर जख्मी हुआ था, इसके बाद जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस की चपेट में आने से उसका पैर कट गया। युवक की मौत गयाजी के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल ले जाने वक्त रास्ते में ही हो गई। मृतक के पिता मगध मेडिकल थाना द्वारा की जा रही आगे की कार्रवाई को लेकर थाना पहुंच गए थे। जिन्होंने बताया कि उनके 19 वर्षीय पुत्र लड्डू रजक की मृत्यु हो गई है।

## गुरगुपा-गझंडी रेलखंड के हॉल्टों पर यात्री सुविधाओं का घोर अभाव

**गया।** गया-कोडरमा रेलखंड के गुरगुपा-गझंडी घाटी सेक्शन के यदुग्राम, बसकटवा, नाथगंज और लालबाग जैसे रेलवे हॉल्टों पर यात्री सुविधाओं की कमी है। यहां पानी, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाएं नहीं है जिससे गया-कोडरमा रेलखंड के गुरगुपा-गझंडी घाटी सेक्शन में स्थित यदुग्राम, बसकटवा, नाथगंज, लालबाग जैसे रेलवे हॉल्टों पर यात्री सुविधाओं की भारी कमी है। इन स्टेशनों पर पीने के पानी, शौचालय, पेशाब घर, शेड आदि बुनियादी सुविधाएं नहीं होने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। घनेजंगल और पहाड़ी इलाके में स्थित इन हॉल्टों पर यात्रियों को पानी तक मयस्सर नहीं होता। स्थानीय जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रेल मंत्री, जीएम व डीआरएम से यहां सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

# चुनाव आयोग के ताजा विज्ञापन से मतदाता पुनरीक्षण को लेकर साफ दिखा षड्यंत्र : राजेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने चुनाव आयोग के आज के विज्ञापन को लेकर जिसमें कागजातों और तस्वीरों को लेकर सूचना छपी है कि उनकी आवश्यकता मतदाता पुनरीक्षण में नहीं है, को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा बड़े षड्यंत्र का आरोप लगाया है। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि मतदाता सूची से संबंधित फॉर्मों पर जारी एक पोस्टर में चुनाव आयोग ने अब कहा है कि निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी दस्तावेजों के बिना भी सत्यापन पर



निर्णय ले सकता है। पोस्टर में कहा गया है कि यदि आवश्यक दस्तावेज और फोटो उपलब्ध नहीं है तो बस नामांकन फॉर्म भरें और उसे बूथ स्तर अधिकारी को दें। इसमें आगे अहम बात यह जोड़ी गई है कि यदि आप आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं तो चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारी स्थानीय जांच या अन्य दस्तावेजों के आधार पर निर्णय ले सकता है। इसका अर्थ यह है कि इआरओ उन लोगों से मिलने मौके पर जाएंगे जिन्होंने दस्तावेज जमा नहीं किए हैं। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि फॉर्म भरने वाला व्यक्ति 18 वर्ष का है या नहीं, उस क्षेत्र में निवास की अवधि की जानकारी लेंगे, आसपास के लोगों से बात करेंगे और उपलब्ध साक्ष्य व दस्तावेजों के आधार पर निर्णय लेंगे। यह विज्ञापन न सिर्फ चुनाव आयोग की अकर्मण्यता की पोल खोलता है अपितु बिहार विधान सभा में सत्ता धारी दल की अनैतिक मदद की शंका भी पैदा करता है। हमारे इस संदर्भ में कुछ प्रासंगिक सवाल- सवाल यह उठता है कि फिर इस पूरी प्रक्रिया की प्रासंगिकता क्या रह गई है? क्या यह एक नियोजित षड्यंत्र है कुछ राजनैतिक दलों को लाभ पहुंचाकर लोगों के नाम मतदाता सूची से काटने का, अगर अंतिम निर्णय इआरओ के विवेक पर छोड़ा गया है तो क्या बहुत बड़ी संख्या में भाजपा और जेडीयू की सरकार दबाव बनाकर वोटर लिस्ट में मनमानी नहीं करेगी, क्या हाल ही में बिहार में स्पेशल समरी रिवीजन वोटर लिस्ट का नहीं किया गया है जिसमें 6 जनवरी 2025 में अंतिम प्रकाशन मतदाता सूची का किया गया है जिसके तहत घर-घर जाकर सर्वेक्षण, भौतिक स्थल पर जाकर सत्यापन, दावों और आपत्तियों की सूची का प्रदर्शन और साझा करना, प्रारूप और अंतिम मतदाता सूची को राजनीतिक दलों के साथ साझा करना। जब यह पूरी प्रक्रिया जनवरी में ही की जा चुकी है तो फिर वही प्रक्रिया चुनावों के ठीक पहले फिर करना संदेह पैदा करने वाली है। चुनाव आयोग को तुरंत इस निर्णय को वापस लेना चाहिए क्योंकि जो खबर इस प्रक्रिया को लेकर बिहार के विधान सभा क्षेत्रों से आ रही है कि लोग खुद किसी भी प्रकार का फॉर्म भरने में समर्थ नहीं है वो चिंता बढ़ाने वाली है।

# दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी थाना की पुलिस दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि टिकारी थाना क्षेत्र के एक मुहल्ले की युवती द्वारा शिकायत की गई कि एक युवक द्वारा घर में घुस जोर जबरदस्ती किया जाने लगा। हो हल्ला करने पर जूटे अन्य लोगों द्वारा युवक को पकड़ टिकारी थाना की पुलिस के हवाले कर दिया गया। साथ ही साथ युवक की बाइक भी टिकारी थाना में जमा कर दिया गया। शिकायत मिलते ही पुलिस द्वारा युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। युवती द्वारा पूर्व में भी युवक पर बलात्कार का प्रयास करने का आरोप लगाया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान औरंगाबाद जिला के हसपुरा थाना क्षेत्र के चौराही ग्राम के भूषण राम के पुत्र विमलेश कुमार के रूप में हुई। जानकारी हो कि युवती टिकारी अपने नानी के घर रह रही थी। एसएचओ श्री कुमार ने बताया कि पूछताछ कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

# सभी जिला मुख्यालयों में सितम्बर से पिंक बसें चलाने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में महिलाओं के लिए परिवहन सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा है। सितंबर तक सभी जिला मुख्यालयों में पिंक बस चलाने की तैयारी परिवहन विभाग कर रहा है। इससे संबंधित सभी पहलुओं पर मंथन शुरू हो गई है। इसके लिए 80 और पिंक बसें मंगवाई जा रही है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) ने वर्तमान में चल रही 20 सीएनजी पिंक बस की सफलता के बाद अन्य प्रमुख जिलों में भी इसका परिचालन शुरू करने का फैसला लिया है। इसके लिए पांच करोड़ रुपये की लागत से 80 पिंक बसों की खरीद की जा रही है। इन बसों के अगस्त महीने के अंत तक बिहार पहुंच जाने की संभावना है। इनमें 35 बसों का परिचालन राजधानी पटना में होगा जबकि शेष बसें अन्य प्रमुख जिलों में चलाई जाएंगी। महिलाओं की जरूरतों का ध्यान रखते हुए इन बसों में सेनेटरी पैड और मेडिकल किट की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा सुरक्षा के लिए जीपीएस ट्रैकर, पैनिक बटन, सीसीटीवी कैमरा और मोबाइल चार्जर की सुविधा भी इनमें मौजूद रहेगी। पिंक बस परियोजना को पूरी तरह महिलाओं के माध्यम से ही संचालित करने की योजना है। इसके लिए बीएसआरटीसी दो चरणों में महिला चालकों को प्रशिक्षित करेगा।

# स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने मेदांता अस्पताल, पटना में सर्जिकल रोबोट मशीन का किया उद्घाटन

## बिहार और झारखंड के लिए एक ऐतिहासिक दिन : स्वास्थ्य मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना में जयप्रभा मेदांता अस्पताल ने अत्याधुनिक सर्जिकल रोबोट मशीन के उद्घाटन की घोषणा की। इस समारोह में बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने फीता काटकर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज का दिन बिहार के चिकित्सा इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में रोबोटिक मशीन की स्थापना केवल एक नई सुविधा का उद्घाटन नहीं, बल्कि एक टेक्नोलॉजी-आधारित चिकित्सा युग की शुरुआत है। बिहार में उच्च तकनीक आधारित स्वास्थ्य सेवा अब तेजी से पूरी हो रही है। इस यूनिट की स्थापना यह संदेश देती है कि - बिहार अब केवल उपभोक्ता नहीं, तकनीकी उन्नति का अगुवा बन रहा है। बिहार को और भी ऊंचा ले जाने के लिए मैं अपनी शुभकामनाएं



डॉ नरेश त्रेहन की मेदांता टीम और डॉक्टर्स को देता हूं। जयप्रभा मेदांता अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ रवि शंकर सिंह ने बिहार के लोगों को विश्वस्तरीय, आधुनिक उपचार और सुविधाएं प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना ने उन्नत रोबोटिक सर्जरी प्रोग्राम की सफल शुरुआत कर बिहार और झारखंड के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। इस तकनीक की मदद से अब जटिल सर्जरी कम चीरे, कम संक्रमण और तेज रिकवरी के साथ की जा रही है। अब राज्य के मरीजों को उन्नत सर्जरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। जय प्रभा मेदांता का यह कदम बिहार को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की ओर अग्रसर करता है जहां अब विश्वस्तरीय तकनीक और कुशल डॉक्टरों की टीम के माध्यम से जटिल ऑपरेशन भी आसान और किफायती बन पाएंगे। इस अवसर पर बताया गया कि बिहार और झारखंड में पहली बार सफल रोबोटिक ऑन्कोलॉजी सर्जरी का भी संचालन किया गया है। इस ऐतिहासिक सर्जरी का नेतृत्व डॉ. संदीप कुमार, एसोसिएट डायरेक्टर-सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ने किया जिसमें एक महिला मरीज के गर्भाशय में कैंसरस ट्यूमर को बेहद सटीकता और कम से कम चीर-फाड़ के साथ हटाया गया। डॉ. संदीप ने बताया यह तकनीक हमें गहराई में मौजूद कैंसर ग्रसित अंगों तक सटीकता से पहुंचने में मदद करती है और आसपास के स्वस्थ ऊतकों को बचाने में सहायक होती है। डॉ. रवि शंकर सिंह ने बताया कि जयप्रभा मेदांता रोबोटिक तकनीक के माध्यम से वर्तमान में ऑन्कोलॉजी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी और गायनेक ऑन्कोलॉजी जैसी प्रमुख विशेषज्ञताओं में सर्जरी कर रहा है। आने वाले समय में कार्डियक सर्जरी और ब्रैस्ट सर्जरी में भी इस तकनीक का विस्तार किया जाएगा।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–10–25, दिनांक** 03.07.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए **निविदा सं. ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–10–25** के प्रतिपक्ष ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 2X25 केवी सिस्टम के लिए टीटीसी मास्ट में डबल पोल आइसोलेटर के प्रावधान के लिए अतिरिक्त आइटमों का अनुमानित सूची। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु.3,02,65,560.50, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु.3,01,300/–, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** 25.07.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-178/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने वाली सराहनीय पहल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे कि भारत का हृदय गांवों में बसता है और गांवों के विकास के बिना राष्ट्र के विकास की कल्पना अधूरी है. पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का भी मानना था कि एक विकसित गांव एक विकसित राष्ट्र की नींव है.

दुर्भाग्य से आजादी के बाद गांवों के विकास पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, जिसका ज्वलंत प्रमाण किसानों की आत्महत्याएं हैं. पिछले सिर्फ तीन महीनों में ही महाराष्ट्र में 767 किसान आत्महत्या कर चुके हैं. ऐसे परिदृश्य में 'लोकमत सरपंच अवार्ड' एक नई उम्मीद जगाता है. लोकमत मीडिया समूह की ओर से गुरुवार को मुंबई में राज्य के 24 जिलों से चयनित 13 ग्राम पंचायतों के सरपंचों को 'लोकमत सरपंच अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया.

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री जयकुमार गोरे ने इन पुरस्कार विजेता ग्राम पंचायतों को 25-25 लाख रुपए की विकास निधि दिए जाने की घोषणा भी की. निश्चित रूप से अगर गांवों का विकास होगा तो किसानों की हालत सुधरेगी. यह विडंबना ही है कि पूरे देश का पेट भरने वाले किसान कई बार अपने परिवार का ही पेट भरने में असमर्थ होते हैं और निराशा के चरम क्षणों में उनको अपनी जान देने के अलावा कोई उपाय नहीं सूझता. फसल अच्छी हो चाहे खराब, दोनों ही स्थितियों में किसानों की हालत में ज्यादा फर्क नहीं पड़ता.

बम्पर पैदावार होने पर फसल के दाम इतने गिर जाते हैं कि किसानों को माटी मोल अपनी उपज बेचनी पड़ती है. टमाटर जैसी जल्दी खराब होने वाली सब्जियों के बारे में तो हम प्राय~ हर साल सुनते हैं कि भारी पैदावार होने पर भाव इतने गिर जाते हैं कि किसान उसे बाजार तक ले जाने का खर्च भी कई बार नहीं निकाल पाते या खराब होने पर अपनी पूरी पैदावार ही फेंकनी पड़ती है.

आलू-प्याज की भारी पैदावार होने पर भाव गिरने से कई किसान उसे खेत से खोदकर निकालते ही नहीं, यूं ही छोड़ देते हैं, क्योंकि खर्च ही नहीं निकल पाता ! इसीलिए गांवों में जो भी काम करने लायक युवा होते हैं, उनमें अधिकतर शहरों का रुख कर लेते हैं. क्षमता से अधिक जनसंख्या हो जाने से शहरों पर भी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का बोझ बढ़ता है. कोरोना काल में शहरों से अपने गांवों की ओर लौटने वालों का जो तांता लगा था, वह दृश्य अपनी कहानी खुद कहता है.

इसीलिए डॉ. कलाम का कहना था कि शहरों को गांवों में ले जाकर ही ग्रामीण पलायन को रोका जा सकता है. अर्थात ग्रामीण क्षेत्रों में अगर कल-कारखाने लगाए जाएं तो युवा अपनी खेती का भी काम संभाल सकते हैं और उद्योग-धंधों में काम करके अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकते हैं. शहरीकरण अच्छी बात है लेकिन इस चक्कर में गांवों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए.

बाकी सारी उपभोक्ता वस्तुओं के बिना भी हमारा काम चल सकता है लेकिन अनाज के बिना नहीं चल सकता. इसलिए लोकमत मीडिया समूह के 'लोकमत सरपंच अवॉर्ड' की तरह ग्रामीण विकास को प्रोत्साहन देने वाली और भी पहल होनी चाहिए, ताकि गांवों की बिगड़ती हालत को सुधारा जा सके.

# एक बार फिर पाकिस्तान की साजिश बेनकाब

**पाकिस्तान भले ही अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है लेकिन भारत अब उस दौर में नहीं है जहां वह पाकिस्तान की चालबाजियों का जवाब सिर्फ निंदा प्रस्तावों से देता था। ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया है कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ न केवल रणनीतिक रूप से मजबूत है बल्कि नैतिक रूप से भी वैश्विक समर्थन प्राप्त कर रहा है। पाकिस्तान की सेना और आईएसआई द्वारा चलाया जा रहा आतंकवाद का यह खेल अब लंबे समय तक छिपा नहीं रह सकता। पहलगाम हमले जैसी घटनाएं केवल हमले नहीं बल्कि सबूत हैं इस बात के कि पाकिस्तान का अस्तित्व अब आतंकवाद पर ही निर्भर हो चुका है। जब किसी राष्ट्र का अस्तित्व ही आतंक से जुड़ जाए तो वह राष्ट्र न केवल दूसरों के लिए खतरा होता है बल्कि अपने लिए भी विनाश की पटकथा लिख रहा होता है।**

अमित शर्मा



जब भी कोई आतंकी हमला होता है तो पाकिस्तान पहले इनकार करता है फिर बगलें झांकता है और अंत में बेनकाब हो ही जाता है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जांच में एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) ने जिस तरह पाकिस्तान की साज़िश का पर्दाफाश किया उसने एक बार फिर साबित कर दिया है कि पाकिस्तान न केवल आतंक का पोषक है बल्कि उसकी सेना खुद 'आतंक-व्यवसाय' की बैसाखियों पर टिकी है। यह किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान की सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई लंबे समय से आतंकवादी संगठनों को पालती-पोसती रही है। अब यह केवल एक 'रणनीतिक चाल' नहीं रह गई है बल्कि यह पाकिस्तान की सत्ता संरचना और उसकी आंतरिक राजनीति को बनाए रखने का आवश्यक अंग बन चुका है। वहां के फौजी अफसरों के लिए आतंकवाद का समर्थन करना न केवल परोक्ष रूप से सत्ता पर काबिज बने रहने का तरीका है बल्कि उनके 'कारोबार' का हिस्सा भी है।

पहलगाम हमले की जांच में एनआईए को जो सुराग मिले हैं वे चौंकाने वाले हैं। इस हमले में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों की सक्रिय भूमिका सामने आई है। केवल यहीं तक नहीं इन संगठनों को जो सटीक रणनीतिक और सैन्य प्रशिक्षण मिल रहा है, वह स्पष्ट रूप से पाकिस्तान आर्मी के सहयोग के बिना संभव नहीं। एनआईए को कई तकनीकी सबूत मिले हैं- फोन कॉल्स की निगरानी, संदिग्ध ट्रांजैक्शन्स, और सीमापार से संचालित हैंडलर्स के निर्देश, जो साबित करते हैं कि पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों को पाकिस्तानी मिलिट्री इंटेलिजेंस की प्रत्यक्ष शह प्राप्त थी। जिन आतंकियों ने हमले को अंजाम दिया उन्हें न केवल हथियारों की सप्लाई पाकिस्तान से हुई बल्कि हमले की साजिश और टारगेट सिलेक्शन में भी पाकिस्तानी मिलिट्री की सीधी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। यह प्रश्न अब बार-बार उठता है कि पाकिस्तान की सेना आतंकियों के हाथ की कठपुतली क्यों बन कर रह गई है? इसका जवाब उस गहरे राजनीतिक-आर्थिक गठजोड़ में छिपा है, जिसने पाकिस्तान को एक 'आतंक प्रायोजक राष्ट्र' में तब्दील कर दिया है। पाकिस्तान की सेना अब सिर्फ सीमा की रक्षा करने वाली संस्था नहीं रही बल्कि वह एक विशाल कॉरपोरेट साम्राज्य चला रही है।

पाकिस्तान की सेना के पास आज खुद की रियल एस्टेट कंपनियां, बैंक, कंस्ट्रक्शन कंपनियां, एफएमसीजी और होटल चेन तक हैं। ये संस्थान फौजी फाउंडेशन, आर्मी वेलफेयर ट्रस्ट, शाहीन फाउंडेशन जैसे नामों से चलाए जा रहे हैं। सेना के रिटायर्ड जनरल्स इन कंपनियों के चेयरमैन होते हैं और इनके मुनाफे का एक बड़ा हिस्सा सेना के शीर्ष अफसरों की जेब में जाता है। ऐसे में आतंकवाद का माहौल बनाए रखना, भारत के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाना और कश्मीर में लगातार अशांति बनाए रखना सेना के इस कारोबारी मॉडल का हिस्सा बन चुका है। अगर सीमा शांत हो गई, आतंकवाद खत्म हो गया तो सेना की अहमियत भी खत्म हो जाएगी और उसका आर्थिक साम्राज्य भी खतरे में पड़ जाएगा।

इसके अलावा पाकिस्तानी सेना को असली ताकत विदेशी सहायता से मिलती है। अमेरिका, चीन और खाड़ी देशों से मिलने वाली सैन्य और आर्थिक मदद का बड़ा हिस्सा आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। जब भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान को यह दिखाना होता है कि वह 'आतंकी हमलों का शिकार' है तो आईएसआई और सेना मिलकर नकली हमलों की पटकथा रचते हैं और फिर वही हमले 'ग्लोबल वॉर ऑन टेरर' के नाम पर मदद का बहाना बनते हैं।

भारत अब पाकिस्तान के असली चेहरे को विश्व के सामने लाकर उसे मिलने वाली आर्थिक सहायता पर चोट करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। कई देशों में भेजे गए ऑल पार्टी डेलीगेशन और हाल ही में आईएमएफ की तरफ से दी गई ग्रांट का विरोध इसका जीता जागता उदाहरण है। भारत की नीति अब रक्षात्मक नहीं, आक्रामक हो चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को यह एहसास हो भी गया है कि भारत अब हर हमले का जवाब देगा, सीमा पार भी। एनआईए जैसी संस्थाओं की प्रोफेशनल जांच और वैश्विक मंचों पर भारत की कूटनीति ने पाकिस्तान को लगातार घेरा है। अब दुनिया यह मानने लगी है कि पाकिस्तान न केवल आतंकवादियों को पनाह देता है, बल्कि उन्हें प्रशिक्षित कर भारत जैसे लोकतांत्रिक देशों के खिलाफ इस्तेमाल भी करता है।

एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में पाकिस्तान का रहना उसके लिए एक निरंतर शर्मिंदगी का विषय बन चुका है। बार-बार पाकिस्तान वादे करता है कि वह आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करेगा लेकिन जैसे ही दुनिया का ध्यान हटता है, वह फिर पुराने ढर्रे पर लौट आता है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत ने सबूतों के साथ पाकिस्तान को बेनकाब किया है, चाहे वह यूएन हो या जी 20 या एससीओ। भारत यह संदेश देने में कामयाब रहा है कि पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को सिर्फ एक दो संगठनों या चेहरों के जरिए समझना भूल होगी। यह एक बहुस्तरीय और बहुपक्षीय प्रणाली है जिसमें राजनीतिक दल, सेना, खुफिया एजेंसियां, धर्मगुरु और मीडिया तक शामिल हैं।

आईएसआई ही वह संस्था है जो आतंकवाद का खाका तैयार करती है। उसके पास खास 'टेरर मैनेजमेंट यूनिट्स' होती हैं जो भर्ती, फंडिंग और ट्रेनिंग की जिम्मेदारी उठाती हैं। पाकिस्तानी सेना आतंक को एक 'लो-कॉस्ट वॉरफेयर' की तरह देखती है। बिना किसी सीधी लड़ाई में शामिल हुए, सेना आतंकियों के जरिए अपने दुश्मनों को थकाना चाहती है।

पाकिस्तान के राजनीतिक दल, विशेषकर पीएमएल-एन और पीपीपी, सेना के इस आतंकवादी एजेंडे के खिलाफ आवाज नहीं उठाते। क्योंकि वे जानते हैं कि सत्ता की चाबी रावलपिंडी (जीएचक्यू) के पास है, इस्लामाबाद के पास नहीं। मौलवियों और मदरसों की पूरी एक श्रृंखला है जो युवाओं को 'कश्मीर जिहाद' के नाम पर भड़काते हैं। इनके पीछे फंडिंग भी उन्हीं चैनलों से आती है, जो सेना द्वारा नियंत्रित होते हैं।

पाकिस्तान भले ही अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है लेकिन भारत अब उस दौर में नहीं है जहां वह पाकिस्तान की चालबाजियों का जवाब सिर्फ निंदा प्रस्तावों से देता था। ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया है कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ न केवल रणनीतिक रूप से मजबूत है बल्कि नैतिक रूप से भी वैश्विक समर्थन प्राप्त कर रहा है। पाकिस्तान की सेना और आईएसआई द्वारा चलाया जा रहा आतंकवाद का यह खेल अब लंबे समय तक छिपा नहीं रह सकता। पहलगाम हमले जैसी घटनाएं केवल हमले नहीं बल्कि सबूत हैं इस बात के कि पाकिस्तान का अस्तित्व अब आतंकवाद पर ही निर्भर हो चुका है। जब किसी राष्ट्र का अस्तित्व ही आतंक से जुड़ जाए तो वह राष्ट्र न केवल दूसरों के लिए खतरा होता है बल्कि अपने लिए भी विनाश की पटकथा लिख रहा होता है।

## अध्यात्म

### सुख-शांति कैसे मिलती है?



पुराने समय में एक राज्य में अकाल पड़ गया। वहां के राजा को बहुत नुकसान हुआ, उसे प्रजा से लगान नहीं मिल पाया। राज्य चलाने के लिए राजा के धन भी नहीं बचा था। राजा को ये भी चिंता थी कि पड़ोसी राजा हमला न कर दे। राजा ने एक बार अपने कुछ मंत्रियों को उसके खिलाफ षडयंत्र रचते भी पकड़ लिया था।

इन सारी परेशानियों की वजह से राजा रातभर जागते रहता था, उसकी नींद उड़ गई थी। राजा को कई पकवान परोसे जाते, लेकिन वह खा नहीं पाता था, उसे भूख नहीं लगती थी। उस राजा के शाही बाग के एक माली था। राजा रोज उसे देखता था, वह प्याज और चटनी के साथ रोटियां खाता था और हमेशा खुश रहता था।

राजा ने ये बातें अपने गुरु को बताई तो गुरु ने कहा कि अगर आपको चौकीदार की नौकरी ज्यादा अच्छी लगती है तो ये राज्य मुझे दे दो और आप मेरे यहां नौकरी कर लो। मैं तो ठहरा साधू मैं आश्रम में ही रहूंगा, लेकिन इस राज्य को चलाने के लिए मुझे एक नौकर चाहिए। आप पहले की तरह ही महल में रहें। राज सिंहासन पर बैठें और राज्य चलाएं, यही आपकी नौकरी होगी।

राजा ये बातें सुनकर खुश हुआ और उसने गुरु की बात मान ली। अब वह अपने काम को नौकरी की तरह करने लगा। फर्क कुछ भी नहीं था काम वही था, लेकिन अब राजा जिम्मेदारियों और चिंता से लदा हुआ नहीं था। कुछ महीनों बाद उसके गुरु आए। उन्होंने राजा से पूछा कि अब आपको भूख लगती है और नींद आती है या नहीं? राजा ने कहा कि मालिक अब खूब भूख लगती है और आराम से सोता हूं। गुरु ने राजा को समझाया कि सबकुछ पहले जैसा ही है, लेकिन पहले तुमने जिस काम को बोझ समझ रखा था। अब सिर्फ उसे अपना कर्तव्य समझ कर रहे हो। हमें ये जीवन कर्तव्यों को पूरा करने के लिए मिला है। किसी चीज को अपने ऊपर बोझ की तरह लादने के लिए नहीं मिला है। काम कोई भी हो, चिंता उसे और ज्यादा कठिन बना देती है। जो भी काम करें उसे अपना कर्तव्य समझकर ही करें। इन बातों का ध्यान रखने पर ही हमारे जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।

# साइबर अपराधों की संख्या प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ रही

**साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए भारत सरकार ने कई कदम उठाए हैं,। इसमें साइबर अपराध हेल्पलाइन '1930' जारी किए गए हैं, जिसमें ठगी की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज करने की सुविधा है। आनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल बनाया गया है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2020 में प्रस्तावित साइबर सुरक्षा नीति के तहत साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए कानूनी और तकनीकी उपाय किए गए हैं और युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग करने के लिए स्कूलों और कालेजों में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। हालांकि डिजिटल ठगी रोकने के लिए सरकार अनेक कदम उठा रही है, लेकिन ये कदम तब तक कारगर नहीं होंगे, जब तक हम व्यक्तिगत स्तर पर जागरूक नहीं होंगे।**

विजय गोयल

आजकल मोबाइल से काल करने पर उपभोक्ताओं को बताया जाता है कि वे अनजान काल, लिंक या ओटीपी यानी एक बार उपयोग में आने वाले पासवर्ड साझा करने से बचें। यह साइबर ठगी हो सकती है। दूरसंचार कंपनियों की ओर से काल से पहले इस साइबर फर्जीवाड़ा जागरूकता संदेश के पीछे मुख्य कारण हैं तेजी से बढ़ते साइबर ठगी के मामले। इन संदेशों के बावजूद देश में साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में डिजिटल जागरूकता केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आज की अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है।

देश में आज इंटरनेट और तकनीक हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुके हैं। बैंकों में लेनदेन और अन्य गतिविधियों से लेकर खरीदारी, शिक्षा, चिकित्सा और शासन-प्रशासन से लेकर व्यक्तिगत संवाद तक, सब कुछ अब आनलाइन मंचों पर निर्भर हो गया है। डिजिटल युग ने आम आदमी की जिंदगी को कहीं ज्यादा सुगम और आसान बना दिया है, लेकिन जिस प्रकार सुविधाएं बढ़ी हैं, उसी गति से साइबर अपराधों का भी विस्तार हुआ है।

साइबर अपराध वे गतिविधियां हैं जो कंप्यूटर, इंटरनेट या अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए की जाती हैं। ये अपराध कई रूपों में हो सकते हैं, जैसे नकली ईमेल या वेबसाइट के जरिए व्यक्तिगत जानकारी चुराना, किसी के कंप्यूटर या मोबाइल को हैक कर डेटा चुराना, सिस्टम को लाक कर फिरौती मांगना, आनलाइन ठगी, जैसे फर्जी क्यूआर कोड, नकली नौकरी, लाटरी, 'अपने ग्राहक को जानें' यानी केवाईसी प्रक्रिया को अद्यतन कराने के नाम पर ठगी करना, किसी की पहचान चुराना, चरित्र हनन, अश्लील सामग्री फैलाना आदि।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के अनुसार, भारत में साइबर अपराधों की संख्या प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ रही है। विशेष रूप से छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता की कमी के चलते लोग अधिक ठगी का शिकार हो रहे हैं। एक रपट के अनुसार 2023-24 में इस श्रेणी में 29,082 मामले सामने आए, जिनमें 177 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। वर्ष 2020-24 के बीच बैंकिंग लेनदेन में साइबर ठगी की संख्या 5.82 लाख रही, जिसमें 3,207 करोड़ रुपए की राशि का नुकसान हुआ।

दरअसल, डिजिटल सुविधाओं के अनेक लाभ हैं तो कुछ नुकसान भी हैं। जिन लोगों को डिजिटल बारीकियों की कम जानकारी होती है, उन्हें साइबर अपराधी आसानी से निशाना बना लेते हैं। आए दिन खबरें छपती हैं कि सेवानिवृत्त अधिकारी को 'डिजिटल अरेस्ट' कर लाखों रुपए ठगे, या शेयर बाजार में निवेश के नाम पर धोखा किया गया। साइबर ठगी के सबसे ज्यादा शिकार वरिष्ठ नागरिक बनते हैं। ये लोग तकनीकी जानकारी की कमी और भरोसे के कारण सबसे



आसान शिकार बनते हैं। इसके अलावा, छात्र और युवा मुफ्त गेम, छात्रवृत्ति या पार्ट-टाइम नौकरी के नाम पर फंसाए जाते हैं। छोटे व्यापारी आनलाइन भुगतान और आपूर्ति में फर्जीवाड़े से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।

देखने में आया है कि अत्यधिक चालाक और तकनीकी रूप से दक्ष आज के साइबर अपराधी मनोवैज्ञानिक तरीके अपनाकर लोगों को धोखे में डालते हैं। जैसे खुद को बैंक कर्मचारी या पुलिस अधिकारी बताकर ओटीपी मांगना, नकली मोबाइल एप या वेबसाइट के जरिए जानकारी हासिल करना, सोशल मीडिया पर दोस्त बनाकर जानकारी एकत्रित करना या फर्जी लिंक भेजकर मोबाइल या कंप्यूटर जैसे यंत्रों में वायरस डालना।

सवाल यह है कि इस डिजिटल युग में कैसे हम साइबर ठगी से स्वयं को सुरक्षित रखें। साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ा हथियार 'जागरूकता' है। जिस तरह हम घर की सुरक्षा के लिए ताले और सीसीटीवी लगाते हैं, उसी तरह डिजिटल दुनिया में हमें अपने डेटा की सुरक्षा के लिए सजग रहना होगा। डिजिटल जागरूकता का अर्थ है, इंटरनेट का सुरक्षित और विवेकपूर्ण उपयोग करना, संदिग्ध लिंक, ईमेल या फोन काल पर भरोसा न करना, पासवर्ड को मजबूत बनाना और नियमित रूप से बदलना, व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करना और साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराना।

साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए भारत सरकार ने कई कदम उठाए हैं,। इसमें साइबर अपराध हेल्पलाइन '1930' जारी किए गए हैं, जिसमें ठगी की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज करने की सुविधा है। आनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल बनाया गया है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2020 में प्रस्तावित साइबर सुरक्षा नीति के तहत साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए कानूनी और तकनीकी उपाय किए गए हैं और युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग करने के लिए स्कूलों और कालेजों में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। हालांकि डिजिटल ठगी रोकने के लिए सरकार अनेक कदम उठा रही है, लेकिन ये कदम तब तक कारगर नहीं होंगे, जब तक हम व्यक्तिगत स्तर पर जागरूक नहीं होंगे। ऐसे अपराध का शिकार हो जाने पर सबसे पहले साइबर सेल में शिकायत दर्ज करवानी चाहिए। अपनी बैंक शाखा को तुरंत सूचित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराना चाहिए। सभी डिजिटल सबूत (काल रिकार्डिंग, स्क्रीनशाट, ईमेल, चैट आदि) सहेजकर रखना चाहिए। डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को डिजिटल साक्षरता की राह अपनानी होगी। समय की पुकार है कि हम 'डिजिटल इंडिया' को 'सुरक्षित डिजिटल इंडिया' में परिवर्तित करें, ताकि हमें तकनीक के फायदे मिलें, धोखा या शोषण नहीं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रेम सम्बन्धों में कुछ अनबन हो सकती है। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे।

**मिथुन**
नयी योजनाओं में सफलता देर से मिलेगी। मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभचिन्तकों पर सन्देह न करें।

**कर्क**
कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय व्यर्थ न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा।

**सिंह**
आपके विनम्र व्यवहार से विपरीत लिंगी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को नयी जॉब मिल सकती है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

**कन्या**
आपके कारोबार में निवेश करने के लिये बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुये कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

**तुला**
कार्यक्षेत्र को लेकर मन में उत्साह की कमी देखने को मिलेगी। नजदीकी लोगों के साथ रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। संयम के साथ काम पर ध्यान देना चाहिये।

**वृश्चिक**
सन्तान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग प्रभावित रहेंगे।

**धनु**
परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिये दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं।

**मकर**
आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ**
पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें।

**मीन**
आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा।

# श्रावणी मेला को लेकर की गई घाटों व सड़कों की सफाई

## 11 जुलाई से शुरू होना है श्रावणी मेला



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर 11 जुलाई से शुरू होने वाले श्रावणी मेला को लेकर उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार द्वारा पूरे जिले के सभी घाटों, सड़कों पर साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिले के सिमरिया घाट, झमटिया घाट, अयोध्या घाट, नयागांव घाट, खोरमपुर घाट सहित हरिगिरी धाम में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता कर्मियों द्वारा पूरे साफ-सफाई की जा रही है। उप विकास आयुक्त ने बताया कि आगामी श्रावणी मेला को लेकर घाटों के साथ-साथ सड़कों की साफ-सफाई कराई जा रही है। ताकि आने वाले कावंरियों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला में कावंरियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए हरिगिरी धाम में सड़कों पर भी बैरिकेटिंग की जा रही है ताकि कावंरियों को भीड़ को नियंत्रित किया जा सकें। जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान ने बताया कि सिमरिया घाट पर बरौनी प्रखंड के स्वच्छता कर्मियों, झमटिया घाट पर बछवाड़ा, अयोध्या घाट पर तेघड़ा सहित जिले के विभिन्न घाटों पर स्थानीय स्वच्छता कर्मियों को लगाया गया है। साथ ही बाबा हरिगिरी धाम में गढ़पुरा प्रखंड एवं आस-पास के प्रखंडों के स्वच्छता कर्मियों को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि कांवरियों को स्वच्छ वातावरण मिले, इसके लिए पूरे जिले के घाटों में स्वच्छता कर्मियों की टीम बनाकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। ताकि कहीं भी घाटों पर गंद्गी न फैली रही।

# प्रखंड में उप चुनाव की तैयारी सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के हसनपुर बागर पंचायत में उपचुनाव होगा। यहां ग्राम कचहरी के सरपंच तथा वार्ड नंबर चार के ग्राम कचहरी सदस्य पद पर चुनाव होना है। इसके लिए प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रखंड निर्वाची अधिकारी सह बीडीओ चिरंजीव पाण्डेय ने बताया कि हसनपुर बागर में कुल पन्द्रह मतदान केंद्र बनाये गये हैं। यहां मतदाताओं की संख्या 8338 हैं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनपुर बागर पश्चिम भाग में 560 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 56 पर 602 मतदाता, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनपुर बागर पूर्वी भाग पर 669 मतदाता, मिन्नत क्लब हसनपुर बागर स्थित मतदान केन्द्र पर 654 मतदाता, मदर सतुल फलाह मदरसा पर 579 मतदाता, मदरसा हसनपुर बागर स्थित मतदान केन्द्र पर 615 मतदाता, हरिजन

**कुल 15 मतदान केन्द्रों में पड़ेंगे वोट**

प्राथमिक विद्यालय मतदान केन्द्र पर 719 मतदाता, प्राथमिक विद्यालय नाथबागर पर 578 मतदाता, सामुदायिक भवन रजक टोला पर 620 मतदाता, प्राथमिक विद्यालय शेखपुरा पूर्वी भाग के मतदान केन्द्र 771 मतदाता, प्राथमिक विद्यालय इसफा में 617 मतदाता, सामुदायिक चौपाल चकमुजफ्फर तांती टोला 399 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं स्वास्थ्य भवन चकमुजफ्फर स्थित मतदान केन्द्र पर 296 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकमुजफ्फर में दो मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसके मध्य भाग में 370 मतदाता तथा पश्चिम भाग स्थित मतदान केन्द्र पर 289 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग 9 जुलाई को करेंगे।

## एक नजर

### गांजा के साथ विक्रेता गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के महेशवाड़ा से 20 ग्राम गांजा के साथ विक्रेता को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार गांजा विक्रेता गोनू पासवान का पुत्र मिथुन कुमार है। उसने बताया कि महेशवाड़ा से प्रभात कुमार ने डायल 112 को सूचना दिया कि यहाँ झगड़ा हो रहा है। सूचना के सत्यापन हेतु 112 पर तैनात पुलिस पदाधिकारी सूचना स्थल पर पहुंचे। वहाँ दो व्यक्ति को आपस में झड़प करते हुए पाया। उक्त स्थल पर ग्रामीणों ने बताया कि मिथुन चाय दुकान की आड़ में गांजा बेचता है। उसके टेबुल के दराज की तलाशी लेने पर कागज में बंधा 10 पुड़िया गांजा पाया गया। इसका वजन 20 ग्राम था। मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस बरामद्गी में पुअनि रंजीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### युवती ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के रजाकपुर में रविवार की देर रात गले में फंद्दा लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मृतका लूटन पासवान की 17 वर्षीया पुत्री निर्मला कुमारी है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर एस आई कुंदन रजक सहित दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर मामले की तहकीकात की। मृतका के गले में साड़ी का फंद्दा था तथा पंखे के हुक से झूल रही थी। उसे फंदे से उतार कर कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर शव के पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया गया कि रविवार को घरेलू काम करने हेतु भाभी से तू तू मैं मै हुआ था। इससे आक्रोशित होकर सभी घर के सदस्य के सो जाने के बाद गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सोमवार की सुबह परिजनों के जगने के बाद निर्मला की खोज की गई। परिजनों ने कमरे में उसे पंखे से झूलता देखा। वह माध्यमिक विद्यालय रजाकपुर की नवमी कक्षा की छात्रा थी। उसके मौत से स्वजनों में मातमी सन्नाटा है।

### सौहार्दपूर्ण तरीके से मना मुहर्रम

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड एवं नगर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में आपसी सौहार्दपूर्ण तरीके से रविवार को मोहर्रम का त्यौहार मनाया गया। जहां बड़ी बलिया में भी युवाओं की एक टोली अनोखे तरीके से मोहर्रम का त्यौहार मनाया। खासकर इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। त्यौहार में दोनों समुदाय के युवाओं ने भी सद्भावना की एक मिशाल कायम की। वहीं लखमिनियां के युवाओं ने भी जुलूस निकालकर मुहर्रम का त्योहार मनाया। इस दौरान शांति सदभावना कमिटि के लोगों ने भी हिस्सा लिया। मोहर्रम जुलूस के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था भी चुस्त-दुरूस्त था। सभी चौक चौहारों पर पुलिस बल की व्यवस्था की गयी थी। एसडीओ तरनिजा, डीएसपी नेहा कुमारी, सीओ रवि कुमार, बीडीओ सन्नी कुमार, थानाध्यक्ष विकास कुमार राय सुरक्षा व्यवस्था की कमान सम्भाल रखी थी। शांति व्यवस्था कायम रखने एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने को लेकर नगर परिषद के मुख्य पार्षद मो जमालुद्दीन, जदयू नेता ब्रजकिशोर मेहता, अरूण महतो आदि मौजूद थे।

### डा. नागेंद्र भारतीय भाषा मंच से सम्मानित

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सर्वमंगला सिद्धाश्रम व स्वामी चिदात्मन वेद विज्ञान अनुसंधान संस्थान सिमारिया धाम के कार्यालय में भारतीय भाषा मंच सम्बद्ध शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास पूर्वोत्तर क्षेत्रीय संयोजक डा. नागेंद्र शर्मा को संस्थान के सह सचिव प्रवक्ता प्रो पी के झा प्रेम ने संस्थान से प्रकाशित साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव सुधीर चौधरी, नीलमणि, शोधकर्ता रूबी कुमारी, गुंजन पांडेय, सिया आदि उपस्थित थे।

### पॉकिटमार को किया पुलिस के हवाले

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अगर आप भी बैंक से पैसा निकालने जा रहे हैं तो सावधान और सतर्क रहिए। दरअसल मामला सोमवार की दोपहर तकरीबन 12:00 बजे की घटना है जहां मसौढ़ी मुख्यालय के बैंक ऑफ़ इंडिया से एक बेर्रा गांव के निवासी सूर्य देव शर्मा पिता चंद्र देव शर्मा बैंक से 21000 निकासी कर बैंक से बाहर निकल रहे थे जैसे ही बाहर निकले तो एक युवक ने उनके पैकेट को मार लिया, जहां एक महिला ने देख लिया और उसे हो हल्ला कर रंगे हाथ उस युवक को दबोच लिया और मारपीट करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए चोर का नाम वीरु मिश्रा पिता लब्दु मिश्रा जो परसा थाना क्षेत्र के यादवचक का रहने वाला है। उस चोर को पुलिस के हवाले कर दिया, और कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की पूरे गहन छानबीन में जुटी हुई है।

# बिहार बंद में ताकत झोंकेगा महागठबंधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र के महागठबंधन से जुड़े दलों के नेताओं की बैठक आगामी 9 जुलाई के बिहार बंद को सफल बनाने के लिए बलिया प्रखंड कांग्रेस कार्यालय मे राजद नेता मोती प्रसाद यादव की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। सोमवार को इस बैठक मे राजद, कांग्रेस, भाकपा, माकपा, माले से जुड़े नेताओं ने कहा की 9 जुलाई को बिहार बंद को सफल बनायेंगे। इसलिए की आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश को गुलामी की और से ले जाया जा रहा है। जहाँ एक और देश को उद्योगपतियों के हाथो गिरवी रखकर देश मे गरीबी की संख्या बढाई जा रही है। दूसरी ओर भारत का चुनाव आयोग आज निष्पक्ष नहीं रहा। बिहार चुनाव मे मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से काटने की साजिस रच रही है। बैठक को कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी राकेश सिंह, राजद नेता राम बिलास यादव, बहदुर यादव, जयशंकर रस्तोगी, प्रखंड राजद अध्यक्ष मनोज दास, मदन रजक, भाकपा नेता सनोज, सरोज, नित्यानंद सिंह, भाकपा माले नेता इंद्रदेव राम, राजेश मलाकार, शंकर रजक, कांग्रेस नेता प्रेम कुमार मिश्रा, मो तारिक, मो सोहेल, मो ताहिर, नवीन सिन्हा, गंगा महतो, हसमुल हक, मो जाकिर, जफरउल इस्लाम, माकपा नेता अकलू महतो, योगेंद्र शाह सहित अनेक महागठबंधन नेता कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# सांस्कृतिक विकास में सिंदूर का व्यापक महत्व : डा. संजय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राष्ट्रीय संगोष्ठि का आयोजन**

**बीहट।** सिद्धाश्रम सिमरियाधाम के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा पर सोमवार को त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वामी चिदात्मन जी महाराज की उपस्थिति में सनातन संस्कृति में सिन्दूर का महत्व पर राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। प्रथम दिवस के उद्घाटन सत्र में डा संजय झा, डा. संजीत कुमार झा, मिथिला विश्वविद्यालय, डा. नागेंद्र शर्मा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, डा. अवधेश कुमार झा, अरूण मालपुरी तथा रविन्द्र ब्रह्मचारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इससे पूर्व सर्वमंगला परिवार के द्वारा आगत अतिथियों का मिथिला परंपरा के अनुसार अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ एवं पाग भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात् शोध छात्र अभिजीत कुमार के द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया। समारोह में उद्घाटन के उपरांत उद्बोधन देते हुए मुख्य अतिथि डा. संजय झा ने कहा सांस्कृतिक विकास की धारा में सनातन संस्कृति और संस्कार में सिंदूर का बहुत अधिक महत्व है। सिंदूर अनंत और असीमित शक्ति को प्रदर्शित करने तथा निरंतरता का द्योतक है। वहीं डा. संजीत कुमार झा ने कहा भारतीय संस्कृति एवं संस्कार अनादि एवं सनातन स्वरूप में हमेशा से ही विश्व को मार्ग दर्शन करता रहा है जिसमे देवी देवताओं के साथ साथ मनुष्य का भी अत्यधिक सम्मान रहा है। उसमें भी नारी एवं नारी के सौभाग्य तत्व सिन्दूर का बहुत बड़ा महत्व है।इसलिए तो कहा गया है शक्ति का बिंब है सिन्दूर, शौर्य का प्रति बिंब है सिन्दूर, नारी का सतीत्व है सिन्दूर, भारत का अस्तित्व है सिन्दूर, समारोह के विशिष्ट अतिथि डा. नागेंद्र शर्मा ने कहा कि सिन्दूर शक्ति और संकल्प का प्रतीक है। हमारे संस्कृति का एक विशिष्ट उपलब्धि है। समारोह के सम्मानित अतिथि अरूण मालपुरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सिन्दूर महिलाओं के संस्कार को सुशोभित करता है। समारोह में सम्मानित अतिथि डा. अवधेश कुमार झा ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं संस्कार में सिंदूर भगवान गणेश के समान सर्वकल्याणकारी एवं मांगलिक है। जिसका हम सबों का सम्मान करना चाहिए।संगोष्ठी में शोध छात्रा रूबी कुमारी (मगध विश्वविद्यालय) ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमारा भारतीय संस्कृति अपने आप में अनूठा है। सिन्दूर संपूर्णता का प्रतीक है। विद्यापीठ के सचिव दिनेश सिंह, शिक्षा सचिव डा. घनश्याम झा, संस्थान के निदेशक डा. विजय कुमार झा, सचिव सुधीर चौधरी, मीडिया प्रभारी नीलमणि, सह सचिव प्रो प्रेम झा, उप निदेशक विनय झा, राजीव कुमार, सुशील चौधरी, विजय सिंह, अरविंद चौधरी, गंगा नंद, प्रेम तीर्थ, निपेंद्र सिंह, श्रवण कुमार, गुंजन पांडे, श्याम झा, राम झा, लक्ष्मण झा, पप्पू त्यागी, पप्पू कुमार, अनुपम झा,रजनीश कुमार, महानंद झा, आचार्य नारायण झा,दिनेश झा, राजेश झा, रमेश झा, रंजना कुमारी आदि उपस्थित थे।

# विश्व शांतिदूत दलाई लामा का 90वां जन्मोत्सव समारोह मना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** भारत-तिब्बत मैत्री संघ द्वारा दलाई लामा का जन्मदिवस भारत-तिब्बत मैत्री संघ बेगूसराय द्वारा मनाया गया। तिब्बती धर्मगुरु परम पावन दलाई लामा का 90वां जन्मदिवस सोमवार को परिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय संस्कृति भवन में हुआ जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक, बुद्ध अनुयायी, सामाजिक कार्यकर्ता और छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत बौद्ध भिक्षुओं द्वारा शांति मंत्र और बुद्ध वंदना से हुई। जिसके उपरांत वक्ताओं ने दलाई लामा के जीवन, शांति, करूणा और अहिंसा के मूल्यों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर बेगूसराय भारत-तिब्बत मैत्री संघ की महिला अध्यक्ष डा. गुंजन कुमारी, शिक्षाविद् राजकिशोर सिंह, और 'जागो गांव संस्था के निदेशक सोमेश चौधरी, अमीरा हस्पिटल के निदेशक डक्टर संजय कुमार, मिलन फरमा के निदेशक मिलन कुमार आदि उपस्थित थे। इन सभी ने दलाई लामा के विचारों को आज के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बताते हुए उन्हें युगपुरूष कहा। कार्यक्रम में भारत-तिब्बत मैत्री संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर आनंद कुमार का संदेश पढ़ा गया। जिसमें उन्होंने कहा दलाई लामा विश्व शांति, अहिंसा और करुणा के प्रतीक हैं। भारत-तिब्बत संबंधों को जीवंत बनाए रखने के लिए युवाओं को इन मूल्यों को आत्मसात करना होगा। वहीं बिहार प्रांतीय अध्यक्ष हरेंद्र सिंह के संदेश में कहा गया। बिहार बौद्ध परंपरा की भूमि है और यह हमारा कर्तव्य है कि हम तिब्बती संस्कृति, उनकी पीड़ा और उनकी शांति यात्रा के साथ सदैव खड़े रहें। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, तिब्बती लोकगीत, तथा 'विश्व शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक शांति प्रार्थना एवं तिब्बत के साथ एकजुटता के संकल्प के साथ हुआ।

### देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के महेन्द्रगंज वार्ड संख्या 8 से पुलिस ने 19 लीटर विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया ।वहीं उक्त मामले की जानकारी सर्किल इंस्पेक्टर संतोष कुमार और थानाध्यक्ष अमित कुमार कांत ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना पर स स स अनि कविता कुमारी, एएसआई अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस छापेमारी कर महेन्द्रगंज निवासी राजकुमार साह के पुत्र अमित कुमार को गिरफ्तार किया। उसके दुकान के पीछे बांसबाड़ी से 19 लीटर देसी शराब बरामद किया गया गया। पुलिस ने उत्पाद मद्य निषेध अधिनियम के तहत थाना में कांड संख्या 69/2025 दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# मतदाता गहन पुनरीक्षण जागरुकता रथ निकला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सोमवार को जागरूकता रथ निकाली गई। इस रथ को सहायक अवर निबंधक सह बीडीओ चिरंजीव पांडेय तथा सीओ सूरज कुमार ने प्रखंड परिसर में झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री पांडेय ने बताया कि 141 चेरिया बरियारपुर के 15 मतदान केंद्रों तथा 147 अ.जा. बखरी विधानसभा के 57 मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग के निर्देश पर गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य संपादित किया जा रहा है। सभी 72 बीएलओ अपने अपने मतदान केंद्रों के मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करा दिया है। इस प्रपत्र को भरने में मतदाताओं के बीच उहापोह की स्थिति है। यह जागरूकता रथ महेशवाड़ा, पहसारा पश्चिमी, पहसारा पूर्वी, डफरपुर, नावकोठी, हसनपुर बागर, रजाकपुर, विष्णुपुर तथा समसा पंचायतों का भ्रमण कर मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को वापस करने के लिए जागरूक किया। वही दूसरी ओर बीएलओ भरे हुए गणना प्रपत्र को प्रखंड परिसर में कैम्प मोड में ऑनलाइन प्रविष्टि कर रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र में 72,989 मतदाताओं का गणना प्रपत्र भरकर लेने की जिम्मेदारी बीएलओ की है। यह कार्य भी द्रुत गति से प्रगति पर है।

# मतदाता गहन पुनरीक्षण के खिलाफ होगा चक्काजाम : देवेन्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**9 जुलाई को होगा प्रदर्शन**

**दरभंगा।** खेतिहर ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य देवेन्द्र कुमार ने कहा कि बिहार में सरकारी उपेक्षा के कारण खेती किसानी घाटे का व्यवसाय हो गया है। समय पर खाद बीज पानी किसानों को नहीं मिल रहा है जिसके कारण गांव के मजदूर किसानों का अन्य राज्यों में पलायन हो रहा है।

ऑल इंडिया सेंट्रल कॉउंसिल ऑफ ट्रेड युनियंस (ऐक्टू) व निर्माण मजदूर यूनियन के बैनर तले 9 जुलाई के प्रस्तावित देशव्यापी मजदूरों के आम हड़ताल की तैयारी के लिए स्थानीय दोनार चौक के मजदूर हाट पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि अब मोदी सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग मजदूरों, गरीबों, नौजवानों को मतदाता गहन पुनरीक्षण के नाम पर वोट बन्दी कर देने के फरमान जारी कर दिया है जिसके खिलाफ दरभंगा के मजदूरों ने भी अपने अधिकार को बचाने के लिए 9 जुलाई को विशाल प्रदर्शन करेगा। मजदूर हाट पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए ऐक्टू के जिला सचिव उमेश प्रसाद साह ने कहा कि मोदी सरकार मजदूरों के हित के सभी श्रम कानून को निरस्त कर मजदूरों को मालिक का गुलाम बनाने वाली चार श्रम कोड बनाकर श्रमिकों के सभी अधिकार छिनने की योजना बना लिया है। मजदूरों के सहयोग के लिए बने सभी तरह के कल्याण वोर्डो को बन्द कर देना चाह रही है। मजदूरों को मिलने वाली सहयोग राशि को प्राप्त करने की प्रक्रिया को जटिल बना दिया गया है। शेष की राशि जो श्रमिकों के कल्याण में खर्चा करना था उस राशि को मोदी सरकार अपने कॉरपोरेट यार को दे दिया है। बिहार के कल्याण वोर्ड के पास फंड नहीं होता है, बिहार के श्रम कार्यालय कार्ड धारी मजदूरों को समय से भुगतान देने में सक्षम नहीं है। संगठित क्षेत्रों में काम करने वाली आशा रसोइया, जीविका समेत सभी तरह के स्कीम कामगारों को सरकार न्युनतम मजदूरी नहीं दे रहा है। सभा को निर्माण मजदूर यूनियन के जिला सचिव राम नारायण पासवान भोला जी ने भी सम्बोधित किया।

# रेल विकास हेतु केंद्र ने दिया 10 हजार करोड़ का बजट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज 3 करोड़ 30 लाख की लागत से समस्तीपुर के कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन के उन्नयन कार्य और समपार फाटक सं. 59 'ए' पर करीब 14 करोड़ की लागत से बनने वाली भूमिगत मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेल मंत्रालय यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देने के प्रति बचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समर्पित भाव से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में रेल विकास के लिए प्रधानमंत्री ने 10 हजार करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, दरभंगा के भाजपा सांसद गोपाल जी ठाकुर, समस्तीपुर की सांसद शाम्भवी चौधरी, भाजपा विधान पार्षद तरूण कुमार, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, समस्तीपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव एवं सोनपुर के डीआरएम विवेक भूषण सूद सहित रेल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बाद मे रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने समस्तीपुर रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही रेल मंत्री ने समस्तीपुर मंडल मुख्यालय स्थित कन्ट्रोल रुम का भी निरीक्षण किया।

# आम आदमी पार्टी ने निकाला प्रतिरोध मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण एवं गोपाल खेमका के हत्यारे की अबिलंव गिरफ्तारी की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने जिला समाहरणालय पर प्रतिरोध मार्च निकाला। जिसका नेतृत्व जिला सचिव किशोरी प्रसाद सिंह एवं पूर्व पार्षद डा. जितेंद्र राय ने किया। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व संगठन सचिव अभिषेक जायसवाल ने कहा कि बिहार में महाजंगलराज का माहौल है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। वह खुद अचेत अवस्था में है। जिसका परिणाम है कि बिहार को भ्रष्ट अधिकारी एवं आपराधिक नेताओ का गठजोड़ चला रहा है और प्रत्येक दिन हत्या, अपहरण जैसी घटनाएं हो रही है। पूर्व जिला प्रभारी शिवदयाल एवं कोषाध्यक्ष अभिनव कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार को नैतिकता के आधार पर और अविलंब इस्तीफा देना चाहिए क्योंकि राज्य उनके कंट्रोल से बाहर हो कर अपराधियों के हाथ में चला गया है। पार्टी के कार्यकर्ता सुनील सिन्हा एवं दिव्यरंजन ने कहा कि बेगूसराय में भी अपराध चरम पर है। थाने में शराब माफिया, भू माफिया एवं बालू माफिया का जमावड़ा रहता है। भले लोगों की शिकायत पर पुलिस प्रशाशन काम नहीं करती है। विरोध प्रदर्शन में मृत्युंजय मिश्रा, रामाधार सहनी, श्रवण यादव, पुष्कर सिंह, जनार्दन सिंह, सिकंदर कुमार, रंजन कुमार साह आदि उपस्थित थे।

# 47 लाख रुपये के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधुबनी।** मधवापुर थाना क्षेत्र में एसएसबी 48वीं बटालियन और बीएनएफ कंपनी के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 47 लाख भारतीय रुपये के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मधवापुर इमली गाछी के पास चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान की गई। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति पटना से एक निजी बस के माध्यम से मधवापुर पहुंचे थे। वहां वे किसी को भारी मात्रा में नकदी सौंपने वाले थे। जवानों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया। इमली गाछी के पास जब संदेहास्पद बस की तलाशी ली गई, तो उसमें सवार दो व्यक्तियों के बैग से 47 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्तियों की पहचान मधवापुर के ही निवासी सुनील ठाकुर और संजय ठाकुर के रूप में हुई है। एसएसबी जवानों ने रुपये बरामद करते ही दोनों को हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू कर दी। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे यह पैसा किसी को देने जा रहे थे, लेकिन इसकी पुष्टि के लिए पुलिस गहराई से जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही बेनीपट्टी डीएसपी ने घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी कार्रवाई की निगरानी की। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों को मधवापुर थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

# राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान एक महत्वपूर्ण पहल : आरती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दरभंगा की सचिव आरती कुमारी ने कहा कि राष्ट्र के लिए मध्यस्तता अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य लोगों को वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) के बारे में जागरूक करना और मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का समाधान करना है। मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति, सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नब्बे दिवसीय राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान की शुरुआत के अवसर पर सोमवार को आयोजित एक समारोह में सचिन आरती कुमारी ने कहा कि यह विशेष अखिल भारतीय मध्यस्थता अभियान 30 सितंबर 2025 तक चलेगा। उन्होंने लोगों से इस अभियान में भाग लेकर मध्यस्थता को बढ़ावा देने और राष्ट्र के लिए एक सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों को मध्यस्थता के जरिए निपटाना एवं मध्यस्थता को विवाद समाधान का जन अनुकूल तरीका बनाना है। बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा मध्यस्थता के जरिए निपटाये जानेवाले विवादों की सूची के अनुसार विभिन्न न्यायालयों द्वारा वैवाहिक विवादों के मामले, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधी मामले, सुलह योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, भूमि अधिग्रहण के मामलों का चयन कर मध्यस्थता के जरिए निपटाने के लिए भेजा जाएगा। मध्यस्थता प्रयास सप्ताह के सभी सातों दिन पक्षकारों की सुविधा अनुसार की जाएगी। इस विशेष अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु मध्यस्थता प्रक्रिया आनलाईन एवं आफलाइन या फिर दोनों तरीकों से की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की निगरानी उच्च न्यायालय पटना की मध्यस्थता निगरानी समिति एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा की जा रही है।

### 3.94 लाख वोटरों ने भरा गणना प्रपत्र

**कैमूर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के आलोक में जिले में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कैमूर जिले में कुल 12 लाख 16 हजार 81 मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्र वितरित करना है। जिसमें बीएलओ द्वारा घर घर जाकर अबतक 11 लाख 8 हजार 950 वोटरों के बीच गणना प्रपत्र वितरित किया गया है। उन्होंने बताया कि अबतक 3 लाख 94000 वोटरों ने गणना प्रपत्र भरकर वापस कर दिया है।

# प्रधानमंत्री के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 18 जुलाई को संभावित मोतिहारी दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों की कमान संभाल ली है। सोमवार को समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कार्य विभागों के अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुल 9 कोषांगों का गठन किया गया है। प्रत्येक कोषांग के लिए नोडल पदाधिकारी एवं उनके सहयोग हेतु सहायक कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। सभी कोषांगों को उनका कार्य दायित्व स्पष्ट रूप से सौंपा गया है। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन्हें जो भी ज़िम्मेदारी सौंपी गई है, वह समय से पूरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सदर एसडीओ द्वारा सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों का परिचय पत्र जारी किया जाएगा, जबकि होमगार्ड के जिला कमांडेंट को गांधी मैदान की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा उनके भी आई-कार्ड जारी करने का निर्देश दिया गया है। नगर निगम को गांधी मैदान एवं आसपास की सफाई, तथा पेयजल एवं अस्थायी शौचालय की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। पीएचईडी विभाग को गांधी मैदान में अतिरिक्त चापाकल और जल टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

पार्किंग स्थलों की पहचान कर ली गई है। डीएम ने निर्देश दिया कि हर पार्किंग स्थल पर नजारत शाखा की निगरानी में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए ताकि वाहनों की आवाजाही में परेशानी न हो। बैरिकेडिंग और सफाई का कार्य नगर निगम एवं बिल्डिंग डिवीजन को सौंपा गया है।

डीएम ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्यक्रम के दिन तक कोई भी पदाधिकारी बिना अनुमति जिला मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। साथ ही, जिला गोपनीय शाखा से आने वाले कॉल अनिवार्य रूप से रिसीव करें। आदेश की अवहेलना करने वाले कर्मियों पर कार्रवाई करते हुए वेतन स्थगित किया जाएगा।

बैठक में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, एडीएम, सदर एसडीओ, अपर पुलिस अधीक्षक, सहायक समाहर्ता सहित सभी विभागीय अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे।

# नहर में डूबने से नौ वर्षीय बालक की मौत, गांव में छाया मातम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** हुलासगंज प्रखंड के तीर्रा पंचायत स्थित फजिलापुर गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में नौ वर्षीय बालक देवराज कुमार की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक फजिलापुर निवासी संजीत मांझी का पुत्र था। परिजनों के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 12 बजे से देवराज लापता था। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो ग्रामीणों को आशंका हुई कि वह नहर में डूब गया होगा। इसके बाद तीर्रा से लेकर सेरथुआ तक नहर में तलाश शुरू की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली।



अंततः प्रशासन के सहयोग से बराज से नहर की जल आपूर्ति को बंद करवाया गया। पानी का स्तर कम होने पर सोमवार सुबह करीब आठ बजे गेंदा बिगहा गांव के समीप नहर से बालक का शव बरामद किया गया। सूचना मिलते ही हुलासगंज अंचलाधिकारी सदाब आलम एवं स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पंचायत के मुखिया अवधेश पंडित ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि देवराज का अचानक लापता हो जाना और फिर इस प्रकार शव मिलना पूरे गांव को झकझोर गया है। मासूम की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को समुचित सहायता देने की मांग की है।

# एलएनडी कॉलेज में वन महोत्सव सप्ताह 2.0 का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** एलएनडी कॉलेज, मोतिहारी में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की महाविद्यालय इकाई द्वारा वन महोत्सव सप्ताह 2.0 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में एनएसएस स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राजेश कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को हर वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। ऐसा करने से न केवल प्रकृति में जैव विविधता का संतुलन बना रहेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण भी मिलेगा। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रविरंजन ने बताया कि यह आयोजन एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर किया गया है, जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ भावनात्मक जुड़ाव को भी प्रोत्साहित करना है। मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभाकर कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ मानव जीवन के ऐसे सच्चे मित्र हैं, जिनका हर अंग हमारे काम आता है। उन्होंने पर्यावरण की रक्षा में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को जरूरी बताया।

# उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का जहानाबाद दौरा : कक्कू जी को श्रद्धांजलि गोपाल खेमका हत्याकांड के अपराधियों को बख्शने से किया इनकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सोमवार को जहानाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. कक्कू जी के श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदना जताई। सम्राट चौधरी ने कहा कि कक्कू जी की राजनीतिक और सामाजिक सक्रियता पार्टी के लिए एक मजबूत आधार थी, जिसकी भरपाई संभव नहीं।

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उपमुख्यमंत्री ने हाल ही में चर्चित व्यवसायी गोपाल खेमका हत्याकांड को लेकर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं



निंदनीय हैं और सरकार अपराधियों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शेगी। मामले में त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपराध के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर पूरी गंभीरता से काम कर रही है। तेजस्वी यादव पर भी सम्राट चौधरी ने जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो लोग चारा और जमीन घोटाले में शामिल रहे, अब वही लोग मीडिया और जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने तेजस्वी यादव की हालिया मीडिया को लेकर की गई टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि जनता अब सब कुछ समझ चुकी है। सम्राट चौधरी ने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार, अपराध और राजनीतिक छल से लड़ने के लिए हर मोर्चे पर तैयार है।

# डाकघर में अज्ञात चोरों ने की लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला मखदुमपुर थाना के सामने डाकघर में अज्ञात चोरों ने प्रवेश द्वार के दरवाजा का ताला तोड़ कर कार्यालय से कई आवश्यक सामान ले भागे। वही चोरों ने डाकघर के अंदर बड़े ही आराम से तिजोरी को भी तोड़ना चाहा लेकिन तिजोरी नहीं टूट पाई। इस बाबत मखदुमपुर डाकघर के उप डाकपाल अर्जुन राम ने बताया कि शनिवार की शाम कार्यालय को बंद कर हम गए थे, वहीं सोमवार को जब मैं कार्यालय आया तो प्रवेश द्वार का ताला टूटा देख भौचक रह गया। उसके बाद जब अंदर गया तो देखा नेटवर्किंग का राउटर गायब है। वही तिजोरी में भी छेनी लगा हुआ है। साथ ही कई ईट के टुकड़े भी गिरे पड़े हैं। इस बाबत स्थानीय थाने को सूचना दे दी गई है। साथ ही इस घटना के संबंध में विभाग को भी सूचित कर दिया गया है। उन्होंने बताया की रूटर गायब होने से कार्यालय का कार्य बाधित है। जब तक रूटर नहीं लग पाएगा तब तक ऑनलाइन सेवा से जुड़े सभी कार्य भी बाधित रहेगी। इस बाबत थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया की पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा।

# मनरेगा तटबंध योजना की जांच के लिए मठिया गांव पहुंचीं उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** सदर प्रखंड के सिकरिया पंचायत अंतर्गत ग्राम मठिया में मनरेगा के तहत तटबंध निर्माण कार्य को लेकर मिली शिकायत के बाद सोमवार को उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने स्वयं स्थल का निरीक्षण किया। शिकायत में आरोप था कि तटबंध का निर्माण कार्य नहीं हुआ है और फर्जी निकासी की गई है। निरीक्षण के दौरान डॉ. प्रीति ने मौके पर मौजूद मजदूरों से सीधे संवाद स्थापित कर कार्य की वास्तविकता जानी। मजदूरों ने बताया कि उन्होंने योजना के अंतर्गत नियमित रूप से श्रम किया है और कार्यस्थल पर मेहनत कर तटबंध निर्माण में योगदान दिया है। भौतिक निरीक्षण के दौरान तटबंध निर्माण कार्य पूर्ण



अवस्था में पाया गया। जांच टीम में निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम सुदर्शन कुमार, पंचायत रोजगार सेवक, पंचायत प्रतिनिधिगण, मुखिया तथा समिति सदस्य समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। डॉ. प्रीति ने बताया कि यह निरीक्षण प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही को दर्शाता है। जनशिकायतों पर प्रशासन त्वरित और गंभीरता से कार्रवाई कर रहा है। फिलहाल संबंधित अभिलेखों की अंतिम सत्यापन प्रक्रिया जारी है, जिसके बाद विस्तृत जांच प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा। प्रशासन की इस सक्रियता को ग्रामीणों ने सराहा और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी जनहित से जुड़ी शिकायतों पर इसी प्रकार पारदर्शी कार्रवाई की जाएगी।

# बाबा सिद्धनाथ मंदिर के पास बुजुर्ग श्रद्धालु की हृदयगति रुकने से मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर प्रखंड के ऐतिहासिक वाणावर पर्वत स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर परिसर में रविवार की रात एक बुजुर्ग श्रद्धालु की अचानक हृदयगति रुक जाने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नालंदा जिले के कृपागंज गांव निवासी 80 वर्षीय सत्येंद्र सिंह के रूप में की गई है। मंदिर के पुजारी छोटू बाबा ने बताया कि बुजुर्ग श्रद्धालु मंदिर के समीप ही खुले स्थान पर रात्रि विश्राम कर रहे थे। देर रात उन्हें अचानक दो बार उल्टी हुई, जिसके कुछ ही देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बुजुर्ग काफी उम्रदराज थे और वे पर्वत पर चढ़कर मंदिर तक पहुंचे थे। संभवतः अत्यधिक परिश्रम के चलते उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई और हृदयगति रुक जाने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं और स्थानीय ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और शव को अंतिम संस्कार हेतु अपने गांव ले गए। श्रद्धा और आस्था के स्थल पर हुई यह अप्रत्याशित घटना हर किसी को गमगीन कर गई।

# सलेमपुर गांव की जर्जर सड़क बनी ग्रामीणों की बड़ी परेशानी

## बीस वर्षों से नहीं हुई मरम्मत, बरसात में और बढ़ जाती है मुसीबत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत एसएच-4 से सलेमपुर नहर होते हुए मखदुमपुर को जोड़ने वाली सड़क वर्षों से बदहाल स्थिति में है, जिससे सलेमपुर, बनवरिया, जारू समेत आसपास के कई गांवों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

करीब चार किलोमीटर लंबे इस मार्ग की हालत यह है कि न तो यह पक्की सड़क है और न ही कच्ची - पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इस जर्जर सड़क से न सिर्फ ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत होती है, बल्कि योगेश्वरनाथ धाम और वाणावर स्थित सिद्धेश्वरनाथ मंदिर जैसे ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों तक जाने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पूर्व इस सड़क का निर्माण हुआ था और तब गांववासियों ने जमीन भी स्वेच्छा से दान दी थी। यह सड़क सुदूरवर्ती क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने में अहम साबित हुई थी। इससे घोसी और मखदुमपुर जैसे कस्बों तक पहुंचना आसान हो गया था और प्रशासन के लिए विधि-व्यवस्था बनाए रखना भी सहज हो गया था। लेकिन वर्षों से रखरखाव के अभाव में यह सड़क अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। बरसात में हालात और भी खराब हो जाते हैं। कीचड़ और फिसलन के कारण वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी जोखिम भरा हो जाता है।

ग्रामीण संजीव कुमार, ब्रजेश कुमार और सिकंदर शर्मा ने बताया कि गांव के अधिकतर बच्चे खिजरसराय के निजी स्कूलों में पढ़ते हैं, लेकिन बारिश के मौसम में स्कूल वैन गांव तक नहीं पहुंचती। ऐसे में परिजनों को बच्चों को एसएच-4 तक छोड़ने जाना पड़ता है।

ग्रामीणों ने इस सड़क के पुनर्निर्माण की मांग कई बार जनप्रतिनिधियों से की, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने सरकार और प्रशासन से जल्द इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि उनकी वर्षों पुरानी इस परेशानी का समाधान हो सके।

# स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष ने अधिवक्ताओं को दिया विधिक जागरूकता का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित विधिज्ञ संघ के पुस्तकालय कक्ष में सोमवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष डॉ. गिरजानंद प्रसाद ने की। इस अवसर पर स्थायी लोक अदालत के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज शंकर तथा दोनों नवनियुक्त सदस्यों का विधिवत स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष मनोज शंकर ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए लोक अदालत की कार्यप्रणाली और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्थायी लोक अदालत, आम जन को त्वरित, सुलभ और कम खर्च में न्याय उपलब्ध कराने का एक प्रभावी मंच है। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे अपने मुवक्किलों को इस प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें और आपसी सहमति से विवादों के समाधान हेतु उन्हें प्रेरित करें।

मनोज शंकर ने यह भी कहा कि अधिवक्ता न्यायिक व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी भूमिका समाज में न्याय की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मौके पर संघ के सचिव रणजीत कुमार, उपाध्यक्ष राम बिंदु सिंहा, वरिष्ठ अधिवक्ता राम लड्डू प्रसाद, लोक अभियोजक शारदानंद कुमार, बिंदु भूषण प्रसाद, धुरी सिंह, राजेश कुमार, राकेश कुमार, नीरज कुमार, राज भूषण कुमार, ओम रंजन, सुजीत कुमार एवं दीपांकर रंजन सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभी अधिवक्ताओं ने स्थायी लोक अदालत की उपयोगिता को सराहा और इसे न्यायिक प्रक्रिया का सराहनीय विकल्प बताया।

# शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ मुहर्रम, भाईचारे का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)। रविवार को मुहर्रम के अवसर पर कल्याणपुर में जुलूसों के माध्यम से शांति और भाईचारे का संदेश दिया गया। स्थानीय बाजार स्थित मदरसा कल्याणपुर से जुलूस प्रारंभ हुआ, जो बड़ी नहर होते हुए मदरसा खेल मैदान तक पहुंचा। मदरसा प्रांगण में कल्याणपुर, मंगलापुर, अलैला, बाकरपुर, बड़हरवा, महांद, शंभूचक एवं बबुआवन गांवों से आए ताजिया जुलूस शामिल हुए। बच्चों द्वारा मैदान में अपनी-अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया गया, जिसे लोगों ने सराहा। मुहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई



थी। कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिससे स्थानीय लोग संतुष्ट नजर आए।

# शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बखरी पंचायत अंतर्गत मधु छपरा चौक पर शनिवार शाम वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने 172 पीस नेपाली कस्तूरी शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बखरी पंचायत के बैरागी टोला गांव निवासी मंजय कुमार के रूप में हुई है। उसके पास से एक बाइक भी जब्त की गई है। जब्त शराब की कुल मात्रा 51 लीटर 600 ग्राम बताई जा रही है। बताया गया कि शराब को कोटवा की दिशा से लाया जा रहा था, जिसे किसी अन्य स्थान पर पहुंचाया जाना था। इस दौरान दूसरा कारोबारी पुलिस को देख मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फरार कारोबारी की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है।

# सदर अस्पताल मोतिहारी में मनाया गया वर्ल्ड जूनोसिस दिवस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। सदर अस्पताल, मोतिहारी स्थित एएनएम/जीएनएम संस्थान में शनिवार को विश्व जूनोसिस दिवस पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसीएमओ डॉ. जी.डी. तिवारी ने की, जिसमें नर्सिंग छात्राओं और स्वास्थ्यकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. तिवारी ने बताया कि हर वर्ष 6 जुलाई को वर्ल्ड जूनोसिस डे मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य उन बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करना है जो जानवरों से मनुष्यों में फैलती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, अधिकांश संक्रामक बीमारियों की उत्पत्ति पशुओं से होती है। महामारी पदाधिकारी डॉ. राहुल राज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिवस महान वैज्ञानिक लुई पाश्चर के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने 6 जुलाई 1885 को रेबीज के खिलाफ पहला सफल टीका विकसित किया था। उन्होंने रेबीज, एंथ्रेक्स, कोविड-19, ब्रुसेलोसिस, निपाह और तपेदिक जैसे जूनोटिक रोगों पर प्रकाश डाला और बताया कि संक्रमित जानवरों या उनके अपशिष्ट, अधपके मांस, अंडे, दूध व दूषित जल के संपर्क से ये रोग फैल सकते हैं। डीबीडीसीओ कंसल्टेंट अभिषेक कुमार ने कहा कि फाइलेरिया, एक वेक्टर जनित रोग है, जो कुछ मामलों में जूनोसिस भी हो सकता है। यह मुख्यतः मच्छरों द्वारा फैलता है, परंतु कुछ मामलों में यह पशुओं से भी मानव में आ सकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच पोस्टर प्रदर्शनी, निबंध प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एएनएम और जीएनएम छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. जी.डी. तिवारी, डॉ. राहुल राज, संतोष तालिकोटी (प्राचार्य, एएनएम स्कूल), प्रियंका सुमन भारती (प्राचार्या, जीएनएम संस्थान), महेश कुमार खोखर, सोनाली वत्स, पलक ज्योति, मैरीनीला सोरेन, मीना लाल, संजय कुमार (हेड क्लर्क) सहित कई अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि जनमानस को जूनोटिक बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित स्वास्थ्य के लिए कार्य करेंगे।

# राज्य स्तरीय रस्साकशी प्रतियोगिता में पूर्वी चंपारण उपविजेता, रचा इतिहास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** पटना जिले के पटना सिटी में आयोजित पांचवीं बिहार राज्य रस्साकसी प्रतियोगिता 2025 में पूर्वी चंपारण की अंडर-19 बालक टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का आयोजन 6 जुलाई को हुआ था, जिसमें पूर्वी चंपारण ने अपने लीग मुकाबलों में मुजफ्फरपुर, भोजपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी और नवादा जैसी टीमों को हराकर ग्रुप-ए की विजेता बनते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबले में पूर्वी चंपारण ने रोहतास को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई।




फाइनल मुकाबले में पूर्वी चंपारण ने मेज़बान पटना टीम के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, लेकिन अंततः टीम को उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। यह पहली बार था जब पूर्वी चंपारण ने अंडर-19 बालक वर्ग में भाग लिया और सीधे फाइनल तक पहुंचकर इतिहास रच दिया।

पूर्वी चंपारण के शानदार प्रदर्शन पर जिला रस्साकसी संघ के अध्यक्ष डॉ. आर. के. कुशवाहा, सचिव दीपक कश्यप, उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल, संयुक्त सचिव अरुण सिंह, राकेश सिंह एवं संवेदक रमेश कुमार भोला सहित कई खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। संघ के सचिव दीपक कश्यप ने बताया कि पूर्वी चंपारण के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, परंतु संसाधनों का अभाव एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा हमारे खिलाड़ी नंगे पांव खेल रहे थे, जबकि पटना के खिलाड़ियों के पास बूट व अन्य सुविधाएं उपलब्ध थीं। इसके बावजूद हमारे खिलाड़ियों ने मैदान में साहस और हौसले से खेला। कश्यप ने यह भी जानकारी दी कि अंडर-19 बालिका वर्ग की राज्य स्तरीय रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन इसी माह जुलाई के अंतिम सप्ताह में मोतिहारी में किया जाएगा।

पूर्वी चंपारण के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन ने जिले के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

# पूर्वी चंपारण में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान रफ्तार पर, 4.46 लाख गणना प्रपत्र वेबसाइट पर अपलोड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत पूर्वी चंपारण जिले में मतदाता सूची का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अब तक कुल 4,46,437 गणना प्रपत्र बीएलओ ऐप के माध्यम से आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में कुल 36,89,848 मतदाता हैं, जिनमें से अब तक 4,36,546 प्रपत्र बीएलओ द्वारा और 8,390 प्रपत्र नागरिकों द्वारा स्वयं ऑनलाइन अपलोड किए गए हैं। सिर्फ 7 जुलाई को ही 1,31,424 फॉर्म अपलोड किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पुनरीक्षण एक नियमित प्रक्रिया है, लेकिन इस बार हर मतदाता का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। 07 जनवरी 2025 को प्रकाशित मतदाता सूची में जिनका नाम है, उन्हें प्री-प्रिंटेड फॉर्म भरना अनिवार्य है। यह कार्य 26 जुलाई तक पूरा किया जाना है, यानी अभी 19 दिन शेष हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 11,000 से अधिक वालंटियर बीएलओ को सहयोग कर रहे हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि दस्तावेज़ों पर अभी जोर न देते हुए हस्ताक्षरित और भरे हुए फॉर्म को बीएलओ को सौंपने पर फोकस करें।

# समस्या के समाधान में मध्यस्थता का महत्वपूर्ण स्थान : सचिव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** वादों के निस्तारण में मध्यस्थता एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह बात आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है। उन्होंने कहा कि जिला जज द्वारा सभी न्यायालय को निर्देश दिया गया है कि अपने न्यायालय से संबंधित वादों को मध्यस्थता केन्द्र भेजें। अग्रिम जमानत, सुलहनीय वाद के विचारण के दौरान, वाद के निर्णय के पूर्व, दिवानी वाद के दौरान के साथ-साथ घरेलू हिंसा, पारिवारिक मामले में वाद लाने के पूर्व अथवा न्यायालय के कार्यवाही शुरू होने (प्रि-लिटिगेशन) जैसे मामलों के निस्तारण में मध्यस्थता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिसका उपयोग अधिक से अधिक लोगो को करना चाहिए। मध्यस्थता के तहत विवादों को खत्म करने, प्रेम-भाईचारे एवं पक्षकारों के बीच सौहाद्र को पुनः स्थापित करने में काफी कारगर साबित होता है। साथ ही साथ पक्षकारो के विवाद की जड़ अथवा मुख्य कारण पता चलता है और मध्यस्थ यह प्रयास करते हैं कि पक्षकारों की आपसी सहमति से उस कारण को हमेशा के लिए निदान कर दिया जाए। आज के दौर में जिस तरह से विवाद छोटी-छोटी बातों में बढ़ रहा है, खासकर पारिवारिक मामलों में यह देखा जा रहा है कि पक्षकार छोटी से बात को लेकर परिवार विच्छेद की स्थिति उत्पन्न हो रही है और पति-पत्नी के साथ-साथ बच्चों की भविष्य अंधकारमय हो रहा है, इसके निदान में हाल के दिनों में देखा गया है कि मध्यस्थता के माध्यम से कई परिवारों को टूटने से बचाया गया है और उनका परिवार बच्चें आज खुशहाल जीवन जी रहे हैं, बस जागरूकता की आवश्यकता है और समय रहते मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने की जरूरत है। न्यायालय को यह निर्देश है कि वैसे मामलो को मध्यस्थता के लिए मध्यस्थता केन्द्र भेजे, अगर न्यायालय किसी कारणवश नहीं भेजता है तो पक्षकार या अधिवक्ता मामले को आवश्यक रूप से दोनों पक्षकारो को मध्यस्थता की सलाह देते हुए न्यायालय से अथवा खुद मामले को मध्यस्थता में लाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने आमजन से प्रेस, मीडिया एवं संबंधित समस्त स्टेक होल्डर से इस सम्बन्ध में जागरूकता हेतु अधिक से अधिक पहल करने का अपील किया है। सचिव तान्या पटेल ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत पुरी तरह से प्रशिक्षित मध्यस्थ पक्षकारों के समस्या को सुनकर उनके समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करते हैं और उनका प्रयास लगभग मामलों में सफल रहता है। प्राधिकार अपने स्तर से हर संभव प्रयास करता है कि उन्हें मध्यस्थता के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी उत्पन्न न हो और वे खुले एवं मधुर वातावरण में अपने समस्याओं का निपटारा करायें।

## मेंटेनेंस कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति 6 घंटे रहेगी बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर (भोजपुर)।** 33 केवी कोईलवर-गीधा फीडर में मेंटेनेंस कार्य के चलते आगामी 8 जुलाई (मंगलवार) को 6 घंटे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। यह जानकारी कनीय अभियंता (जेई) प्रभात कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मेंटेनेंस कार्य के तहत सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक 33 हजार वोल्ट के फीडर से बिजली की आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे आवश्यक कार्य जैसे पेयजल संग्रह, घरेलू उपकरणों का उपयोग आदि की पूर्व तैयारी कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके। मेंटेनेंस कार्य के दौरान तकनीकी जांच, लाइन मरम्मती और अन्य जरूरी सुधार किए जाएंगे, ताकि भविष्य में निर्बाध और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# गजना धाम में मत्था टेक चुनावी मैदान में उतरा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर)



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार विधानसभा चुनाव की बढ़ती सियासी सरगर्मी के बीच हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) की औरंगाबाद इकाई कमर कसकर मैदान में उतर चुकी है। पार्टी के जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह ने सोमवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ गजना धाम में मत्था टेका और पूजा-अर्चना कर एनडीए गठबंधन की जीत के लिए मन्नत मांगी। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे ने कहा कि हमारी पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी और राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन का सपना व्यक्तिगत लाभ लेने का नहीं बल्कि गरीबों की आवाज बनने का है। गरीब और वंचित लोग हमारी पार्टी से जुड़े और मुख्य धारा में शामिल होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। हमारी पार्टी मगध की धरती से उपजी है और औरंगाबाद मगध का अभिन्न अंग है। कार्यकर्ताओं ने यहां पार्टी को कड़ी मेहनत से सींचा है। उनकी मांग है कि हमारी पार्टी इस बार अपनी परंपरागत सीट कुटुंबा के अलावा नवीनगर से भी चुनाव लड़े। उनकी मांगों को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाया जाएगा और हम (से.) के कार्यकर्ता बिहार की 243 सीटों पर एनडीए घटक दल के सभी पार्टियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव में अहम भूमिका निभाएंगे। वहीं जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह ने कहा कि एनडीए घटक दल के सहयोगी पार्टी का जिला अध्यक्ष होने के नाते गजना माता का आशीर्वाद लेकर चुनाव प्रचार का आगाज किया है। हमारा प्रयास होगा कि एनडीए गठबंधन औरंगाबाद के सभी विधानसभा पर जीत दर्ज करें। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे, जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह, छात्र प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहुल सिंह, प्रदेश सचिव (युवा) संतोष गौतम, नवीनगर प्रखंड अध्यक्ष नीतीश कुमार, कुटुंबा प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, लाल मोहन चौधरी, मिथिलेश पांडेय, अजीत सिंह, मिथिलेश कुमार समेत औरंगाबाद जिले के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दो श्रवण कुमारों को किया सम्मानित, वृद्ध माता-पिता की सेवा का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना के बगल में माता-पिता की सेवा करने वाले आधुनिक श्रवण पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम का समापन रविवार की शाम साढ़े सात बजे किया गया। समाज में इस विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए दो श्रवण कुमार जिसमें अविनाश कुमार ग्राम हसौली और कुमार पंकज रंजन उर्फ पिंटू महादेव स्थान औरंगाबाद को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए श्री महावीर प्रसाद यादव, रंजीत कुमार सिंह, रितेश कुमार सिंह, नंदू यादव, अशोक यादव, शंभू कुमार आदि ने विशेष रूप से योगदान दिया।

## रोती बच्ची को पीट-पीटकर मार डाला पिता को मिली पांच साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधुबनी।** महज ढाई साल की मासूम बेटी को पीट-पीटकर मार डालने वाले पिता को अदालत ने पांच वर्ष की सजा सुनाई है। यह फैसला जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ललन कुमार की अदालत ने सोमवार को सुनाया। दोषी लालबाबू साह को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत पांच साल की सश्रम कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माना की सजा दी गई है। जुर्माना नहीं चुकाने की स्थिति में उसे एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## बिहार बंदी को सफल बनाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मतदाता सूची पुनिरीक्षण कार्यक्रम रोक को लेकर महागठबंधन ने 9 जुलाई को बिहार बंद का ऐलान किया है। इसको लेकर आज जिला अथिति गृह में राजद जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई और बंदी को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील की। नेताओं ने एक स्वर में कहा कि मजदूरों के अधिकारों को खत्म कर उनका शोषण करने के उद्देश्य से नया मजदूर विरोधी कानून मोदी सरकार के द्वारा लाया गया है जिससे कि उन्हें गुलाम बनाया जा सके। मजदूरों के पक्ष में और सरकार के खिलाफ इंडिया गठबंधन के तमाम घटक दल 9 जुलाई को बिहार बंद का आह्वान किया है।

# नूरूल होदा खान की माता के निधन पर पूर्व विधायक ने जताया शोक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** राजद के वरिष्ठ नेता एवं वार्ड पार्षद सदस्य नूरूल होदा खान की माता जहांआरा खातून का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह नूरूल होदा खान के आवास इमादपुर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में वे परिजनों के साथ खड़े हैं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में जदयू नेता खाजा अतीक रज़्जा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार बर्मा, पूर्व मुखिया नेशाद अहमद, पंचायत समिति सदस्य हस्सान सिद्दीकी, अब्दुला सिद्दिकी, सुहैल आलम, मो. राजा, राजिद इकबाल, समाजसेवी सम्मू खान, टून खान, लक्कू खान, भोलू खान, डॉ. जावेद, डॉ. मजीद, ईशा कुरेशी, राशिद खान, मो. शकील, मो. चिंटू, मो. जीशान, मो. नौशाद खान, साबिर कुरेशी, आफताब खान, बुची बाबू, चीटू जी सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल थे।

# प्रतिभाशाली बच्चों को करें प्रोत्साहित : बीइओ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित मशाल खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम के तहत मदनपुर खेल मैदान स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) संजीव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने जोश और उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय जुड़ाही की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि उच्च माध्यमिक विद्यालय रसलपुर को द्वितीय स्थान मिला। वहीं, अंडर-16 फुटबॉल मुकाबला मदनपुर और जुड़ाही के बीच खेला गया। बॉलीबॉल प्रतियोगिता (अंडर-16) में अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय, मदनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय, वार की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

इस अवसर पर बीइओ संजीव कुमार ने कहा राज्य सरकार का उद्देश्य है कि खेल के क्षेत्र में प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के अवसर प्रदान किए जाएं। उन्होंने बताया कि प्रखंड के 19 सीआरसी केंद्रों से चयनित छात्र-छात्राएं इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। प्रखंड स्तर पर चयनित खिलाड़ी आगे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जहां से उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर मिल सकता है। कार्यक्रम के दौरान लेखापाल श्याम कुमार, प्रखंड साधनसेवी विजय कुमार सिंह, शिक्षक दीपक कुमार, खेल नोडल शिक्षक मुकेश कुमार, जगजीत कुमार सहित क्षेत्र के सभी शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन से क्षेत्र में खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का नया संचार हुआ।

# छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण, शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत गंगापार खवासपुर पंचायत स्थित प्लस-टू विद्यालय, खवासपुर में सोमवार को सत्या खुशहाल फाउंडेशन के तत्वावधान में 100 जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फाउंडेशन के चेयरमैन सूरज मौर्य, बलिया जिला प्रभारी रवि मौर्य और सत्येंद्र गुप्ता की उपस्थिति रही। साइकिल वितरण का नेतृत्व भोजपुर जिला प्रभारी सह समाजसेवी रवि यादव राणा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन सूरज मौर्य ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्कूल तक आसानी से पहुंचने में मदद करना है, ताकि वे बिना किसी कठिनाई के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। रवि यादव राणा ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्रों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में यह एक छोटी लेकिन सशक्त पहल है। संस्था का प्रयास है कि हर जरूरतमंद बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस आयोजन को स्थानीय लोगों ने सराहा और इसे एक प्रेरणादायक सामाजिक पहल बताया, जो ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक और स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# 13 जुलाई को अष्टभुजी धाम में लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारुण प्रखंड मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित पटना कैनल रोड के समीप अष्टभुजी धाम पिपरा के प्रांगण में 13 जुलाई को महोत्सव रत्न, जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष, सूर्य राघव मंदिर बड़ेम के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के सौजन्य से एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। विश्व स्तरीय अस्पताल मेदांता हॉस्पिटल के योग्य एवं अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा जरूरतमंद लोगों को निशुल्क इलाज किया जाएगा।उनकी जांच की जाएगी एवं दवाई भी दी जाएगी इसकी तैयारी के लिए एक बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता पिपरा पंचायत के पूर्व मुखिया अजय कुमार ने किया अष्टभुजी धाम महोत्सव आयोजन समिति के संरक्षक अजीत मिश्रा,अध्यक्ष विजय कुमार सिंह,सचिव राजा दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता के आह्वान पर बैठक में उपस्थित दिलकेश्वर सिंह, उपेंद्र प्रसाद, श्रीपति प्रसाद साव, कर्मदेव पाल,संजय सिंह सुरेंद्र प्रसाद,उप सचिव रामेश्वर भगत, राजेश्वर प्रजापति,अकेला सिंह पुजारी नीरज मिश्रा,देवनंदन राम,त्रिवेणी राम रामजी सिंह, मनीष कुमार, संयोजक सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य सदस्यों ने निर्णय लिया कि 13 जुलाई को आयोजित चिकित्सा शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# न्यायाधीश इसरार अहमद सम्मानित अधिवक्ताओं ने सराहा कार्यकाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में पदस्थापित जिला जज प्रथम, स्पेशल एनडीपीएस सह एससी-एसटी कोर्ट के न्यायाधीश इसरार अहमद को जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद की ओर से सम्मानित किया गया। संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह सहित कार्यसमिति के सदस्यों ने साल, माला, बुके और मेमेंटो भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। यह सम्मान समारोह न्यायाधीश इसरार अहमद के न्यायिक कार्यों की प्रशंसा और उनके पदोन्नति पर दी गई शुभकामनाओं का प्रतीक रहा। 29 मार्च 2025 से 7 जुलाई 2025 तक औरंगाबाद में उनके न्यायिक कार्यकाल को अधिवक्ताओं ने सराहनीय, संतुलित और न्यायप्रिय बताया। विदित हो कि पटना हाईकोर्ट द्वारा न्यायाधीश इसरार अहमद का पदोन्नति करते हुए स्थानांतरण मोतिहारी के परिवार न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश के रूप में किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं और कार्यसमिति के सदस्यों ने उनके कार्यशैली की मुक्तकंठ से सराहना की और आगे के कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह आत्मीयता और सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ।

# नवपदस्थापित डीइओ मानवेंद्र कुमार राय का शिक्षक संघ ने किया जोरदार स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोपगुट), भोजपुर जिला इकाई की ओर से नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) मानवेंद्र कुमार राय का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पमाला और बुके भेंट कर भोजपुर की धरती पर हार्दिक स्वागत किया। शिक्षक संघ ने उम्मीद जताई कि डीईओ के कुशल नेतृत्व में जिले की शिक्षा व्यवस्था में सुधार और गुणवत्ता में वृद्धि होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह विमल ने की। इस दौरान सम्मानित अध्यक्ष राजाराम सिंह 'प्रियदर्शी', जिला कोषाध्यक्ष मनोज कुमार किरण, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह, जिला संयुक्त सचिव देवकुमार सिंह, राज्य संगठन सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रखंड संयुक्त सचिव संजय कुमार (कोईलवर) समेत दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** उपहारा थाना क्षेत्र के एड़री गांव से पुलिस ने एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान एड़री गांव निवासी पंकज पासवान उर्फ दुखन पासवान के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि युवक पर शक होने पर उसे रोका गया और पूछताछ की गई। जांच के दौरान उसकी बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगे होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने बाइक की वैधता की जांच की तो पाया कि वह हीरो स्प्लेंडर बाइक चोरी की है और उस पर लगा नंबर किसी अन्य वाहन का है। इसके बाद युवक को कागजी प्रक्रिया पूरी कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि चोरी की इस बाइक के पीछे कोई संगठित गिरोह तो नहीं है।

# नौ दोषी करार अभियुक्तों को मिला परिवीक्षा का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के अपर जिला सत्र न्यायाधीश तीन आन्नदिता सिंह ने गोह थाना के एक कांड में निर्णय पर सुनवाई की है। इसमें नौ अभियुक्तों को दोषी करार देकर परिवीक्षा का लाभ देते हुए रिहा किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक थाना क्षेत्र के सुग्गी बिगहा निवासी शकील अहमद ने 01.07.2010 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि अपने पिता और भाई के साथ इमामबाड़ा के पास से ईंट-बालू ढो रहे थे तो सुखी बिगहा निवासी परमेश्वर यादव, मदन यादव, कामेश्वर यादव, रामेश्वर यादव, नरेश यादव एवं गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी रामसेवक यादव, भोला यादव, सोहन यादव एवं नवी यादव ने लाठी-डंडे से मारपीट की। इस घटना में पिता और भाई जख्मी हो गए। घटना के पिछे का कारण पांच साल पहले से चली आ रही जमीनी विवाद बताया गया था। अधिवक्ता ने बताया कि अपराधी परिवीक्षा एक्ट 1958 में अपराधियों को सुधारने और समाज में पुनः शामिल करने के उद्देश्य से बनाया गया। यह कानून अपराधियों को जेल भेजने के बजाय परिवीक्षा पर रिहा करने की अनुमति देता है। परिवीक्षा एक अवधी है जिसमें अपराधियों को परिवीक्षा अधिकारी की देख-रेख में कुछ शर्तों के साथ रखा जाता है।

# टनकुपी में शिव गोविंद यादव की पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के टनकुपी गांव में रविवार को स्वर्गीय कॉमरेड शिव गोविंद यादव की पहली पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख कॉ. विजय कुमार ने की। सभा की शुरुआत में उपस्थित लोगों ने स्व. शिव गोविंद यादव के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए सीपीआई के पूर्व जिला मंत्री कॉ. जग नारायण सिंह विकल, अंचल मंत्री अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह और सुरेश यादव ने कहा कि कॉमरेड शिव गोविंद यादव ने अपना संपूर्ण जीवन मजदूर, किसान और शोषितों के हक के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने लाल झंडे को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सभा में कॉ. बाल गोविंद यादव, दिनेश राम, राज कुमार, अरुण कुमार रंजन, चंद्रकांत प्रसाद, रामदेव राजवंशी, श्याम किशोर यादव, राजू कुमार, मनोज कुमार, नंद गोपाल, राम लखन सिंह सहित कई नेताओं व ग्रामीणों ने शिव गोविंद यादव की जीवनी और संघर्षमय जीवन पर प्रकाश डाला। सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम शांति और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ।

# पुनरीक्षण अभियान की सफलता में युवाओं की भूमिका अहम : डॉ. मानव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने हेतु जिले में स्वीप आइकॉन डॉ. आशुतोष कुमार मानव लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को वे हिलसा अनुमंडल मुख्यालय स्थित कौशल विकास केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने युवा मतदाताओं को अभियान के प्रति जागरूक किया। डॉ. मानव ने स्थानीय बीएलओ के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र (फॉर्म-6) भरने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जून से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है। डॉ. मानव ने युवाओं से अपील की कि वे इस अभियान में भाग लें और समय रहते फॉर्म भरकर सशक्त मतदाता बनने का दायित्व निभाएं। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह न केवल स्वयं मतदाता बने, बल्कि अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करे।

उन्होंने पुनरीक्षण अभियान की सफलता के लिए युवाओं की भूमिका को निर्णायक और प्रेरणादायक बताया। मौके पर बड़ी संख्या में प्रशिक्षु युवा, बीएलओ और संबंधित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डायन का आरोप लगा मां-बेटे के साथ मारपीट, जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र के देवजरा में सोमवार को एक महिला पर ओझा-गुनी का आरोप लगा कर लाठी-डंडों से मारपीट का मामला सामने आया हैं जिसमें मां-बेटे जख्मी हो गए। जख्मियों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। जख्मियों में देवजरा निवासी बालेश्वर राम की पत्नी माया देवी एवं उसका बेटा अरविंद राम है। जख्मी अरविंद राम ने बताया कि गांव के संजय राम द्वारा करीब 10 वर्षों से डायन का आरोप लगाया जा रहा है। जब भी उसके परिवार में कोई व्यक्ति बीमार पड़ता है तो वह हमारी मां को मारपीट करता है। वह कहता है उसने ही झाड़ फूंक कर भूत प्रेत लगा देती है। सोमवार को संजय राम डायन बोल कर मारपीट कर ही रहा था, बीच बचाव में गया तो मां के साथ मै भी जख्मी हो गया। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। विदित हो कि सूचना क्रांति के दौर में हम भले ही अंतरिक्ष और चांद पर घर बसाने की सोच रहे हों, लेकिन अंधविश्वास अब भी हमारा पीछा नहीं छोड़ रहा है। वैज्ञानिक युग के बढ़ते प्रभाव के बावजूद अंधविश्वास की जड़ें समाज से नहीं उखड़ रही हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में जादू-टोना के नाम पर लोगों को प्रताड़ित किए जाने, आंख फोड़ने, गांव से बाहर निकाल देने सहित कई तरह की घटनाएं आज भी बदस्तूर जारी है। अंधविश्वास को दूर करने के लिए पुलिस व सरकार वर्षो से प्रयासरत है, लेकिन उनके प्रयासों का अब तक सार्थक हल नहीं निकल पाया है।

# कादिरगंज में नाले के पानी के विवाद को लेकर बवाल

## सैकड़ों लोगों ने थाना के समक्ष किया हंगामा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के कादिरगंज थाना क्षेत्र के नेतौल पंचायत के खादिरपुर गांव में इन दोनों नाले का पानी का विवाद इतना गहरा गया है कि प्रतिदिन हो हंगामा हो रहा है। ऐसे में सोमवार को सैकड़ों की संख्या में कादिरगंज थाना पर आ धमके और घंटों बवाल मचाया। वही सूचना घटनास्थल पर अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी, पंचायती राज पदाधिकारी आशीष कुमार और थानाध्यक्ष पुनम कुमारी पूरे टीम के साथ पहुंचे और विरोध कर रहे ग्रामीणों से वार्ता की। दरअसल पूरा मामला बताया जाता है कि सवाहउद्दीन कादरी नेतौल के खलीलाबाद निवासी हैं। उन्होंने जिला लोक शिकायत निवारण में प्रथम अपील 19.7.2023 की थी कि जनकपुर में नाला निर्माण पाईन एवं पीएचईडी सड़क को पार करते हुए मजार के बाउंड्री वॉल से सटे कब्रिस्तान होकर नाला पार किया जा रहा है। जिसके कारण कब्रिस्तान, कर्बला, मखदूमा की जमीन पर नाला निर्माण होने से नाले का पानी कब्रिस्तान में जा रहा है। ऐसे में इसी बात को लेकर लगातार नाला निर्माण का विरोध भी हो रहा था। अपर समाहर्ता ने 26.08.2023 की सुनवाई के बाद 21.9.2023 को प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जल्द ही उस कब्रिस्तान पर गिरने वाले पानी को किसी सरकारी नाली से होकर गुजारा जाए और मनरेगा के तहत मिट्टी की भराई की जाए। इसके अलावा लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी थी। सरकारी आदेश के बाद कब्रिस्तान के सटे नाला निर्माण हो रहा था लेकिन सोमवार के दिन एक अलग ही मामला में यह रुख मोड़ गया जहां पर खादिरपुर और जनकपुर के ग्रामीणों ने जमकर बवाल मचाया सरकारी नाले का निर्माण का उन लोगों ने भी विरोध जताया। बताया इधर हमारे रैयती जमीन है उसे पर नाला निर्माण नहीं होने देंगे। अंचलधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि पूरी जमीन की एक बार फिर से नापी की जाएगी की कितने में कब्रिस्तान है और कितना गरमजरूआ और बगल मे रैयती है। उसके बाद नाली निर्माण कराया जाएगा। बहरहाल एमएलसी गुलाम गौस ने भी कब्रिस्तान में गिर रहे नाले का पानी का संज्ञान लेते हुए डीएम से बात कर सरकारी नाला निर्माण कराके उसमें गिराने की मांग की थी।

## प्रखंडस्तरीय मशाल खेलकूद कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में मशाल खेल-कूद का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में प्रखंड पुनपुन के शहीद रामानंद राम गोविंद सिंह उच्च विद्यालय पुनपुन खेल मैदान में कार्यक्रम का शुभारंभ फुलवारी विधायक गोपाल रविदास, नगर पंचायत पुनपुन अध्यक्ष रितेश कुमार, उपाध्यक्ष राजकुमार एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पुनपुन के द्वारा किया गया।सात से आठ जुलाई तक होनेवाली इस खेल प्रतियोगिता में पुनपुन अंतगर्त कुल चौदह संकुल के चयनित छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। इस सबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार मंडल द्वारा बताया गया कि प्रखंडस्तर पर फुटबॉल, बॉलीबाल, एथलेटिक्स, कबड्डी और साइकिलिंग प्रतिस्पर्धा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करन ेवाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों जिलास्तरीय मशाल खेलकूद आयोजन में भाग लेंगे। मौके पर मनीष कुमार, अनिल कुमार, पंकज प्रकाश, अबधेश भारती, गजेन्द्र कुमार, विनोद कुमार, ब्रजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सैना कुमार, सुमन कुशवाहा, निलिमाजी सहित अन्य शिक्षक एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन ने सड़क पार रहे वृद्ध को कुचला, मौत

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सोमवार को अहले सुबह नासरीगंज बिस्कूट फैक्टरी मोड के पास सडक पार कर रहे थे. इसी दौरान बेलगाम तेज गति से आ रही अज्ञात वाहन ने एक वृद्ध को कुचल दिया। जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जख्मी को परिजनों ने सगुना मोड स्थित निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गये जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया.मृतक का पहचान नासरीगंज निवासी राम निवास राय (68) के रूप में किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज रफ्तार से बालू लदे ट्रैक्टर ने सडक पार कर रहे एक वृद्ध को धक्का मार दिया था। गाडी चालक गाडी लेकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि सडक पार कर रहे एक वृद्ध को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया जिनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### रेल मंत्री अश्विनी...

लागत से बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया (104 किमी) दोहरीकरण परियोजना, 3000 करोड़ की लागत से रामपुरहाट-भागलपुर (177 किमी) दोहरीकरण परियोजना प्रमुख हैं. इसके अलावा बिहार को डिजिटल इंडिया के तहत भी बड़ी सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही राज्य में दो सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया का उद्घाटन किया जाएगा। इनमें पाटलिपुत्र में 53 करोड़ रुपये की लागत से और दरभंगा में 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एसटीपीआई केंद्र शामिल हैं। रेल मंत्री ने कहा कि ये सभी योजनाएं बिहार को आत्मनिर्भर और आधुनिक बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और राज्य की कनेक्टिविटी एवं आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी।

### रेल मंत्री ने कई ...

तरह खुद ट्रेन कोच में चढ़कर निरीक्षण किया। समस्तीपुर के कर्पूरीग्राम स्टेशन पर मंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और स्टेशन पुनर्विकास तथा रोड अंडर ब्रिज निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने यात्री सुविधाओं और स्टेशन के आसपास के क्षेत्रों का फील्ड निरीक्षण कर जमीनी हकीकत की जानकारी भी ली। इसके साथ ही रेल मंत्री ने मुजफ्फरपुर में अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। रेल मंत्री ने मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि रेल मंत्री का यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 18 जुलाई को प्रस्तावित मोतिहारी दौरे की तैयारियों के मद्देनजर है। पीएम मोदी मोतिहारी में रेलवे की कई परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करने वाले हैं। इसके लिए कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रेल मंत्री के दौरे को लेकर सभी संबंधित जंक्शनों पर पहले से ही सुरक्षा और चौकसी के विशेष इंतजाम किए गए थे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को बिहार पहुंच रहे हैं। पीएम मोदी के बिहार दौरे से पहले रेलमंत्री का दौरा अहम माना जा रहा है।

### अब और बेहतर...

किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत, बिहार स्वास्थ्य सेवायें एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक निलेश देवरे सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले 12 लाख सरकारी नौकरी और 34 लाख रोजगार के अवसर देने का वादा किया था। इसी कड़ी में राज्य सरकार लगातार नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसके पहले 29 जून को पटना के बापू सभागार में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने 21,391 नव नियुक्त पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र दिए थे। वहीं, 21 जून को भी मुख्यमंत्री ने 101 सहायक आर्किटेक्ट को नियुक्ति पत्र सौंपे थे। इससे पहले 9 मार्च को गांधी मैदान में आयोजित विशाल कार्यक्रम में 51,389 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटे गए थे। बिहार सरकार ने अब तक 10 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी देने का दावा किया है। शेष बचे करीब 2 लाख पदों पर भी बहाली की प्रक्रिया जारी है। विभिन्न विभागों में पद सृजन को कैबिनेट की स्वीकृति मिलने के बाद भर्ती प्रक्रियाएं चल रही हैं। सरकार का दावा है कि अब तक 34 लाख से अधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं और स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया गया है। आने वाले दिनों में खाली पदों पर और भी बहालियां की जाएंगी, जिससे बिहार के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर मिलेंगे।

### बिप्रसे के नौ अधिकारियों...

अर्जन पदाधिकारी, सारण, वैशाली की वरीय उप समाहर्ता दीपिका कश्यप को भूमि सुधार उप समाहर्ता हाजीपुर सदर, निदेशक लेखा प्रशासन, सारण, शिव कुमार पंडित को अपर समाहर्ता विभागीय जांच सारण, वरीय उप समाहर्ता, बक्सर सौरव आलोक को जिला पंचायती राज अधिकारी पश्चिमी चंपारण बनाया गया है। वरीय उप समाहर्ता, नालंदा प्रणव कुमार को भूमि सुधार उप समाहर्ता, दाउदनगर तथा संयुक्त सचिव गन्ना उद्योग विभाग श्रीप्रकाश को पर्यटन विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी बनाया गया है। श्रावणी मेला को ले बिहार प्रशासनिक सेवा के 30 अफसर प्रतिनियुक्त श्रावणी मेला के दौरान कांवरियों व श्रद्धालुओं को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने को केंद्र में रख बिहार प्रशासनिक सेवा के 30 अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी पदाधिकारियों को भागलपुर व बांका समाहरणालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को इस आशय की अधिसूचना जारी की।

## मतदाता सत्यापन कार्य में शिथिलता बरतने वाले बीएलओ से स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे अति महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्य में अभिरूचि नहीं लेने, विशेष अभियान दिवस पर कर्तव्य से अनुपस्थित रहने, लक्ष्य से कम संख्या में प्रपत्र अपलोड कराने के आरोप में सहायक निर्वाचन पदाधिकारी-सह-कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद द्वारा मसौढ़ी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दिघवां बूथ संख्या 105 के बीएलओ रामरतन दास पर लापरवाही बरतने पर स्पष्टीकरण जारी किया गया है। दरअसल जारी स्पष्टीकरण मे लिखा गया है कि विशेष गहन पुरनीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत आपको बुथ स्तरीय पदाधिकारी के रूप में गणना प्रपत्र एवं उससे संबंधित दस्तावेज मतदाताओं से प्राप्त कर बीएलओ एप में अपलोड करना था, परन्तु समीक्षा एवं क्षेत्रीय भ्रमण के क्रम में पाया गया कि आपके द्वारा उक्त कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है। आपका यह आचरण कार्य में शिथिलता, लापरवाही एवं अनुशासनहीनता का परिचायक है। अतः पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अन्तर्गत अपना स्पष्टीकरण समर्पित करें कि क्यों नहीं अपने उत्तरदायित्व के निर्वहन नहीं करने की स्थिति में आपके विरूद्ध विशेष गहन पुरनीक्षण कार्य में शिथिलता एवं लापरवाही बरतने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के सुसंगत धारा में कार्रवाई की अनुशंसा कर दी जाय।

## मसौढ़ी कोर्ट हॉल्ट बना मवेशियों का चारागाह, रेलवे प्लेटफार्म पर बांधे जाते हैं मवेशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना गया रेल खंड का मसौढ़ी कोर्ट हॉल्ट, जहां इन दिनों मवेशियों का चारागाह स्थल बन गया है। इस हॉल्ट पर यात्री बैठे या ना बैठे लेकिन मवेशियों के लिए खास इंतजाम कर दिया गया है। मवेशियों का अड्डा बनते जा रहा है। ऐसे में प्लेटफार्म पर उतरने वाली यात्रियों की भीड़ को कई बार कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा सुबह में प्लेटफार्म पर मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों को भी इसकी फजीहत झेलनी पड़ती है। आसपास के कई लोगों ने बताया कि यहां पर इधर-उधर के लोग अपने पालतू जानवर गाय भैंस को प्लेटफार्म पर



बांधकर छोड़ देते हैं, इसके अलावा प्लेटफार्म पर ही उसे चारा खिलाया जाता है। नाद के रूप में प्लास्टिक के बर्तन बना दिए गए हैं, वहीं पर उसे भूसा चारा खिलाया जाता है। इसके अलावा कई जगह पर प्लेटफार्म पर गोबर से उपले भी सुखाये जाते हैं। जिससे आने-जाने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा प्लेटफार्म पर मवेशियों के मल मूत्र से गंदगियों का भी अंबार लगा हुआ रहता है। मवेशियों के बंधे रहने के कारण कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही है। एक तरफ रेलवे सरकार द्वारा रेलवे को चमकाने के लिए और यात्रियों की सुविधा देने के लिए कई तरह के विकास कार्य कर रहे हैं लेकिन बिहार का एक ऐसा रेलवे हॉल्ट का प्लेटफार्म जहां पर गाय और भैंस बांधे जा रहे हैं। यह एक तस्वीर रेलवे प्रशासन के लिए आईना है तो यह दिखा रही है कि रेलवे पुलिस स्टेशन प्लेटफार्म और यात्री की सुरक्षा के लिए कितनी सजग है। इस मामले में कई बुद्धिजीवियों ने बताया कि रेलवे हॉल्ट बदइंतजामी का शिकार है। यात्रियों के लिए सुविधा के नाम पर यहां जो कुछ है वह न होने के बराबर है। रेलवे प्लेटफार्मों पर मवेशियों को बांधने से यात्रियों को खतरा हो सकता है, खासकर भीड़भाड़ वाले समय में।मवेशियों द्वारा छोड़े गए मल-मूत्र से प्लेटफार्म पर गंदगी और बदबू हो रही है, जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। रेलवे नियमों के अनुसार, मवेशियों को रेलवे प्लेटफार्मों पर बांधना प्रतिबंधित है। यह एक गैरकानूनी और अवांछित गतिविधि है, और इसे रोका जाना चाहिए।

## 9 जुलाई को चक्का जाम की तैयारी को लेकर सीपीएम ने की सभा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का विरोध को लेकर तमाम विपक्षी पार्टियों आगामी 9 जुलाई को सड़क पर उतरेगी और चक्का जाम करेगी, जिसकी तैयारी को लेकर सभी विपक्षी पार्टियों जुटी हुई हैं। ऐसे में सोमवार को सीपीएम पार्टी भी सड़क पर उतरकर इसका पुरजोर विरोध करेगी। जिसको लेकर गांव गांव में सभा करते हुए लोगों से भारी संख्या में जुटान करने का आह्वान भी कर रहे हैं जहां बरनी दक्षिणी शाखा के मुरादचक मुशहरी में एक सभा किया गया। अध्यक्षता कं‍ा चन्द्रदेव प्रसाद एवं संचालन कं‍ा राम नारायण प्रसाद ने किया। सभा के सम्बोधित पटना जिला किसान सभा के सचिव सोना लाल प्रसाद खेत-मजदूर के जिला सचिव सुरेन्द्र कुमार सीपीआईएम मसौढ़ी लोकल कमिटी के सचिव प्रो सी पी मंडल पेंशनर यूनियन के नेता कं‍ा राम प्रकाश चौधरी खेत मजदूर के नेतृत्वकारी कर्मठ साथी राम दयाल प्रसाद एवं अन्य साथीयों ने 9 जुलाई 2025 को भारत में किसान मजदूर को हड़ताल जन कारवाई को सफल बनाने कि अपील की।

## एक बीएलओ पर प्राथमिकी, 50 से मांगा गया स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य**

**दानापुर।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान लापरवाही को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने एक बीएलओ के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। पुनरीक्षण कार्य में रूचि नही लेने वाले 50 बीएलओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है। एसडीओ दिव्या शक्ति ने बताया कि बूथ संख्या 102 के बीएलओ अभय कुमार चक्रवर्ती मध्य विद्यालय सगुना में शिक्षक है। एसडीओ ने बताया कि एक बीएलओ अभय कुमार चक्रवर्ती के विरुद्ध जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश है. इनके निलंबन की अनुशंसा भी की गई है। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में प्रगति समय पर नही देने वाले 50 बीएलओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है। एसडीओ ने बताया कि नगर परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बीएलओ अभय कुमार चक्रवर्ती पर मामला दर्ज कराया गया है। ईओ पंकज कुमार ने बताया कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ अभय कुमार चक्रवती नही आ रहे थी. कई बार फोन पर सूचना भी दिया गया था। उन्होंने बताया कि बूथ संख्या 102 के बीएलओ रूबीना कुमारी सिपाही मध्य विद्यालय की शिक्षिका पर प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की गई है। एसडीओ ने बताया कि निर्वाचन कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एक अति महत्वपूर्ण व समयबद्ध कार्य है, जिसमें सभी सरकारी कर्मियों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है।

## सर्पदंश से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** सम्पत चक नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-20 के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहगी के पास रहने वाले रंजीत महतो की मौत सर्पदंश से हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर गौरीचक थाना पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। दुख की इस घड़ी में नगर परिषद अध्यक्ष अमित कुमार एवं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ऋषभ राय उर्फ बंटू पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों को ढाढ़स बंधाया।

## निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सदर दरभंगा एवं प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सदर दरभंगा को मतदाता सूची गहन पुनरिक्षण अभियान में संतोषजनक कार्य नहीं करने के कारण वेतन पर रोक लगा दिया है। जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण पुछते हुए कहा है कि आपका कृत्य विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्यक्रम के प्रति आपकी लापरवाही एवं कार्य के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करता है।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही के लिए तत्काल प्रभाव से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सदर दरभंगा एवं प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सदर दरभंगा का वेतन स्थगित करते हुए निदेश है कि उक्त के संबंध में अपना स्पष्टीकरण तीन दिनों के अंदर प्रस्तुत करें कि विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता के लिए क्यों ने आपके विरूद्ध भारत निर्वाचन आयोग को प्रतिवेदित कर दिया जाय।

### प्रखंडस्तरीय अंडर-14 मशाल प्रतियोगिता आयोजित

**बिक्रम।** पार्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय के क्रीड़ा मैदान में सोमवार को प्रखंड स्तरीय अंडर-14 मशाल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बीडीओ पंकज कुमार, बीईओ रविकांत शर्मा, नोडल पदाधिकारी नीरज कुमार कमल, मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर एथलेटिक्स, कबड्डी और फुटबॉल की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।बालक वर्ग (एथलेटिक्स) में ऋषु राज, विशाल कुमार, कुणाल कुमार एवं आरजू कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग (एथलेटिक्स) संगम कुमारी, मुनिया कुमारी, खुशबू कुमारी और रंभा कुमारी ने बाजी मारी। कबड्डी (बालक वर्ग) उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पतुत की टीम विजेता रही।

कबड्डी (बालिका वर्ग) उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आख्तियारपुर मंझौली की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल में जगदेव मेमोरियल उच्च माध्यमिक विद्यालय, अराप की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता के समापन पर प्रखंड प्रमुख रामेश्वर पासवान ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### महिला के साथ दुर्व्यवहार

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते रविवार की दोपहर दिनदहाड़े एक घर में घुसकर महिला के साथ बलात्कार करने की कोशिश का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़िता के दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा गया है कि बिते 6/7/25 को तकरीबन डेढ बजे दोपहर में जब घर मे मै अकेली थी, तब गांव के ही राहुल कुमार 19 वर्ष पिता गांधी यादव जबर्दस्ती घर में घुस कर मेरा हाथ पकड़ कर खीचकर कमरे मे ले जाने लगा और ब्लात्कार करने की कोशिश की और मेरे साथ मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। बाद में हो हल्ला किया तो संतोष कुमार पिता रामबाबु यादव एवं दुनटुन भादव पिता गांधी यादव दोनो मिलकर मेरे परिवार वाले को जान मारने की धमकी देते हुए अपने कमर ले पिस्तौल निकाला और बोल तुम्हारे परिवार के जान से मार देंगे। हो हल्ला सुनकर गाँव गले आए ही सभी लोग भाग गये, बहरहाल पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई में जुट गई है और आरोपियों की धर पकड़ में लगी हुई है।

### शिक्षक पर कार्रवाई

**अररिया।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अररिया द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों की समीक्षा के क्रम शशिकांत पौहार, शिक्षक, द्वारा गणना प्रपत्र संग्रहण एवं गणना प्रपत्र के ऑनलाइन अपलोडिंग का कार्य शून्य पाया गया है। जिसके आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, अररिया द्वारा आदेश जारी कर शशिकांत पौदार, को उक्त आरोपो के कारण बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2025 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही के अधीन किया गया है। विदित हो कि इससे पूर्व भी मो0 आशिफ रेजा, शिक्षक पर कार्रवाई की जा चुकी है।

## जीविका दीदी सिलाई केन्द्र का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**लखीसराय।** महिला स्वावलंबन एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जीविका द्वारा ग्रामीण महिलाओं को जीविकोपार्जन हेतु अब उनकी योग्यता और रुचि के अनुरूप सिलाई केंद्रों से भी जोड़ा जा रहा है। ये महिलाएं जीविका से संबद्ध स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। इसके लिए जीविका से संबद्ध संकुल स्तरीय संघों के तत्वाधान में सिलाई केंद्र खोले जा रहे हैं। सोमवार को 3 सिलाई केंद्र का लखीसराय जिला अंतर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के बरियारपुर और महेशपुर मे शुभारंभ हुआ। यह सिलाई केंद्र ज्ञान गंगा एवं सरल जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ के द्वारा संचालित किए जाएंगे। इस प्रकार के दीदी का सिलाई केंद्रों को जिले के सभी प्रखंडों में खोला जायेगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाना और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है। इन सिलाई केंद्रों से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के लिए ड्रेस की सिलाई होगी और मांग के अनुरूप आपूर्ति की जाएगी। बाद में अन्य विद्यालयों में भी ड्रेस की आपूर्ति की जाएगी। इन तीन आंगनवाड़ी केंद्रों से सौ से अधिक जीविका दीदियों को रोजगार मिला है।

आंगनवाड़ी केंद्रों पर ड्रेस की आपूर्ति के लिए 1 जुलाई 2025 को ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार एवं समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ है। निशिकांत पटेल, प्रबंधक गैर कृषि ने बताया कि इन सिलाई इकाइयों के माध्यम से स्थानीय महिलाएं स्कूल ड्रेस और अन्य प्रकार के परिधानों की सिलाई करेंगी। इसके लिए इन्हें प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया का रहा है। बढ़ते क्रम में इन सिलाई केंद्रों को बाजार से जोड़ा जाएगा, जिससे जीविका दीदियों द्वारा निर्मित परिधानों को उचित कीमत मिल सकें और वो आत्मनिर्भर भी बनेंगी। साथ ही निर्मित उत्पादों को अच्छी कीमत मिल सके। सिलाई केंद्रों से होनेवाली आमदनी से जीविका दीदियों को जीविकोपार्जन का नया आयाम मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित छात्रों ने किया हंगामा

**बेतिया/नवविहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में परीक्षा फार्म भरने से वंचित छात्रों ने हंगामा खड़ा कर दिया। फार्म भरने से वंचित छात्रों ने का आरोप था कि हमें बताया गया था परीक्षा



फॉर्म भरने के लिए 80 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य है। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि परीक्षा फॉर्म भरने के लिए सरकार से निर्धारित 960 रुपए की जगह पांच हजार रुपए मांगा जा रहा है। जबकि संस्थान प्रबंधन का कहना है कि परीक्षा फार्म भरने की तिथि 5 जुलाई तक हीं निर्धारित की गयी थी। जिसमें जुलाई तक 80 प्रतिशत बायोमीट्रिक अटेंडेंस उपस्थिति वाले छात्रों को हीं मौका मिलेगा।

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला युवक का शव

**बेतिया/नवविहार टाइम्स ब्यूरो।** नरकटियागंज रक्सौल रेलखंड में मरजदवा सिकटा के बीच एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। मृतक की पहचान मझौलिया थाना क्षेत्र के रतनमाला बनकट निवासी तारकेश्वर राउत केपुत्र दीपक गुंजन पटेल 25 वर्ष के रुप में की गयी है। मृतकबेतिया सिकटा पथ में परिचालित शिवदानी बस का ड्राईवर बताया जा रहा है। मृतक के बड़े भाई अरविंद कुमार ने बताया कि गुंजन की ससुराल मनुआपुल थाना के सियारोसती में है। वह ड्यूटी के दौरान अपने घर से ज्यादा ससुराल हीं चला जाता है। विगत पांच दिन पूर्व वह रतनमाला बनकट घर पर आया था। लेकिन उसके बाद नही आया। आज सूचना मिली कि उसका शव रेलवे ट्रेक के समीप पाया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का मानना है कि किसी ट्रेन से गिरने के कारण उसकी मौत हुयी है। हालाकि अभी परिजनों की ओर सेकोई आवेदन प्राप्त नही हुआ है। आवेदन प्राप्त होते हीं अग्रेतर कार्रवाई आरंभ की जायेगी।

कनीय अभियंता ने अवैध अतिक्रमण पर लगाया रोक

### बेल घाटी नहर की उप वितरणी का अतिक्रमण होने से खेतों की सिंचाई बाधित

**मझौलिया/नवविहार टाइम्स ब्यूरो।** बेलघाटी नहर के उप वितरणी नहर पर अवैध अतिक्रमण करने पर किसानों ने सहायक कार्यपालक अभियंता एवं स्थानीय थाना को लिखित आवेदन देकर अवैध अतिक्रमण करने पर रोक लगाने की मांग की है।किसानों में जनक शर्मा बिन्दा शर्मा अनिल कुमार शर्मा सुरेश शर्मा मनोज राउत हरिशंकर शर्मा मनीष कुमार शर्मा आदि ने बताया कि मझौलिया बेलघाटी नहर के उप वितरणी नहर हरिपकड़ी सड़क स्थित अवस्थित है।जिसे कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर अवरुद्ध किया जा रहा है।जिसके कारण हमलोगों का लगभग दस एकड़ जमीन की सिंचाई करने हेतु जाने का रास्ता अवरुद्ध हो जायेगा।जिससे हमलोगों के खेतों की सिंचाई नही हो पायेगी। जिसके कारण फसल प्रभावित होगी।मामले को गंभीरता से लेते हुए गंडक विभाग के कनीय अभियंता चन्दन कुमार एवं अवर निरीक्षक मुकेश कुमार मौके पर पहुंचकर सख्ती बरतते हुए रोक लगा दिया है।उन्होंने अतिक्रमण कारियो को सख्त चेतावनी दी है कि नहर की जमीन के सीमा के अंदर कोई भी कार्य करेगा उसपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मशाल दौड़ में छात्रा हुई बेहोश, सीएचसी में हुआ इलाज

**मझौलिया/नवविहार टाइम्स ब्यूरो।** बीआरसी खेल मैदान में सोमवार को मसाल दौड़ में एक छात्रा बेहोश हो गई।जिसे आनन फानन में मझौलिया सीएचसी भर्ती कराया गया।जहां इलाज के बाद छात्रा होश में आई जो अभी स्वस्थ्य है।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हफ्फिजुल रहमान ने बताया कि मसाल दौड़ में गर्मी व तेज धूप के कारण छात्रा की तबीयत बिगड़ गई।जिसकी सीएचसी में इलाज कराया गया है।छात्रा स्वस्थ है।अब कोई परेशानी नही है।उसे परिजनों के साथ घर भेज दिया गया है।बताया जाता है कि उच्च माध्यमिक विद्यालय बैठनिया संकुल से नवी की छात्रा गरिमा कुमारी मसाल खेल दौड़ में भाग लिया।दौड़ने के क्रम में एकाएक बेहोश होकर गिर पड़ी।जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद स्वस्थ होने के बाद चिकित्सकों ने घर भेज दिया।

### मनोर नदी पर बनेगा पुल, निर्माण से कई गांवों को होगा फायदा

**बगहा/नवविहार टाइम्स ब्यूरो।** बाल्मीकि नगर के गोनौली व गोंडार के बीच मनोर नदी पर करीब करोड़ों की लागत से पूल का निर्माण होगा। पुल के निर्माण हो जाने से चंपापुर गनौली पंचायत के गनौली , गोडार सहित करीब आधा दर्जन गांवों के लोगों का सीधा संपर्क प्रखंड मुख्यालय से हो जाएगा एवं लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। बाल्मीकि नगर के विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने बताया कि पूल निर्माण को लेकर टेंडर की प्रक्रिया जारी हो चुकी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही पूल निर्माण को लेकर कवायद शुरू की जाएगी। गौरतलब हो कि लोकसभा चुनाव के दौरान गोडार व चंपानगर के लोगों ने मनोर नदी पर पुल निर्माण को लेकर आंदोलन किया था। साथ ही साथ लोगों ने वोट बहिष्कार का भी चेतावनी दी थी। इसके बाद बाल्मीकि नगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने स्थानीय लोगों को मनोर नदी पर पूल निर्माण का आश्वासन दिया था। अब पूल निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाने से स्थानीय लोगों में हर्ष है।

### बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाना मेरी प्राथमिकता : डॉ. आकांक्षा

**पीटीईसी बंगरा की नई प्राचार्या डॉ आकांक्षा कुमारी ने ग्रहण किया पदभार**

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय (पीटीईसी), बंगरा में सोमवार को डॉ. आकांक्षा कुमारी ने नये प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान प्राचार्य डॉ. पप्पू कुमार ने उन्हें विधिवत प्रभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. आकांक्षा कुमारी ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता संस्थान के कुशल संचालन के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना होगा। उन्होंने छात्र-शिक्षकों के लिए गुणवत्ता आधारित प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं ने डॉ. आकांक्षा कुमारी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।



# सिवान हत्याकांड पर फूटा सांसद रूडी का गुस्सा

**तीन युवकों की हत्या से आहत सांसद राजीव प्रताप रूडी ने जताया गहरा शोक ● सारण डीआईजी और सिवान एसपी से की बात, पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग**

**नव विहार टाइम्स ब्यूरो।**

**सीवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मलमलिया पुल के पास तीन युवकों की बेरहमी से हत्या ने पूरे इलाके को दहला दिया है। घटना को लेकर सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने घटना की तीव्र निंदा करते हुए दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे, चाहे कोई भी हो : रूडी**

सांसद ने स्पष्ट कहा -कानून का राज सबसे ऊपर, किसी भी कीमत पर नहीं सहे जाएंगे हत्यारे घटना के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि कौड़िया गांव के मुन्ना सिंह, रोहित सिंह और कन्हैया सिंह की गोलियों और धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर दी गई। साथ ही दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सांसद ने इसे एक जघन्य अपराध करार दिया और कहा कि अपराधी किसी भी हाल में बच नहीं सकते।



**डीआईजी-एसपी से ली घटना की जानकारी, प्रशासन को दिए निर्देश**

सामाजिक तनाव को रोकने और शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील : सांसद रूडी ने सारण डीआईजी निलेश कुमार और सिवान एसपी मनोज तिवारी से फोन पर बात कर पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का सामाजिक तनाव न फैले और सामाजिक सौहार्द बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन अलर्ट मोड में है और दोषियों की गिरफ्तारी की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

**हम पीड़ित परिवारों के साथ हैं : सांसद**

शोकाकुल परिवारों को दिलाया भरोसा, हर संभव मदद का आश्वासन राजनीतिक बयान से इतर सांसद ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा- यह बेहद पीड़ादायक समय है, हम सभी पीड़ितों के साथ खड़े हैं। सरकार हर तरह से मदद करेगी और न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।

### भाजपा जिला प्रवक्ता विजय ठाकुर पार्टी से निष्कासित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता विजय ठाकुर को छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक कुमार श्रीवास्तव ने पार्टी विरोधी कार्य के कारण यह कर्रवाई किया है। जिलाध्यक्ष ने सोमवार को उन्हें पत्र भेज कार्रवाई से अवगत करा दिया है। बताया जाता है कि जिला संगठन को सूचना दिए बिना जिला प्रवक्ता विजय ठाकुर ने चनपटिया विधानसभा क्षेत्र के लोहियरिया पेट्रोल पंप से सटे बारोहिया में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कराया था।

# मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में जीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी जरूरी : डीएम डॉ. आदित्य प्रकाश

**सिवान समाहरणालय सभागार में हुई अहम बैठक, बीपीएम और क्षेत्र समन्वयकों को दिए दिशा-निर्देश**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।**

**सिवान।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीपीएम जीविका, सभी बीपीएम और क्षेत्र समन्वयक उपस्थित रहे। डीएम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान में जीविका दीदियों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है, ताकि मतदाता सूची को समय रहते अद्यतन, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाया जा सके।



**हर गांव, हर घर तक दीदियों की पहुंच, लोकतंत्र को मजबूत करने में निभाएं भूमिका**

डॉ. प्रकाश ने कहा कि जीविका दीदियां प्रशासन की सबसे मजबूत सामाजिक इकाइयों में से एक हैं। उनकी पहुंच गांव-गांव और घर-घर तक है। उन्होंने पूर्व में भी कई सरकारी अभियानों में सराहनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में भी दीदियों की भूमिका निर्णायक हो सकती है।

**बीएलओ के साथ तालमेल से करें दस्तावेजी सहयोग**

डीएम ने बताया कि मतदाता सूची को अद्यतन करने हेतु बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र घर-घर जाकर वितरित किया जा रहा है। दीदियों से अपेक्षा है कि वे लोगों को सही जानकारी दें, उनके पहचान पत्र एवं पते से संबंधित दस्तावेज पहले से तैयार करवाएं और बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर कार्य को सरल बनाएं।

**मृत, स्थानांतरित और दोहराव वाले नाम हटाना है जरूरी**

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सूची में ऐसे नाम जो अब मृत हैं, अन्य राज्य में स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके हैं या दोहराव में आ गए हैं, उन्हें हटाया जाना आवश्यक है, ताकि मतदाता सूची शुद्ध, सटीक और विश्वसनीय बने।

**वोटर हेल्पलाइन ऐप के प्रचार-प्रसार पर दिया जोर**

डीएम ने सभी क्षेत्रीय समन्वयकों को निर्देशित किया कि वे जीविका दीदियों के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्पलाइन ऐप और अन्य ऑनलाइन संसाधनों का प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने सुझाव दिया कि दीदियाँ स्वयं इनका उपयोग करना सीखें और ग्रामीणों को भी इसके उपयोग के लिए प्रशिक्षित करें।

**लोकतंत्र से जुड़ने का सुनहरा अवसर : डीएम**

डॉ. आदित्य प्रकाश ने कहा कि जीविका दीदियाँ सामाजिक परिवर्तन की अहम कड़ी हैं। यह अभियान उनके लिए लोकतंत्र से जुड़ने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने अपील की कि दीदियाँ पूरी निष्ठा से कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।

पूर्व में निभाई थी अहम भूमिका, इस बार भी अपेक्षित सहयोग की उम्मीद

डीएम ने कहा कि पूर्व के चुनावों में भी जीविका दीदियों ने मतदाता जागरूकता अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। इस बार भी उनसे इसी तरह की सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा है।

बैठक में वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर अपर समाहर्ता सिवान, उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, डीपीएम जीविका सहित सभी बीपीएम और क्षेत्र समन्वयक उपस्थित रहे।

**जनसंपर्क विभाग से जानकारी**

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन मतदाता सूची को अद्यतन करने के इस अभियान में पूरी गंभीरता से जुटा है, और सभी संबंधित इकाइयों से अपेक्षित सहयोग की आशा की जा रही है।

# पंचायत उप चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टी ने किया योगदान

**बीडीओ ने बताया कि प्रखंड के भेड़िहरवा पंचायत में नौ जुलाई को उप चुनाव होना**

**नरकटियागंज/नवविहार टाइम्स ब्यूरो।** पंचायत उप चुनाव को लेकर सोमवार को प्रखंड के लिपिकीय कक्ष में पोलिंग पार्टियो ने क्रमवार एआरओ सह एसएलडब्लूओ नागेन्द्र राम के समक्ष अपना योगदान किया। योगदान के दौरान आरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह योगदान के लिए बनाए गए टेबल पर जाकर स्थिति का जायजा लेते रहे। बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि प्रखंड के भेड़िहरवा पंचायत में नौ जुलाई को उप चुनाव होना है। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान को लेकर कुल 15 बूथ बनाये गए है। एक बूथ पर पाँच कर्मी योगदान करेंगे वही तीन सेट रिजर्व रहेगा। योगदान के उपरांत सभी पोलिंग पार्टियों को मंगलवार को मतदान सामग्री के साथ बूथ के लिए रवाना कर दिया जाएगा। इसके साथ हीं पीसीसीपी को ईवीए के साथ बूथ पर रवाना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बूथ पर रवाना होने से पहले सभी पोलिंग पार्टियो को चुनाव कराने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिया जाएगा। बता दे कि पंचायत उप चुनाव के लिए भेड़िहरवा पंचायत में सरपंच पद के लिए नौ जुलाई को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। मौके पर अनवर जामिल, शमीम अहमद, शिक्षक सुनील कुमार चौबे आदि उपस्थित थे।



# युवक की संदिग्ध मौत, पत्नी ने लगाया जहर देकर मारने का आरोप

**बेतिया/नवविहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आईटीआई जयप्रकाश नगर वार्ड 20 में रविवार को एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। मृतक की पहचान जयप्रकाश नगर निवासी केदार यादव के पुत्र प्रमोद कुमार यादव (28) के रूप में की गई है। वह पेंटर का काम करता था। मृतक की पत्नी ने अपने सास, ससुर, ननद एवं ननदोई पर जहर देकर मार डालने का आरोप लगाया है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अवनिश कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी के आवेदन के आलोक में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।अभी तक किसी की गिरफ्तारी नही हो सकी है। शव को कब्जे में लेकर सोमवार को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना के बाद से उसके घर वाले फरार है। शव का पोस्टमार्टम कराने अस्पताल में आए प्रमोद के पड़ोसी ने बताया कि पारिवारिक कलह और प्रताड़ना से प्रमोद काफी परेशान था। इसे लेकर उसके घर पंचायत हुई थी। इसके बाद दोपहर में पास पडोस के लोगो को जानकारी हुयी कि प्रमोद की मौत हो गयी है। उसके पिता केदार यादव, उसकी मां, बहन एवं बहनोई घर से फरार है। प्रमोद के तीन बच्चे हैं।

# विद्यालयों में पेयजल की समुचित व्यवस्था करें : डीएम

**बेतिया/नवविहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि जिले के जिन सरकारी विद्यालयों में अभी भी पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है, वहां जल्द से जल्द चपाकल अथवा नल-जल योजना के तहत पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर इस दिशा में ठोस कार्रवाई करें ताकि छात्र-छात्राओं को पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़े। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगामी विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। जिला पदाधिकारी समाहरणालय सभागार में आयोजित सोमवारीय बैठक में कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को निर्देशित कर रहे थे। जिला पदाधिकारी ने बारी-बारी से सभी विभागों के कार्य प्रगति की समीक्षा किया। उन्होंने सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि सोमवारीय बैठक में संबंधित विभागों के स्लाईड अनिवार्य रूप से रहने चाहिए। आईटी मैनेजर को शनिवार की संध्या तक स्लाईड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि स्लाईड में कार्य प्रगति दिखनी चाहिए। साथ ही वर्तमान सप्ताह में क्या-क्या कार्य किया जाना है, इसे भी दशार्ना सुनिश्चित करें। डीपीओ आइसीडीएस तथा डीपीएम जीविका द्वारा बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में आंगनबाड़ी सेविका एवं जीविका दीदियां बेहतर तरीके से कार्य कर रही हैं। मतदाताओं को एन्युमेरेशन फॉर्म भरने हेतु जागरूक कर रही हैं। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा संतोष प्रकट किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। ईख विभाग की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन सुगर मिलों की शिकायत ज्यादा प्राप्त हो रही हैं उनके साथ एरिया सम्बन्धन में ध्यान रखेंगे। उनके साथ ज्यादा एरिया रिजर्व नहीं करेंगे। जिलास्तर पर इस कार्य का सत्यापन होगा। गन्ना कृषकों के सुझाव भी अत्यंत जरूरी हैं। जिला पदाधिकारी ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले में पशु चिकित्सालय के लिए भूमि की उपलब्धता हेतु सक्रिय होकर कार्य करें। मुख्यालय एवं राजस्व शाखा से समन्वय स्थापित कर इस कार्य को गति प्रदान करें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।



# इनरवा बार्डर से बोलेरो पर लदा गांजा जप्त, तस्कर फरार,जांच मे जुटी पुलिस

**मैनाटांड/नवविहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा पुलिस ने सोमवार को खम्हीयां इनरवा बॉर्डर के पास छापेमारी कर बोलेरो गाड़ी पर लदा गांजा जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान कारोबारी मौके का फायदा उठा नेपाल की तरफ भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खम्हीयां इनरवा बॉर्डर के रास्ते नेपाल की तरफ से बोलोरो गाड़ी पर गांजा का खेप लेकर कारोबारी भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने टीम गठित कर उक्त रास्ते की नाकाबंदी कर दी। नाकाबंदी के दौरान पुलिस को नेपाल की तरफ से एक बोलेरो गाड़ी आता दिखाई दिया।पुलिस बल को देखते ही बोलेरो गाड़ी पर से उतर तस्कर भागने में सफल रहा। उक्त बोलेरो गाड़ी की जब जांच की गई तो 32 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद है।थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार तस्करों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जप्त गांजा की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार मे करीब तेरह लाख रुपए आंकी गई है।



# एएनएम को दिया गया प्रशिक्षण

**मझौलिया/नवविहार टाइम्स ब्यूरो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अनुपम प्रसाद की अध्यक्षता में एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया। इसके तहत अस्पताल में नवपदस्थापित लगभग 120 से अधिक एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया। एएनएम को शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों को होने वाली एक दर्जन से अधिक जानलेवा बीमारियों से बचने के लिए सरकारी स्तर पर होने वाले टीकाकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। गर्भवती को समयानुसार दिए जाने वाले टीके के संबंध में भी बताया गया। एनएम को परिवार नियोजन कार्यक्रम संबंधी जानकारी दी गई।

परिवार नियोजन के लिए आइयूसीडी सबसे उपयुक्त माध्यम बताया गया । चिकित्सक व कर्मी महिलाओं को दो बच्चों के बीच दो या दो से अधिक वर्ष के अंतर के लिए आइयूसीडी का प्रयोग करने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में कर्मियों को इससे होने वाले लाभ व लगाने के दौराने बरती जाने वाली सावधानी के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया गया।साथ ही सपोर्टिंग लाइवलीहुड इनिशिएटिव प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी गई। जिसका उद्देश्य एएनएम को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सशक्त बनाना है। गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना के तहत सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में पेपरलेस वर्क करने की योजना के तहत ये प्रशिक्षण दिये जा रहे हैं। यह प्रशिक्षण बिहार हेल्थ एप्लीकेशन विजनरी योजना फॉर ऑल भाव्या द्वारा दिया जा रहा है। इस योजना के तहत मरीज को काउंटर पर पुर्जा नहीं बनवाना पड़ेगा। केवल टोकन नंबर पर मरीज की जांच होगी और दवा भी मिल सकेगी, जिसमें सभी कार्य ऑनलाइन होंगे और मरीज परेशानी से बच सकेंगे । मौके पर डॉ.लुकमान, हेल्थ मैनेजर शकील अहमद, प्रधान लिपिक शिवशांत कपुर, राजेश सिंह, राकेश कुमार , डाटा ऑपरेटर रविंद्र शर्मा सहित एएनएम उपस्थित थी ।

# कौड़िया वैश्य टोली पहुंचा कांग्रेस का शांति दल, पीड़ित परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस

**भगवानपुर हाट के मलमलिया हत्याकांड पर कांग्रेस ने पुलिस-प्रशासन को ठहराया जिम्मेदार, दोषी थानाध्यक्ष पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की माँग**

**नवविहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** मलमलिया बाजार में 4 जुलाई को हुए नृशंस हत्याकांड के बाद राजनीतिक दलों की सक्रियता तेज हो गई है। सोमवार को कांग्रेस पार्टी का शांति दल भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कौड़िया वैश्य टोली पहुँचा। प्रतिनिधिमंडल ने तीनों मृतकों - मुन्ना सिंह, रोहित सिंह और कन्हैया सिंह के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और न्याय का भरोसा दिलाया।





**मृतकों के घर जाकर शोक संतप्त परिजनों को दिया आश्वासन**

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में पहुँचे शांति दल ने सबसे पहले मृतक मुन्ना सिंह के घर पहुँचकर उनके पुत्र आदित्य सिंह और आदर्श सिंह सहित अन्य परिजनों से मुलाकात की। इसके बाद दल ने रोहित सिंह के पिता, पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह और मृतक कन्हैया सिंह के पिता राजनारायण सिंह से भी मुलाकात कर संवेदना प्रकट की।

**प्रशासन पर उठे सवाल, बर्खास्त थानाध्यक्ष पर प्राथमिकी की मांग**

इस दौरान जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि घटना के लिए स्थानीय पुलिस-प्रशासन की लापरवाही जिम्मेदार है। कई छोटी घटनाओं के बावजूद समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे इतनी बड़ी वारदात हो गई। उन्होंने कहा, तत्कालीन थानाध्यक्ष की बर्खास्तगी पर्याप्त नहीं है, उन पर आपराधिक मुकदमा भी दर्ज होना चाहिए। ताकि सिस्टम में बैठे लोग अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर हों।

**सरकारी नौकरी और मुआवजे की माँग, रोजगार मेले में पंजीकरण का दिया न्योता**

पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. विधु शेखर पाण्डेय ने कहा, दिनदहाड़े बाजार में हत्या होना यह दर्शाता है कि अपराधियों को कानून का कोई भय नहीं रहा। शासन-प्रशासन को तुरंत पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरी और समुचित मुआवजा देना चाहिए। उन्होंने परिजनों से 19 जुलाई को पटना के ज्ञान भवन में आयोजित कांग्रेस के रोजगार मेले में भाग लेने और पंजीकरण करने की अपील भी की।

**शांति दल में कई स्थानीय नेता भी रहे शामिल**

कांग्रेस के इस शांति दल में भगवानपुर प्रखंड अध्यक्ष कमल किशोर ठाकुर, दिनेश यादव, ध्रुवलाल कुशवाहा, अभिषेक मिश्रा, लालबाबू खरवार, संतोष पाण्डेय, सुरेश यादव, विन्देश्वरी साह, संजय कुमार, केशव कुमार, रामाशीष यादव और रंजीत कुमार समेत कई नेता शामिल रहे।

**न्याय की माँग के साथ कांग्रेस ने दिया भरोसा**

कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि अगर दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर सजा नहीं दी गई, तो पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी। शांति दल ने परिजनों को आश्वासन दिया कि कांग्रेस उनकी लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगी।

# सत्येन्द्र शरण बने सीमा जागरण मंच के नगर अध्यक्ष

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कविवर नेपाली पथ स्थित अम्मा चौरिटेबल ट्रस्ट के सभागार में सीमा जागरण मंच की बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक -सह- सीमा जागरण मंच के प्रांत संगठन मंत्री अरविन्द जी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए उन्होंने ने सीमा जागरण मंच की उपलब्धियों प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रविरोधी शक्तियों के द्वारा भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाई जा रही देशविरोधी गतिविधियाँ जैसे हथियारों व मादक पदार्थों एवं जाली नोट समेत मानव तस्करी, धर्मांतरण, जनसंख्या असंतुलन के उद्देश्य से घुसपैठ तथा बड़े पैमाने मस्जिदों, मदरसों एवं मजारों का निर्माण करा कर सीमावर्ती क्षेत्रों की जमीनों पर अवैध कब्जा आदि कृत्य राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घातक हैं। इन गतिविधियों पर नजर रखने तथा देश की सक्षम एजेंसियों को सूचित कर ऐसे षड्यंत्रों को विफल करने की जिम्मेदारी सीमा जागरण मंच पूरी तत्परता के साथ निभाता आ रहा है। मंच के संगठन विस्तार हेतु आयोजित इस बैठक में उपस्थित वरीय भाजपा नेता व अधिवक्ता सत्येन्द्र शरण को मंच का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अखिलेश श्रीवास्तव एवं लालबाबू शर्मा को नगर उपाध्यक्ष जबकि भाजपा नेता व अधिवक्ता राहुल चतुर्वेदी को नगर महामंत्री तथा विनय तिवारी अधिवक्ता को मंच का नगर संरक्षक बनाया गया। बैठक में मंच के जिला संरक्षक कौशल मोटानी, जिला मंत्री गोविन्द जी, ईश्वर शान्ति महाविद्यालय, झखरा (नौतन) के सचिव शैलेन्द्र शरण तथा महाविद्यालय के अध्यक्ष, छात्र कल्याण- धीरेन्द्र शरण समेत अनेकों प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# नवबिहार टाइम्स का 36वां स्थापना दिवस समारोह : कैमरे की नजर में


समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर उदघाटन करते अतिथिगण


बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार का स्वागत करते संपादक कमल किशोर


पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह का मेमोंटो देकर स्वागत किया गया


औरंगाबाद के विधायक आनंद शंकर का स्वागत करते संपादक


बिहार राज्य पिछड़ा आयोग के पूर्व सदस्य प्रमोद चंद्रवंशी का स्वागत करते संपादक


श्री सीमेंट के औरंगाबाद यूनिट हेड अतुल कुमार शर्मा का स्वागत करते संपादक कमल किशोर


समारोह को संबोधित करते सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते देव एंड फ्रेंड म्यूजिकल ग्रुप, पटना के कलाकार



समारोह में उपस्थित गणमान्य लोग

## अविस्मरणीय रहा नवबिहार टाइम्स का 36 वां स्थापना दिवस समारोह

### मूल्य आधारित पत्रकारिता पर गंभीर विमर्श के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नवविहार टाइम्स का 36 वां स्थापना दिवस समारोह कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण और औरंगाबाद के लिए अविस्मरणीय रहा। रविवार को आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्ध लोगों ने न केवल मूल्य आधारित पत्रकारिता पर गंभीर विमर्श किया बल्कि पटना के देव म्यूजिकल ग्रुप तथा औरंगाबाद के दानिका संस्कृत संस्थान की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने, जनता को उसके अधिकारों के प्रति जागृत करने, जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और अंततः उसका समाधान करने में मीडिया की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। नवबिहार टाइम्स की प्रशंसा करते हुए मंत्री ने कहा कि विगत 36 वर्षों से नवबिहार टाइम्स बिहार की आवाज बना हुआ है। उन्होंने नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर की सराहना करते हुए कहा कि कमल किशोर के नेतृत्व में नवबिहार टाइम्स ने पत्रकारिता के अपने मापदंड काफी ऊंचे रखे हैं और हमेशा इस अखबार ने सकारात्मक पत्रकारिता की है। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार की विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि आज बिहार में सहकारिता के माध्यम से उपलब्धियों के नए आयाम लिखा जा रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर अपने विभाग की उपलब्धियों को गिनाया। विधायक आनंद शंकर ने कहा कि आज जब पत्रकारिता की निष्पक्षता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं ऐसे में नवबिहार टाइम्स निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता का प्रकाश स्तंभ बना खड़ा है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जैसी जगह से निरंतर 36 वर्षों से एक अखबार का प्रकाशन बहुत महत्वपूर्ण बात है। उन्होंने उसके लिए नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर और उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता बेहद जरूरी है, ऐसे में नवबिहार टाइम्स जैसे समाचार पत्र ने अपनी निष्पक्षता से लोकतंत्र को मजबूती दी है। पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि उनका लगाव नवबिहार टाइम्स और इसके संपादक कमल किशोर से शुरुआती दौर से रहा है उन्होंने इस अखबार की संघर्ष यात्रा को देखा है लेकिन उसके बावजूद नवबिहार टाइम्स में हमेशा पत्रकारिता के आदर्श को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि अधिकतर अखबार औद्योगिक घराने द्वारा चलाए जा रहे हैं लेकिन नवबिहार टाइम्स एक ऐसा अखबार है जो विशुद्ध रूप से एक पत्रकार के द्वारा निरंतर 36 वर्षों से निकाला जा रहा है। उन्होंने इसके लिए नवबिहार टाइम्स के प्रधान संपादक कमल किशोर को बधाई दी। भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष पत्रकारिता सबसे बड़ा वरदान है। उन्होंने कहा कि वे नवबिहार टाइम्स परिवार से लंबे अरसे से जुड़े हैं और उन्होंने पाया है कि नवबिहार टाइम्स ने निष्पक्ष पत्रकारिता की नई मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जैसे छोटे से शहर से निकलने वाला यह अखबार आज पूरे बिहार और झारखंड की आवाज बन चुका है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ निर्मल कुशवाहा ने कहा कि नवबिहार टाइम्स ने पत्रकारिता के उच्चतर मापदंड स्थापित किए हैं। उन्होंने इसके 36 वर्ष के सफर के पूर्ण होने पर इसके प्रधान संपादक और संस्थापक कमल किशोर को बधाई दी। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया जिनमें श्री सीमेंट लिमिटेड के प्रमुख अतुल शर्मा, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, डॉक्टर निर्मल कुशवाहा, डॉ रवि रंजन, रोटरी पटना के सदस्य अजीत सिंह, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सतीश कुमार सिंह, अनिल सिंह, विद्या निकेतन समूह के एमडी सुरेश गुप्ता, महामाया कालेज के निदेशक अभिषेक कुमार, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अमित पटेल, पतिनाथ पंकज, मनोज कुमार, जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, अभियंता बी के श्रीवास्तव, सोनवर्षा वाणी के संपादक श्रीराम अम्बष्ट आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूर्व कार्यक्रम अधिशासी शंकर कैमूरी शामिल रहे।

## अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हसपुरा थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव के पास संदिग्ध हालत में ऑटो ड्राइवर की मौत हो गई। शव पर चाकू और धारदार हथियार के निशान मिले हैं। ससुराल से एक किलोमीटर पहले पानी भरे गड्ढे में शव मिला है। घटनास्थल के पास बाइक गिरी हुई थी। हत्या के बाद शव को गड्ढे में फेंके जाने की आशंका है। मृतक रामबाबू चंद्रवंशी(26) अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के उपाध्या बिगहा गांव का रहने वाला था। बड़े भाई धनंजय चन्द्रवंशी ने बताया कि रामबाबू रविवार रात करीब 10 बजे ससुराल जाने के लिए घर से निकला था। सुबह किशुनपुर गांव के बाहर शव मिलाा। 2023 में शादी हुई थी। एक बेटा है, जिसकी उम्र सिर्फ



तीन महीने है। ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी हत्या हुई है। किससे दुश्मनी थी, पता नहीं है। यह जांच का विषय है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, एसआई पवन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कागजी प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। बयान के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है। गोह थाना क्षेत्र के राजापुर झिकटिया गांव के पास नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। स्नान करने के दौरान पैर फिसलने से हादसा हुआ है। चार घंटे के बाद गोताखोरों ने शव को बाहर निकाला। मृतक सियाराम बिंद(35) नालंदा जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला था। तीन दिन पहले पत्नी रिजंती देवी के साथ उसके ननिहाल आया था। रविवार को दोपहर पूर्वी सोन उच्च स्तरीय नहर में स्नान करने गया था। इस दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। देर शाम नहर में शव मिला। थानाध्यक्ष मो. इरशाद ने बताया कि शिनाख्त होने के बाद शव का पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। बयान के आधार पर पुलिस छानबीन कर रही है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

नवबिहार टाइम्स के 36वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

उपेन्द्र निखिल हाई-टेक कंस्ट्रक्शन प्रा. लि.

23-ए बारून सैड माइनिंग प्रोजेक्ट
औरंगाबाद (बिहार)



पतिनाथ पंकज
(अधिवक्ता)
परियोजना प्रबंधक

## पोखर में डूबने से बच्चे की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के औरवा टोला चकलदह स्थित पोखर में डूबने से एक मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान गया जिले के अतरी थाना अंतर्गत हसनपुर गांव निवासी लालदेव कुमार के 10 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार के रूप में की गई है। वह अपने नाना कृष्णा दास के घर औरवा टोला चकलदह में रहकर पढ़ाई करता था। पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद ने बताया कि सचिन रविवार शाम से लापता था। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी दौरान पोखरा के किनारे उसका चप्पल और कपड़ा मिला। संदेह के आधार पर ग्रामीणों ने पोखरा में खोजबीन की, जहां सचिन को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया। तत्काल उसे गांव के एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही रफीगंज थाना से एसआई मिथिलेश कुमार मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने घटना की पुष्टि की है। वहीं, अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने कहा कि आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद मृतक के परिजनों को आपदा राहत कोष से 5 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पोखरा की घेराबंदी और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## जनता दरबार लगा डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जनता दरबार में कुल तीन परिवादी उपस्थित हुए जिनमें प्रमुख रूप से जीविका समूहों में भ्रष्टाचार, ममता कार्यकर्ताओं का मानदेय भुगतान लंबित रहने तथा आंगनबाड़ी सेविका की बहाली प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब जैसी समस्याओं को उठाया गया। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागको आवश्यक कार्रवाई करने एवं प्रत्येक परिवाद की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समयावधि में निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा जनता दरबार में प्राप्त परिवादों पर पारदर्शी एवं संवेदनशील कार्रवाई की जाएगी, जिससे आम नागरिकों को शीघ्र न्याय मिल सके।

## योग्य अभ्यर्थी मतदाता सूची में शामिल होने से नहीं रहें वंचित : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा कैम्प मोड में गणना प्रपत्रों का अपलोड कार्य सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है। इस दौरान सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क स्थापित कर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण कर रहे हैं तथा प्राप्त सूचनाओं के आधार पर मतदाता सूची को अद्यतन किया जा रहा है। आज औरंगाबाद जिले के सभी प्रखंड कार्यालयों में बीएलओ द्वारा कैम्प मोड के माध्यम से प्राप्त गणना प्रपत्रों का अपलोड कार्य तीव्र गति से किया गया ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके। इस विशेष अभियान के तहत नए मतदाताओं के नामों का समावेश, वर्तमान मतदाताओं की जानकारी का अद्यतन, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नामों का विलोपन तथा मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटियों के सुधार हेतु कार्य किया जा रहा है। इस संपूर्ण प्रक्रिया की प्रगति एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा विभिन्न प्रखंडों में संचालित कैम्प स्थलों का निरीक्षण किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

शुभकामनाओं के साथ :

औरंगाबाद जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि.
औरंगाबाद (बिहार)

संचालित योजनाएं

- RTGS/NEFT की सुविधा
- Debit Card सुविधा
- दैनिक जमा योजना
- लक्ष्मी डिपोजिट
- Senoir Citizen Scheme
- Co-Operative Dhan Laxmi Saving Account
- Co-Operative golden Saving Account
- कृषकों को 7 प्रतिशत ब्याज दर पर के०सी०सी० ऋण उपलब्ध कराना
- कृषकों द्वारा ससमय भुगतान करने पर 3 प्रतिशत ही ब्याज देय होगा।
- 1.4.2015 से 30.6.2015 तक एक मुश्त समझौता योजना।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन



DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES


डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।


डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com